धनबाद, शनिवार 27.04.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-66 पृष्ठ- 12
वैशाख कृष्ण पक्ष-4
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर



# दूसरे चरण की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न, 65 फीसदी मतदान

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम, राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर हुआ मतदान

### दिग्गजों का भविष्य ईवीएम में बंद, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली





**नई दिल्ली (ईएमएस):** देश के १३ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ८८ लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान संपन्न हुआ। इसके साथ-साथ बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के बचे हुए इलाकों में भी मतदान किया गया। दूसरे चरण में करीब ६५ फीसदी मतदान हुआ है। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब ७७.९७ प्रतिशत वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम ५३.१२ प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ। केरल में सभी २० सीटों, कर्नाटक में १४, राजस्थान में १३, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में ८-८, मध्य प्रदेश में ६, असम और बिहार में ५-५, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में ३-३, त्रिपुरा की १, और जम्मू-कश्मीर की दोनों लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने लोकतंत्र हाईजैक होने का आरोप लगाया।

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस ने महिलाओं को वोटिंग नहीं करने दिया। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, ५ केंद्रीय मंत्री, २ पूर्व सीएम और ३ फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हुई। २०१९ में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को ५० और एनडीए के सहयोगी दलों ने ८ सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में २१ सीटें गईं थीं। अन्य को ९ सीटें मिली थीं।

**उपद्रवियों ने ईवीएम और वीवीपैट को नष्ट कर दिया**

आउटर मणिपुर में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उखरुल जिले के मतदान केंद्र ४४/३६ और ४४/४१ पर उपद्रवियों ने ईवीएम मशीन और वीवीपैट को नष्ट कर दिया। आउटर मणिपुर (एसटी) संसदीय क्षेत्र के उखरुल के सहायक रिटर्निंग अधिकारी कजलाई गंगमेई ने रिटर्निंग ऑफिसर को सूचना दी कि बदमाशों ने दोपहर करीब ३.४० बजे मतदान केंद्रों ४४/३६ और ४४/४१ पर ईवीएम और वीवीपैट को नष्ट कर दिया है।

**दो पक्षों में मारपीट, ईवीएम भी किया नष्ट**

कर्नाटक में वोट देने या न देने को लेकर दो समूहों के बीच झड़प हो गई। शुक्रवार को चामराजनगर जिले के इंडिगानाथ गांव में एक मतदान केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें नष्ट कर दी गई। जिला प्रशासन के अनुसार, पर्याप्त बुनियादी ढांचे के विकास की कमी के कारण लोगों ने दिन में ही चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया था लेकिन अधिकारियों की समझाइश के ▶▶ 4

## सूरत में दोबारा चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

### निर्विरोध चुने गए थे भाजपा उम्मीदवार



**नई दिल्ली(ईएमएस):** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभानी का पर्चा खारिज होने और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा अपना पर्चा वापस लेने के बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था। अब सूरत में दोबारा चुनाव कराने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की गई है। इसके लिए मतदाताओं के नोटा विकल्प पर वोट देने के अधिकार को आधार बनाया गया है।

याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने, और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा पर्चा वापस लेने के बाद भी जनता के पास नोटा को वोट देने का विकल्प खुला हुआ था। चुनाव आयोग द्वारा मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करने से मतदाताओं के नोटा विकल्प को वोट देने का अधिकार छिन गया है। सर्वोच्च न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि नोटा विकल्प की विश्वसनीयता बरकरार रखने के लिए चुनाव आयोग को सूरत में दोबारा चुनाव कराने का आदेश दिया जाए।

## तीन भारतीय कंपनियों पर अमेरिका ने लगाया बैन

**नई दिल्ली(ईएमएस):** अमेरिका ने ईरान के साथ व्यापार करने पर भारत की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, इन कंपनियों पर आरोप है कि ये ईरानी सेना के साथ अवैध व्यापार और उनके लिए ड्रोन्स ट्रांसफर करने का काम करती थीं। अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने बताया कि यह बैन भारत के अलावा कई दूसरे देशों की कंपनियों, लोगों और जहाजों पर लगाया गया है। ये सभी गुप्त तरह से रूस तक ईरानी ड्रोन्स की डिलीवरी में अहम भूमिका निभाते हैं। इन ड्रोन्स का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ जंग में किया जाता है। जिन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनमें जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटिड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट कंपनी शामिल है।

## मोदी पर 6 साल चुनावी बैन लगाने की मांग

### भगवान-मंदिरों के नाम पर वोट मांगने का आरोप; दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई 29 अप्रैल को

**नई दिल्ली (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप है कि उन्होंने ९ अप्रैल को यूपी के पीलीभीत में अपने भाषण के दौरान हिंदू देवी-देवताओं, सिख देवताओं और उनके पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ६ साल के लिए चुनावी बैन लगाने की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है। कोर्ट इस याचिका सोमवार २९ अप्रैल को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता एडवोकेट आनंद एस. जोंधले हैं, जिनका आरोप है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

जोंधले ने १५ अप्रैल को अपनी याचिका में कहा था कि पीएम मोदी भगवान और मंदिरों के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा- पीएम ने ९ अप्रैल को पीलीभीत में अपने भाषण के दौरान हिंदू देवी-देवताओं, सिख देवताओं और उनके पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे। इसी स्पीच को एडवोकेट जोंधले ने याचिका का आधार बनाया है।

## हम पैसा भेजते हैं, टीएमसी के लोग उसे खा जाते हैं: पीएम

### बंगाल के मालदा में रैली में बोले- मेरा अगला जन्म यहीं होने वाला है



**मालदा (ईएमएस):** मुझे ऐसा लगता है कि या तो मैं पिछले जन्म में बंगाल में पैदा हुआ था या फिर अगला जन्म मेरा यहीं होने वाला है। यहां क्या-क्या नहीं हो रहा है। यहां शिक्षक घोटाला, राशन घोटाला सब कुछ चल रहा है। हम दिल्ली से बंगाल के लोगों के लिए जो पैसे भेजते हैं, उन पर टीएमसी के तोलाबाज रोक लगाते हैं। ये लोग पैसा खा जाते हैं। यह बात पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बंगाल के मालदा में रैली को संबोधित करते हुए कही।

पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग इतनी बड़ी संख्या में आए हैं कि मैदान छोटा पड़ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि धूप में आप लोगों को तकलीफ हो रही है। इसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। अपने फिक्रमंद होने की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं आप लोगों के प्यार को विकास करके लौटाऊंगा। यही नहीं बंगाल से अपने प्यार को बयां करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने बंगाल के गरीबों को ५ लाख रुपये का मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना लागू की जिसे इन लोगों ने रोक रखा है। इसके अलावा हमने बंगाल के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत ८००० करोड़ रुपये भेजे हैं। इसे भी बंगाल की टीएमसी सरकार ने रोक रखा है।

उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार को आपकी चिंता और परेशानी से मतलब नहीं है। हम कहते हैं कि मालदा के किसानों का आम और मखाना पूरी दुनिया में मशहूर है। उनकी आमदनी बढ़े और ज्यादा पैसा मिले। ▶▶ 4

## सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम-वीवीपैट से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया अहम फैसला

### ना बैलेट पेपर से होगा चुनाव, ना 100 प्रतिशत वीवीपैट का मिलान



**नई दिल्ली (ईएमएस):** ईवीएम के जरिये डाले गए वोट की वीवीपैट की पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से याचिकाकर्ताओं को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि देश में बैलेट पेपर से वोटिंग का दौर वापस नहीं आएगा। यानी मतदान तो ईवीएम से ही होगा। इसके साथ ही वीवीपैट से १०० फीसदी पर्ची मिलान भी नहीं होगा। हालांकि, ईवीएम ४५ दिनों तक सुरक्षित रहेगी और अगर नतीजों के बाद ७ दिनों के भीतर शिकायत की जाती है तो जांच कराई जाएगी। सुप्रीम ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने सहमति से फैसला दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, ▶▶ 4

## अब घर बैठे बुक कर सकेंगे जनरल और प्लेटफार्म टिकट

**चंदौली (ईएमएस):** जनरल टिकट लेकर यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के लिए एक खुशखबरी है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यूटीएस ऑन मोबाइल एप में यात्रा टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट दोनों के लिए बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। इससे अब रेल यात्री घर बैठे ही भारतीय रेल के किसी भी स्टेशन से किसी भी स्टेशन के लिए अपना अनारक्षित टिकट व प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। हालांकि जियो फेंसिंग की आंतरिक सीमा अपरिवर्तित रहेगी। यानी अगर आप रेलवे स्टेशन के आसपास हैं तो केवल स्टेशन परिसर के बाहर से ही टिकट बुकिंग की अनुमति मिलेगी।

**बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध हटा**

गौरतलब है कि वर्तमान समय में ऑन मोबाइल ऐप से टिकट बुक करने के लिए बाहरी सीमा जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध २० किलोमीटर का था यानी कोई भी यात्री वर्तमान में किसी स्टेशन से अधिकतम २० किमी की दूरी तक ही उस स्टेशन से यात्रा ▶▶ 4

## दिल्ली एयरपोर्ट पर फर्जी पायलट पकड़ाया

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने एक नकली पायलट को पकड़ा है, जो पायलट की यूनिफॉर्म पहनकर एयरपोर्ट पर घूम रहा था। सीआईएसएफ ने आरोपी को दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया है। ये घटना २५ अप्रैल की है। आरोपी सिंगापुर एयरलाइंस का पायलट बनकर घूम रहा था। साथ ही उसने गले पर एक आईडी कार्ड भी लटकाया था। ताकि उस पर किसी को शक न हो सके। लेकिन एअहुस्त्न को जब उस पर शक हुआ तो पूछताछ हुई। इसमें पता चला कि वो पायलट नहीं है।

## संदेशखाली में छापेमारी में गोला-बारूद बरामद



**नई दिल्ली (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर हमले के मामले में सीबीआई कई स्थानों पर छापेमारी की।

सीबीआई ने इन छापेमारियों में बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद किए हैं।

इससे पहले संदेशखाली मामले में सीबीआई ने पहली एफआईआर दर्ज की थी।

सीबीआई ने ईमेल के जरिए शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की थी। इस एफआईआर में पांच लोग नामजद हैं जबकि बाकी अज्ञात लोग हैं। महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन हड़पने के मामलों की जांच के लिए सीबीआई की १० सदस्यीय टीम ने पिछले हफ्ते संदेशखाली का दौरा किया था।

इस दौरान टीम ने पीड़ित परिवारों और महिलाओं बातचीत करके उनके बयान दर्ज किए थे।

इसके साथ ही सीबीआई की एक टीम संदेशखाली पुलिस स्टेशन भी पहुंची, जहां मौजूद पुलिसकर्मियों से जांच रिपोर्ट तलब की थी।

## सोपोर में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

**श्रीनगर (ईएमएस):** उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया। नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी। सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी दी। आतंकियों ▶▶ 4

## बीरभूम से भाजपा उम्मीदवार का नामांकन रद्द

**कोलकाता (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल की बीरभूम लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष धर का नामांकन चुनाव आयोग ने रद्द कर दिया है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, भाजपा उम्मीदवार ने अपने नामांकन के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा नहीं किया था। जिसके चलते चुनाव आयोग ने नामांकन रद्द करने की कार्रवाई की। देबासीश धर पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं और बीते महीने ही उन्होंने आईपीएस पद से इस्तीफा दिया था। साल २०२१ में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद ममता बनर्जी की सरकार ने देबाशीष धर को निलंबित भी किया था। दरअसल साल २०२१ में देबाशीष धर कूच बिहार के एसपी थे। वहां सीतलकुची जिले में मतदान के दौरान हुए हंगामे के बाद सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी। जब ममता सरकार ने चुनाव के बाद कार्यभार संभालते ही देबाशीष धर को निलंबित कर दिया था। बीरभूम सीट पर देबाशीष धर का मुकाबला टीएमसी की शताब्दी रॉय से था, जो यहां से निवर्तमान सांसद हैं। बीरभूम को टीएमसी का गढ़ माना जाता है। बीरभूम को टीएमसी का गढ़ माना जाता है। हालांकि इस बार टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल के जेल में होने के चलते बीरभूम में टीएमसी के कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद थी। हालांकि भाजपा उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने से भाजपा को यहां बड़ा झटका लगा है।

**पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं देबासीश धर**



## दक्षिण भारत में जल संकट, जलाशयों में केवल 17 प्रतिशत पानी



**नई दिल्ली (ईएमएस):** गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता का केवल १७ प्रतिशत जल रह गया है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के एक बुलेटिन से यह जानकारी मिली।

दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य आते हैं। सीडब्ल्यूसी ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में जारी बुलेटिन में बताया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत ४२ जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता ५३.३३४ बीसीएम (अरब घन मीटर) है।

ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण ८.८६५ बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल १७ प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (२९ प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (२३ प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है। इसके विपरीत पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं, में पिछले साल और दस साल के औसत की तुलना में जल भंडारण स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है।

आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, २०.४३० बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले २३ निगरानी जलाशयों में अभी ७.८८९ बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का ३९ प्रतिशत है।

यह पिछले वर्ष की समान अवधि (३४ प्रतिशत) और दस साल के औसत (३४ प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है। पश्चिमी क्षेत्र में गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं और वहां भंडारण स्तर ११.७७१ बीसीएम है जो ४९ निगरानी जलाशयों की कुल क्षमता का ३१.७ प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के भंडारण स्तर (३८ प्रतिशत) और दस साल के औसत (३२.१ प्रतिशत) की तुलना में कम है। इसी तरह, उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में भी जल भंडारण स्तर में गिरावट देखी गई है।

# एसीबी की टीम ने ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को घूस लेते किया गिरफ्तार



**धनबाद (कासं) :** धनबाद एसीबी की टीम ने बलियापुर अंचल कार्यालय में ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर जयंत कुमार दे को ३० हजार घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा। लगभग डेढ़ घंटे की कार्रवाई के बाद जयंत कुमार दे को गिरफ्तार कर ले गई। बताया जाता है कि बलियापुर के भिखराजपुर के ही ठेकेदार मोहम्मद इरशाद से ५ लाख रुपए से बने फाइबर ब्लॉक के काम का बिल पास कराने को लेकर ३० हजार रुपया घूस मांगा था।

बलियापुर प्रखंड के गोलमारा हरि मंदिर और दोलाबड़ में फाइवर ब्लॉक बिछाने का काम हुआ है जो ढाईढाई लाख की लागत से बना है। उसी काम का बिल पास कराने के लिए मोहम्मद इरशाद लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। जयंत कुमार दे के द्वारा ३० हजार घूस मांगा गया था। जिसकी शिकायत ठीकेदार ने धनबाद एसीबी से की। एसीबी ने शिकायत की सत्यता की जांच के बाद कार्रवाई करते हुए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को गिरफ्तार कर अपने साथ धनबाद ले आई। एसीबी की टीम जयंत से पूछताछ कर रही है।

# राष्ट्रीय सूड़ी समाज के जिला युवा अध्यक्ष चुने गए हिमांशु मंडल

**धनबाद (कासं) :** राष्ट्रीय सूड़ी समाज के धनबाद जिला युवा जिला अध्यक्ष हिमांशु मंडल चुने गए। चुनाव वोटिंग के माध्यम से किया गया। जहां कुल ४५३ वोट पड़ा। जिसमें हिमांशु मंडल को २९७ वोट मिला। जबकि संतोष मंडल १५४ वोट और नोटा पर २ लोगों ने वोट किया। हिमांशु मंडल १४३ वोट से विजय हुए। धनबाद जिला के युवा मोर्चा अध्यक्ष बनने पर हिमांशु मंडल को समाज प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय संयोजक रणवीर भारतीय, युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामू मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष



प्रकाश मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीधारी मंडल, धनबाद जिला अध्यक्ष परितोष मंडल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनाली मंडल, जिला कार्य समिति सदस्य नाविक मंडल, शिशिर मंडल एवं समाज प्रेमीगण शामिल थे।

# उपायुक्त ने की बोकारो व चंदनकियारी के एआरओ के साथ बैठक



**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा में त्रुटि रहित चुनाव संपन्न करने के लिए दोनों विधानसभा के एआरओ व एईआरओ के साथ बैठक की।

उपायुक्त ने दोनों एआरओ को विधानसभावार ईवीएम को अलग करने, समय पर ईवीएम की कमिश्निंग करने, ए.एस.डी. वोटर, वल्नेरेबल बूथ सहित अन्य की जांच करने, पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण देने, ईवीएम पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने का निर्देश दिया।

साथ ही चुनाव के दिन समय पर मॉक पोल करने, मॉक पोल संपन्न होने के बाद की प्रक्रिया का आयोग के निर्देशानुसार अक्षरशः पालन करने, मॉक पोल सर्टिफिकेट पर प्रीसाइडिंग ऑफिसर, माइक्रो ऑब्जर्वर तथा उम्मीदवार या उम्मीदवार के अधिकृत एजेंट का हस्ताक्षर अवश्य रूप से लेने, चुनाव संपन्न होने के बाद रूट प्लान के अनुसार व आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम को स्ट्रांग रूम में पहुंचाने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, बोकारो के एआरओ ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ प्रभात दत्ता, एईआरओ प्रदीप कुमार, सत्यबाला सिन्हा, दिवाकर दुबे, राजीव कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।

इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विधानसभावार छंटनी की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इसका निरीक्षण करते हुए बारीकी से ईवीएम के सीरियल नंबर का मिलान कर विधानसभावार बनाए गए स्थान पर रखने का निर्देश दिया।



मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# तृतीय मतदान पदाधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित



**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को त्रुटि रहित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में शुक्रवार से तृतीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के दौरान तृतीय मतदान पदाधिकारियों को मतदाता पर्ची का संग्रहण करना, कंट्रोल यूनिट के बैलेट बटन को प्रेस कर मतदाता को वोटिंग कंपार्टमेंट में वोट डालने जाने को कहना, के लिए प्रशिक्षण दिया। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा उनको ईवीएम को अनबॉक्स करना, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर का मतदान केंद्र के बाहर प्रदर्शन करना, मतदान केंद्र में प्रीसाइडिंग ऑफिसर के निर्देशानुसार लेआउट बनाना, मशीन के एड्रेस टैग को वैक्स से सील करना, मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम को बॉक्स में भर कर एड्रेस टैग लगाना सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मौके पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार, पुष्कर चंद्र झा, उमेश लाल, कुमार वंदन, सुभाष, आलोक तिवारी, मदन महतो, बृजभूषण पांडेय, ब्रज किशोर चौबे, महफूज आलम, अनवर हुसैन आदि उपस्थित थे।

# जिले के बाहर से प्रत्याशी देने का कांग्रेस कार्यकर्ता व सिविल सोसाइटी ने किया विरोध



**धनबाद (कासं) :** जिले के बाहर से कांग्रेस प्रत्याशी को टिकट मिलने के खिलाफ धनबाद जिले के कांग्रेसियों तथा सिविल सोसाइटी ने गहरा रोष व्यक्त की है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं तथा सिविल सोसाइटी का ख्याल रखते हुए कांग्रेस आलाकमान से प्रत्याशी बदलने की मांग की है। इसको लेकर शुक्रवार को रणधीर वर्मा चौक पर उन्होंने विरोध प्रदर्शन भी किया तथा पार्टी हित में इस पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

उन्होंने कहा की लगातार ५ वर्षों तक सड़क पर संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर जिले से बाहर की एक महिला प्रत्याशी को टिकट देने का उन्होंने पुरजोर विरोध किया। चुनाव आने पर २०१९ में भागलपुर से कीर्ति झा आजाद तथा वर्तमान में २०२४ में बेरमो विधायक जय मंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह जो कि एक साधारण हाउसवाइफ है उसे टिकट देना बेहद आपत्तिजनक स्थिति है। प्रदेश राज का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रत्याशी गुलाम अहमद मीर ने आला कमान को गुमराह कर प्रत्याशी बनवाने का काम किया है। यह निश्चित रूप से एक षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी के स्लोगन जिनकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी के तहत पिछड़ा दलित आदिवासी अल्पसंख्यक समाज की हिस्सेदारी दिलाने के संकल्प के सोच का अपमान है। यह निर्णय धनबाद से भाजपा की बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करती नजर आती है। लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब ने स्थानीय नेताओं के अनुरोध पर आश्वासन दिया था कि धनबाद जिले से स्थानीय प्रत्याशी दी जाएगी।

रणधीर वर्मा चौक पर विरोध प्रदर्शन में गणपत महतो, मणिलाल महतो, पुष्पा कुमारी, महेश कुमार, विष्णु प्रमाणिक, अजय सिंह, गणेश महतो, विष्णु महतो, सोनू महतो, सोनू सिंह, गोविंद दास, कार्तिक दास, अमित दास, विजय दास, हरीश दास, अजीत मुनव्वर अंसारी, गुलाम हसनैन, मंजर अली, गुड्डू अंसारी, मोहन महतो, शांति राम महतो ,सरवन गुप्ता, दीनानाथ केवट, पुष्पा कुमारी, ज्योति देवी, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, कविता देवी, दासी देवी ,संपित देवी, फुलवा देवी, मालती देवी, तुलोना देवी, सावित्री देवी, चुटिया देवी, प्रतिभा देवी, गीत देवी, सचिन महतो, मणिलाल महतो, आकाश तथा विकाश समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों को देने के बजाय जला दी जा रही सरकारी दवाइयां

**धनबाद (कासं) :** मरीज दवा के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचते हैं तो दवाइयों की कमी का रोना रोया जाता है। फिर मरीजों को दवा नहीं मिलने पर उन्हें मेडिकल स्टोर से खरीदना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर जिले में दवाइयां रखेरखे एक्सपायर हो जा रही हैं। यही नहीं दवाइयों के एक्सपायर होने के बाद उन्हें जलाकर लापरवाही का साक्ष्य मिटाने की कोशिश की जाती है।

ताजा मामला बलियापुर प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र सालपतरा का है, जहां कैल्शियम, गर्भ निरोधक गोली छाया टैबलेट समेत कई दवाइयां एक्सपायर हो गई हैं, ना तो इसकी जानकारी मेडिकल ऑफिसर को है और ना ही वहां पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को। केंद्र पर मौजूद एएनएम से इसकी जानकारी ली गई तो उनका जवाब था कि मुझे यहां आए हुए महज दो महीने ही हुए हैं। मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

वहीं मामले को लेकर बलियापुर प्रभारी डॉक्टर राहुल कुमार से बात की गई। उन्होंने बताया कि यह दवाइयां कोरोना संक्रमण काल की हैं। दवा एक्सपायर होने को लेकर जांच टीम गठित कर दी गई है। चार





सदस्यीय टीम मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अब सवाल यह है कि जिन दवाओं को बीमार लोगों या जरूरतमंद को दिया जाना चाहिए था, वह आखिर एक्सपायर कैसे हो गई। वही दूसरी ओर बात करें तो लोग दवाइयों के लिए सरकारी अस्पतालों में लाइन में लगते हैं। अगर लोग यहां नहीं पहुंचते हैं तो वैसे अस्पतालों में यह दवाइयां वहां क्यों नहीं भेजी गई, जहां दवाओं की किल्लत है। यह लापरवाही नहीं तो आखिर क्या है।

# इंडिया गठबंधन का बूथ स्तरीय बैठक संपन्न



**केंदुआ (ससे) :** करकेंद्र नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन का बूथ स्तरीय बैठक केंदुआ सिनेमा हॉल के पीछे सत्संग भवन में शुक्रवार को हुआ। जिसमें मुख्य रूप से बेरमो विधायक सह धनबाद लोकसभा उम्मीदवार अनुपमा सिंह के पति जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, धनबाद जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, झामुमो के अजय रवानी आरजेडी के बमबम यादव, प्रदेश कार्य समिति रामगोपाल भुवानिया धनबाद जिला प्रभारी लक्ष्मण तिवारी मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश चौहान ने किया। मंच संचालन अन्नू पासवान ने किया। मुख्य अतिथि का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छों और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक अनूप सिंह ने कहा कि कांग्रेस उच्च, नीच,जाति और भेदभाव की राजनीति कभी नहीं करती है।

उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता तय करे कि धनबाद को अपराध मुक्त चाहिए या अपराध युक्त धनबाद चाहिए। जिसपर खुद दर्जनों संगीन मामला दर्ज हो, जिसपर बाघमारा में अपने ही जाति के लोगों को प्रताड़ित करने का आरोप है। वह धनबाद का क्या भला करेगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले अग्रवाल महाराज का प्रतिमा धनबाद में स्थापित किया जाऐगा। जनसेवा हमें विरासत में मिला है। बृजेन्दर सिंह ने घरघर जाकर जनसंपर्क करने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किये। मौके पर प्रभाकर नोनिया, बिरेंद्र पासवान नगर उपाध्यक्ष अनु पासवान विधानसभा प्रभारी प्रमोद सिंह, राजीव झा, बिनोद साहू, प्रदीप गुप्ता, राजेश दुबे, शिवनंदन चौहान, छेदी चौहान, मनुव्वर हुसैन, संजय चौहान राजन कुरैशी दानि सिंह, दुलारी देवी, मंजू देवी, आशा देवी, कुसुम देवी, विजय पासवान, विक्रम पासवान, मोहम्मद शमशेर, विशाल रावत, आशीष सिन्हा, मोहम्मद कैफ आदि उपस्थित थे।

# वोटर कार्ड के अलावा 11 अन्य दस्तावेजों के साथ मतदाता कर सकते हैं मतदान

**धनबाद (कासं) :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड के अलावा अन्य ११ दस्तावेज के साथ मतदान कर सकते हैं। मतदान करने के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र/राज्य सरकार/पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग या पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए जारी सर्विस आइडेंटी कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी पासबुक, पैन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, सांसद/ विधायक/ विधान परिषद सदस्य द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड से मतदान कर सकते हैं। मतदान करने के लिए मतदाता सूची में मतदाता का नाम दर्ज होना अनिवार्य है।

# एआईआरएफ के शताब्दी अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए






**धनबाद (कासं) :** ताल कटोरा इन्डोर स्टेडियम, नई दिल्ली में रेलकर्मियों के सबसे बडे, सबसे पुराने और सबसे जुझारू संगठन, ऑल इण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के एतिहासिक शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन गुरूवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें पूरे भारतीय रेल के कोनेकोने से १५०० से अधिक प्रतिनिधियों एवं ३००० से अधिक अन्य संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ईसीआरकेयू की ओर से महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव सहित १०० से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एआईआरएफ के सभी पदाधिकारी एवं जोनल सचिवों के साथसाथ आईटीएफ इन्लेण्ड ट्रान्सपोर्ट रेलवे सेक्शन की स्ट्रेटिजिक प्लानर एवं एआईआरएफ महिला विंग की चेयरपर्सन जया अग्रवाल, संयोजक प्रवीणा सिंह एवं एचएमएस एशियापैशिफिक विंग की अगुआ चंपा वर्मा मंच पर उपस्थित रहें।

इस महत्वपूर्ण एतिहासिक 'शताब्दी अधिवेशन' में रेल कर्मचारियों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गम्भीर विस्तृत चर्चा हुई, ऑल इंण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन की पहल पर ''नेशनल पेंशन सिस्टम'' (एनपीएस) की खामियों के मद्देनजर गठित पुरानी पेंशन स्कीम बहाली का संकल्प संयुक्त मंच (जेएफआरओपीएस) द्वारा लिया गया है। इस अधिवेशन में इस तथ्य पर गम्भीर मंत्रणा के पश्चात सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि यदि नौजवान रेलकर्मियों एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित एवं गारेन्टेड पेंशन में प्रदत लाभ एवं सुविधाएं बहाल नहीं की जाती हैं तो देशव्यापी आम हड़ताल को टाला नहीं जा सकेगा। शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र में रेलकर्मियों के ४० प्रमुख मांग पत्र सहित कुल ९ प्रस्तावों को भी विस्तृत विचार-विमर्श के बाद पारित करने का कार्य हुआ।

सम्मेलन के केन्द्रीय मंच से रखे गए प्रस्तावों पर अपनी बात रखते हुए ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव ने कहा कि यूनियन के सभी सक्रिय सदस्यों, युवा समिति एवं महिला समिति के सदस्यों को अगस्त में होने वाले यूनियन की मान्यता प्राप्त करने के लिए होने वाले चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए।

उक्त जानकारी देते हुए अपर महामंत्री मो. ज़्याऊद्दीन ने कहा कि आने वाले दिनों में होने वाले यूनियन के चुनाव में पूर्व मध्य रेलवे में ईसीआरकेयू को तीसरी बार एकमात्र यूनियन के रूप में स्थापित कराना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। इसके लिए हमें रेलकर्मियों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह से समर्पित हो जाना है।

यूनियन के मीडिया प्रभारी एन के ख्वास ने बताया कि इस वार्षिक सम्मेलन में ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव को एआईआरएफ का उपाध्यक्ष, अध्यक्ष डी के पाण्डेय एवं अपर महामंत्री मो. ज़्याऊद्दीन को वर्किंग कमिटी मेम्बर तथा ओ पी शर्मा को जोनल सेक्रेटरी के लिए मनोनीत किया गया। धनबाद मंडल से सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता एवं नेताजी सुभाष, आई एम सिंह, बी के साव, ए के तिवारी, अमित शेखर सिंह, आर के सिंह, विकास कुमार, सुदर्शन, पी के सिन्हा, रूपेश कुमार, आर एन चौधरी, श्वेता कुमारी, दीपा कुमारी आदि सम्मिलित हुए।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# घर में लगी आग, सामान जलकर हुआ खाक



**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर थाना अंतर्गत साबलपुर रोड स्थित मनोज विश्वकर्मा के किराए के फ्लैट में गुरुवार रात आग लग जाने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। उसके घर में न खाने के समान है ना पहनने के वस्त्र। पूरा परिवार सड़क पर आ गया है। घटना आधी रात के बाद हुई। अग्निशमन दस्ता द्वारा २ घंटा मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाया गया।

बताया जाता है कि एक आउटसोर्सिंग कंपनी में मजदूरी करने वाला मनोज विश्वकर्मा अपनी पत्नी सोनी देवी एवं पुत्र वंश विश्वकर्मा के साथ साबलपुर रोड बैंक कॉलोनी स्थित पंकज वर्मा के फ्लैट में किराएदार के रूप में रहता है। वह मूल रूप से झरिया का निवासी है तथा अपनी भांजी की शादी में गुरुवार को घर बंद कर झरिया गया था। उसका घर बंद था। इस बीच शॉर्ट सर्किट या कोई अन्य कारण से बंद घर में आग लग गई। तीन मंजिली भवन के ऊपर आग की घटना को किसी राहगीर ने देखा और उसने शोर मचाया। इसके बाद पड़ोसी केशवानंद पांडेय ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुटे तथा मनोज विश्वकर्मा के फ्लैट के बगल में रहने वाले रणजीत मिश्रा और रिंकू सिंह को जगाय। सभी के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में मनोज विश्वकर्मा का घर का सारा सामान जल गया। प्रखंड प्रमुख निर्मल सिंह मुखिया रेशम कुमारी शुक्रवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची और आग लगी घटना से सड़क पर आए मनोज विश्वकर्मा के परिवार आपदा प्रबंधन विभाग से मदद कराने का आश्वासन दिया।

# लायंस क्लब ने किया पनशाला का उद्‍घाटन

**गोविंदपुर (ससे) :** लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर के द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए राहगीरों को गर्मी एवं लू से राहत पहुंचाने के लिए गोविंदपुर के विभिन्न जगहों पर पनशाला का उद्घाटन किया गया जिसका एकमात्र उदेस्य बेतहासा गर्मी से राहत के लिए राहगीरों को शीतल जल की व्यवस्था उपलब्ध करानी है, ताकि उन्हें गर्मी एवं लू से राहत पहुंचाया जा सके, साथ ही फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत राहगीरों के बीच गुड़, चना एवं सत्तू का शरबत का भी वितरण किया गया! इस कार्यक्रम के चेयरपर्सन क्लब कोषाध्यक्ष लॉयन संदीप विश्वकर्मा को बनाया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉक्टर आरके शर्मा, लॉयन डॉक्टर यूएल विश्वकर्मा, लॉयन केडीएन





आजाद, क्लब सचिव एसके राय, लॉयन अनुराग प्रदीप, लॉयन संदीप विश्वकर्मा एवं लॉयन पप्पू विश्वकर्मा आदि लोगों का भरपूर सहयोग रहा। क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉक्टर आरके शर्मा ने इस कार्यक्रम में सहयोग एवं उपस्थिति के लिए सभी लॉयन बंधुओं का दिल से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

## भारत स्काउट व गाइड से सद्दाम हुसैन निष्कासित

**धनबाद (कासं) :** भारत स्काउट और गाइड धनबाद के सिंदरी यूनिट इंचार्ज सद्दाम हुसैन को संगठन विरुद्ध कार्य में सम्मिलित प्रमाणित होने पर तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया।

सद्दाम हुसैन विगत कई माह से संगठन के विरुद्ध पदाधिकारी, ट्रेनर प्रशिक्षक, स्काउट मास्टर, गाइड मास्टर के विरूद्ध अनर्गल मनगढ़ंत बातें कर रहे थे। प्रशिक्षु और सदस्यों को धमकाने, डरने, बर्बाद कर देने की धमकी देते रहें। कार्यक्रमों से भी खुद को अलग रखे हुए थे।

सद्दाम के विरोध लिखित शिकायत एवं अन्य संसाधनों से प्राप्त जानकारी का जांचोंप्रांत प्रमाणित होने पर संगठन ने निष्कासन का निर्णय लिया। संगठन हर एक उस व्यक्ति से आग्रह करता है कि संगठन से संबंधित किसी भी विषय पर सद्दाम हुसैन से संपर्क ना रखें वर्ना व स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## भाजपा नेता ने एसएसपी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगायी

**लोयाबाद (ससे) :** भाजपा नेता दिनेश रवानी ने शुक्रवार को वरीय आरक्षी अधीक्षक को पत्र देकर अपने तथा अपने छोटे भाई राजेश रवानी पर सुजीत केवट के द्वारा केन्दुआडीह थाना में कांड संख्या ४२/२४ दर्ज करवा कर झूठी और मनगढ़ंत आरोप लगा कर फंसाया है। इसकी निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने का गुहार लगाया है। दिनेश रवानी ने कहा कि मेरा या मेरे भाई का इस मारपीट से कोई लेनादेना नहीं है। घटना के समय हमदोनों भाई घर पर थे। इसकी सत्यापन के लिए घर पर लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज श्रीमान को दिया गया है। बताते चलें कि २३/४/२४ को सुबह ८.३० बजे प्रत्याशी ढुल्लू महतो और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के समथकों के बीच आपस में भिड़ंत हो गई थी। दोनों के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुआ था। घटना केंदुआडीह थाना क्षेत्र के एकड़ा पुल के पास की है। मामले की सूचना मिलते ही केंदुआडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सुजीत केवट को एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया था।

घायल युवक ने आरोप लगाया कि ढुल्लू महतो समर्थक दिनेश रवानी, राजेश रवानी और सुनील राय के साथ २० से २५ लोगों ने उसे बंधक बना लिया और १४ नंबर चानक ले गए। वहीं लाठी, रड और ईंटपत्थर से उसकी बुरी तरह से पिटाई किया। जब वह बेहोश हो गया तो उसके कमर में देसी कट्टा रखकर सभी लोग भाग गए। बताया जाता है कि नवंबर माह मे सत्येन्द्र केवट और सुनील राय के बीच छठ पूजा में पोस्टर लगाने को लेकर विवाद हुआ था।जिसमें दोनों ओर से जमकर मारपीट हुआ था। जिसमें सुनील राय का भगीना गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसका ईलाज दुर्गापुर में चला था।

## मुखिया ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**पुटकी (ससे) :** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को दुबराजडीह पंचायत के मुखिया रमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बालूडीह स्थित इंदिरा चौक में चुनावी चौपाल के माध्यम से मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया।

मुखिया रमेश कुमार सिंह ने कहा कि हमें मतदाता होने पर गर्व है। साथ ही हमारा कर्तव्य भी बनता है कि हम अपने अधिकार का फर्ज निभायें ओर मतदान करने से चूके नहीं। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी मधु सूदन पासवान, शंकर प्रसाद, मुकेश कुमार, रियाज अंसारी, गंगाधर महतो, इनायत अली, शुभम सिंह, रणजीत सिंह, विक्रम सिंह, सुबाबुल अंसारी, बापी घोष, छोटू अंसारी, शंकर महतो, अनिल ठाकुर व अन्य थे। पी बी एरिया में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शपथ दिलाई गई। मौके पर डी के सिंह, जगदीश कर्मकार, रघु नंदन प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ठगी करने वाले 2 ठग गिरफ्तार

**गोविंदपुर (ससे) :** केमिकल पाउडर डालकर सोनाचांदी चमकाने के बहाने ठगी करने वाले दो सदस्य गिरोह के संजय कुमार नामक ठग को शुक्रवार को लोगों ने पकड़ कर गोविंदपुर पुलिस के हवाले कर दिया। वह रतनपुर पंचायत के बेनागाजर गांव में चंदन कुमार के घर सोना चांदी साफ कर रहा था। इस बीच उसने हेराफेरी कर दी और असली सोना को अपने पास रखकर नकली सोना दे दिया वजन देखकर घर वाले डर गए और उन्होंने होहल्ला शुरू किया। इस बीच गिरोह का एक सदस्य मोटरसाइकिल लेकर भाग निकला, जबकि संजय कुमार पकड़ा गया। संजय कुमार भागलपुर के अलीगंज इलाके के रहने वाला है उसने बताया कि वह सोना चांदी की साफसफाई के लिए पाउडर बेचने का काम करता है। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि बेनागाजर के तीन लोगों ने संजय कुमार को पड़कर पुलिस के हवाले किया है और पुलिस चाह रही है कि पकड़ने वाले लोग थाना में लिखकर दे, परंतु वे लोग नहीं दे रहे हैं आखिर पुलिस कार्रवाई कैसे करेगी। इस बीच ठग के पकड़े जाने की खबर सुनकर राजगंज, टुंडी आदि क्षेत्रों के लोग संजय कुमार की पहचान करने आए टुंडी के लोगों ने कहा कि संजय ने ही उनके यहां भी सोना चांदी की ठगी की थी। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है परंतु शिकायतकर्ता नहीं मिलने के कारण पुलिस परेशान है।

## लू की मार से लोगों का जीना हुआ मुहाल

**जोड़ापोखर (ससे) :** मौसम की तापमान लगातार बढ़ने से तपिश बढ़ गई है। गरम हवा के थपेड़ों से लोग परेशान है। लू की मार से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ऐसे में लोगों को सतर्कता बरतना अति आवश्यक हो गया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को लोदना क्षेत्र के जियलगोरा क्षेत्रीय अस्पताल में उप चिकित्सा अधीक्षक यू मल्लेश ने अस्पताल में कर्मियों के साथ बैठक कर मौसम की मार से बचने का स्वास्थ्य संबंधित चिकित्सीय सलाह दिया। डॉ मल्लेश ने कर्मियों से कहा कि वर्तमान में नित्य दिन तापमान बढ़ रही है। उन्होंने तापमान के और भी बढ़ने का संकेत देते हुए इससे सावधान रहने की अपील करते हुए स्वास्थ्य जीवन में लू से बचने के कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती तपिश में चाय कॉफी, शराब, फ्रीज की पानी व बर्फ आदि का सेवन नहीं करने तथा तरबूज, खीरा, ककड़ी, छांछ, नींबू पानी, ओआरएस घोल, ग्लूकोज, घड़ा का पानी सहित पानीयुक्त फल का सेवन करने की सलाह दिया। साथ ही उन्होंने यातायात के दौरान छत्री, हेलमेट का उपयोग करने को क्षेत्र के लोगों को भी जागरूक करने की अपील किया है। बैठक में डॉ. विकाश रंजन, डॉ. इनायत करीम अंसारी, डॉ. सपना रंजन, डॉ. रानी पाण्डेय, डॉ. रोहिणी, अनामिका कुमारी, अमित डे, राकेश महतो, अशोक कुमार आदि थे।

## अमेठीसयबरेली सीट को लेकर कांग्रेस ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान हो चुका है। इसी के साथ देश की कुल १९० सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। इसके बाद कल शनिवार को कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें यूपी की अमेठी और रायबरेली सीट पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर फैसला हो सकता है। दूसरे चरण के तुरंत बाद इस बैठक के कई मायने निकाले जा रहे है। कारण, राहुल गांधी की वायनाड सीट पर मतदान हो चुका है।

अमेठी और रायबरेली के लिए नामांकन २६ अप्रैल से शुरू हो चुके है। ऐसे में माना जा रहा है कि अमेठी से राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने पर अब फैसला लिया जाएगा। यही कारण है कि पार्टी ने अभी तक अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया है। हालांकि शनिवार शाम को हो होने वाली बैठक में क्या निर्णय लिया जाता है, ये अब देखने वाली बात होगी। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस की राज्य चुनाव समिति ने राहुल गांधी नाम अमेठी से और प्रियंका गांधी का नाम रायबरेली से प्रस्तावित किया है। समिति ने ये प्रस्ताव चुनाव समिति को भेज दिया था। इसके बाद चुनाव समिति ने अंतिम निर्णय गांधी परिवार पर छोड़ दिया है। ऐसे में आने वाले एक दो दिनों में इन दोनों चर्चित सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर सकती है।

निर्वाचन क्षेत्र के रूप में रायबरेली कांग्रेस का गढ़ है। ये पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है और १९९९ से लगातार पांचवीं बार सोनिया गांधी यहां से सांसद चुनी गईं। यहां से तीन बार कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधान सभा क्षेत्र आते हैं। २०११ जनगणना के मुताबिक लगभग ३५ लाख जनसंख्या वाले इस जिले में प्रति वर्ग किलोमीटर ७३९ लोग रहते हैं। रायबरेली की ६७.२५ फीसदी जनसंख्या साक्षर है।

# विजय माल्या को फ्रांस के जरिए वापस लाने की तैयारी

**नई दिल्ली(ईएमएस) :** भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बिना शर्त माल्या को भारत को सौंपने की मांग की है। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है, जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए, अगर माल्या ब्रिटेन छोडक़र दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत १५ अप्रैल को काउंटरटेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। फ्रांस ने इस बैठक में कुछ शर्तों के साथ



माल्या के प्रत्यर्पण का ऑफर दिया, लेकिन भारत ने उनसे शर्तें हटाने को कहा है। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी केडी देवल शामिल हुए थे। इसके अलावा बैठक में इंटेलिजेंस एजेंसी के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। किंगफिशर एयरलाइंस समेत कई कंपनियों के मालिक रहे भारतीय बिजनेसमैन विजय माल्या पर देश के १७ बैंकों के करीब ९ हजार करोड़ रुपए बकाया हैं।

२०१९ में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया

माल्या २०१६ में देश छोडक़र ब्रिटेन भाग गया था, जहां से भारत सरकार उसे देश लाने का प्रयास कर रही है। माल्या पर फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग के केस चल रहे हैं। ५ जनवरी २०१९ को अदालत ने विजय माल्या को भगोड़ा घोषित कर दिया था। पिछले साल जांच के दौरान सीबीआई ने दावा किया था कि माल्या ने साल २०१५१६ के दौरान ब्रिटेन और फ्रांस में ३३० करोड़ रुपए की संपत्तियां खरीदी थीं। उस वक्त उसकी कंपनी किंगफिशर एयरलाइंस घाटे में थी। माल्या ने खुद बैंकों को कर्ज नहीं चुकाया था। साल २०२० में श्रेष्ठ की अपील पर फ्रांस ने वहां मौजूद माल्या की १४ करोड़ की प्रॉपर्टी को सीज कर लिया था।

## भारत में पहाड़ी व पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों में बौनेपन का खतरा अधिक

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल न्यूट्रीशियन, प्रिवेंशन एंड हेल्थ में प्रकाशित एक नये शोध के अनुसार भारत में पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों में बौनेपन का अधिक खतरा है। पांच साल से कम उम्र के १.६५ लाख से अधिक बच्चों के डेटा का विश्लेषण करते हुए, शोधकर्ताओं ने पाया कि बौनापन उन लोगों में अधिक आम है, जो मातापिता की तीसरी या बाद की संतान हैं, और जन्म के समय जिनकी लंबाई कम थी।

विश्लेषण के लिए २०१५१६ के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस४) से डेटा शामिल किया गया था। बौनेपन को परिभाषित करने के लिए डब्ल्यूएचओ मानकों का उपयोग किया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि लगातार अधिक ऊंचाई वाले वातावरण में रहने से भूख कम हो सकती है, और ऑक्सीजन व पोषक तत्वों का अवशोषण सीमित हो सकता है। अध्ययन टीम ने यह भी कहा कि पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में फसल की कम पैदावार और कठोर जलवायु के कारण खाद्य असुरक्षा अधिक होती है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में पोषण कार्यक्रमों को लागू करने समेत स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच प्रदान करना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में बौनेपन का कुल प्रसार ३६ प्रतिशत पाया गया, १.५५ वर्ष की आयु के बच्चों (४१ प्रतिशत) में यह प्रबलता १.५ वर्ष से कम आयु के बच्चों (२७ प्रतिशत) की तुलना में अधिक थी। शोधकर्ताओं ने अपने विश्लेषण में पाया कि ९८ प्रतिशत बच्चे समुद्र तल से १००० मीटर से कम, १.४ प्रतिशत बच्चे समुद्र तल से १००० से २००० मीटर ऊंचाई के बीच जबकि ०.२ प्रतिशत बच्चे समुद्र तल से २००० मीटर से अधिक ऊंचाई पर रहते थे।

## यौन शोषण केस में आरोपी ब्रजभूषण की याचिका खारिज

**गोंडा (ईएमएस) :** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी। बृजभूषण ने यौन उत्पीन के आरोपों की दोबारा जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट अब ७ मई को आरोप तय करेगी। बृजभूषण ने दावा किया था कि घटना के दिन, ७ सितंबर २०२२ को वह दिल्ली में नहीं थे, इसलिए इन आरोपों की दोबारा जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाने वाली पहलवानों की सीडीआर (कॉल डिटेल रिपोर्ट) की कॉपी भी मांगी है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जून २०२३ को बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। यौन शोषण मामले में पहली बार १८ जनवरी २०२३ को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट समेत ३० से ज्यादा पहलवानों ने दिल्ली के जंतरमंतर पर प्रदर्शन भी किया था।

# बीसीसीएल में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के सहयोग से आयोजित हुआ अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम





**धनबाद (कासं) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय के राजभाषा विभाग एवं मानव संसाधन विकास विभाग के सौजन्य से कंपनी के जगजीवन नगर, प्रशिक्षण केंद्र पर 'पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षक के रूप केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के दो सहायक निदेशकों; जगत सिंह रोहिल्ला एवं कुसुम शर्मा झा ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंतिम दिवस था। समापनसत्र में निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उनके साथ ही महाप्रबंधक (कार्मिक एवं राजभाषा) विद्युत साहा एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सतीश कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्रों का भी वितरण किया गया। समापन सत्र में बोलते हुए निदेशक कार्मिक मुरलीकृष्ण रमैया ने कहा कि भारत में हिंदी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाषा है। यह देश की सर्वाधिक सशक्त संपर्क भाषा है, भारत में जो काम हिंदी कर सकती वो क्षमता किसी और भाषा में नहीं हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षकद्वय जगत सिंह रोहिल्ला एवं कुसुम शर्मा झा ने अपने संबोधन में बताया कि पाँच दिनों तक चले इस विशेष अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिंदी अनुवाद से संबंधित सभी पहलुओं को शामिल करने का प्रयास किया गया। विभिन्न सत्रों में विभाजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को भारत सरकार की राजभाषा नीति, अनुवाद प्रक्रिया, सामान्य प्रशासन से संबंधित अनुवाद, पारिभाषिक शब्दावली, मानक वर्तनी, कार्यालयी अनुवाद और वाक्य संरचना जैसे सभी जरूरी विषयों की जानकारी प्रदान की गयी। उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने फीडबैक में कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी सार्थक और उपयोगी रहा। विशेष रूप से दिल्ली से पधारे दोनों ही विषयविशेषज्ञ संकाय सदस्यों ने बड़ी ही कुशलता एवं प्रभावी रूप से प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों की सभी जिज्ञासाओं को शांत किया और उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग के एम. के. पाण्डेय, मुख्य प्रबंधक (खनन) द्वारा तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन दिलीप कुमार सिंह प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन में मानव संसाधन विकास विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# बोकारो परिसदन का डीसी ने किया निरीक्षण




**बोकारो (ससे):** बोकारो परिसदन का शुक्रवार को उपायुक्त (डीसी) सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) विजया जाधव ने निरिक्षण किया। मौके पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सदानंद महतो, प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

डीसी सह डीईओ ने क्रमवार बोकारो परिसदन में चल रहें कार्यों का जायजा लिया। टीम ने परिसदन में संबंधित एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा गया।

परिसदन की साज - सज्जा के लिए लगाएं गए फोटो फ्रेम, पर्दों, गमलों आदि को एकरूपता के अनुरूप संबंधित एजेंसी को सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, परिसदन के सभी कमरों/रसोई घर/फ्लोर एरिया आदि की नियमित साफ - सफाई का निर्देश दिया। इस कार्य को *निष्पादित कर रहे एजेंसी को बेहतर से कार्य/दायित्वों को निष्पादन करने* को कहा। मौके पर उपस्थित *जिला नजारत उप समाहर्ता को निगरानी करते हुए इसे सुनिश्चित कराने* का निर्देश दिया।

वहीं, इस दौरान परिसदन में संचालित प्रेक्षक कोषांग, प्रेक्षकों कोषांग के कार्यालय/उपलब्ध संसाधनों का भी जायजा लिया। प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों के लिए कमरों का आवंटन, परिवहन, सुरक्षा आदि की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

मौके पर *डीसी सह डीईओ ने कई दिशा - निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया और ससमय कार्य पूरा* करने को कहा।

# एसडीएम ने अस्पताल प्रबंधकों के साथ की बैठक



**डुमरी (ससे):** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए २५ मई को होने वाले होने वाले मतदान में सभी मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की एक बैठक शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में संपन्न हुई जिसमें प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम के संचालकों सहित कार्यरत कर्मियों तथा रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति हुई।

एसडीएम सह निर्वाची पदाधिकारी डुमरी विधानसभा क्षेत्र-३३ मोहम्मद शहजाद परवेज ने उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अस्पताल में आने वाले मरीजों को मतदान के लिए जागरूक करने एवं स्वयं भी मतदान अवश्य करने की अपील की।

साथ ही नये मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फार्म ६ भरकर अंचल कार्यालय या अपने बीएलओ के पास जमा करने को कहा।

उन्होंने कहा कि जो भी इलाज हेतु अस्पताल आते हैं उनके पर्जी पर २५ मई मतदान दिवस का मुहर अवश्य लगा दें क्योंकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी निभानी है ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और एक योग्य सांसद चुनने में अपने कर्तव्य का निर्वहन बिना कोई प्रलोभन से कर सके। वहीं इस दौरान एसडीएम ने मतदान से संबंधित कई जानकारियां साझा करते हुए कहा कि कोई मतदाता अपने मत प्रयोग से वंचित नहीं रह जाये इसके लिए स्वीप लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है पर आप सभी समाज के प्रबुद्ध जनों की भी भागीदारी होना अति आवश्यक है।

# समन्वय के साथ अपने सभी दायित्वों का निष्पादन करें: डीसी



**बोकारो (ससे):** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर ०२ सी स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सेकेंडरी विद्यालय में शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के सफल संचालन को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिय गया। प्रशिक्षण का जयाजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सौरव कुमार भुवानिया, नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में सेक्टर पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईलेक्ट्रानिक वोर्टिंग मशीन (ईवीएम)/ वोटर वैरिफिएबल पेपर आडिट ट्रैल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन, माक पोल, पेपर सिलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। डीईओ सह डीसी समेत टीम के अन्य सदस्यों ने प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया।

आगे, प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी सेक्टर पदाधिकारियों को सभागार में एकत्र कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) द्वार ब्रीफ किया गया। मौके पर कहा कि निर्वाचन के सफल संचालन में सेक्टर पदाधिकारियों का अहम रोल है। आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें।

डीईओ सह डीसी ने कहा कि सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सेक्टर पदाधिकारियों के लिए उपलब्ध मैनुअल को पढ़ेंगे। गलती से भी किसी तरह की गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। किसी भी कार्य का निष्पादन अपनी मनमर्जी से नहीं करनी है, मैनुअल के अनुसार ही उसका निष्पादन होगा। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियां से विस्तार से अवगत कराया।

मौके पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने कहा कि आपके द्वारा की गयी एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। जो भी प्रश्न/जिज्ञासा हो,उसे प्रशिक्षकों से पूछ अभी ही स्पष्ट कर लें।

मौके पर निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों के बीच पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर प्रपत्र १२ वितरण एवं प्राप्त किया गया। पोस्टल बैलेट कोषांग की नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने इस संबंध में उन्हें विस्तृत जानकारी दी। मौके पर सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे।

## घर में लगी आग, लाखों की संम्पति खाक

**जमुआ (गिरिडीह) (ससे):** देर रात जमुआ प्रखंड क्षेत्र के जोरासांख पेट्रोल पंम्प के नजदीक महेश बर्मा के घर में आग लग जाने से लाखों रुपए की संम्पति जलकर राख हो गई.आपको बता दें कि गुरुवार देर रात लगभग १ बजे अचानक आग लग गई जिससे चावत ,कपड़ा ,जरूरी कागजात ,फर्नीचर समेत लगभग लाखो की संपत्ति जलकर राख हो गई। जानकारी देते गृह स्वामी महेश बर्मा ने बताया कि मै घर पर सोए थे तभी देखा की घर से धुंआ निकल रहा है, इतना देखते ही घर से बाहर निकलतेत ही पूरा घर मे धुंआ भर चुका था। वह नीचे के दरवाजे से बाहर निकला तब-तक आसपास के लोग जमा हो चुके थे.घटना की सूचना अग्निशमन वाहन को दी गई।

वहीं दूसरी ओर घटना की सूचना मिलते ही जमुआ पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया.कहा आग की लपटें इतनी जोर थी कि देखते-देखते सारी सामग्री जलकर राख हो गई। बता दें कि घर के बगल मे शादी समारोह चल रहा था तभी उनलोगों की नजर पड़ी दो घंटे तक आग जलती रही.

# मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर कल



**बोकारो (ससे):** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो द्वारा बीजीएच के सहयोग से रविवार, २८ अप्रैल २०२४ को सेक्टर ४ स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में सुबह ९ बजे से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने शुक्रवार को उक्त जानकारी देते हुए समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को जीवन दान के समान माना गया है। जरूरतमंदों को समय पर रक्त की उपलब्धता हो सके इसके लिए रक्तदान जरूरी है। मिथिला सांस्कृतिक परिषद सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही सामाजिक कार्यों के प्रति भी सजग है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व वर्ष २०२३ में भी परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया था।

## आज मनायी जाएगी अंबेडकर जयंती

**डुमरी (ससे):** झारखंड मूल निवासी परिसंघ के द्वारा शनिवार को पोरैया पंचायत अंतर्गत सीतानाला में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की १३३वीं जयन्ती मनायी जाएगी।जिसकी सारी तैयारी कर ली गयी है जबकि कार्यक्रम में सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया गया है।कार्यक्रम में एससी,एसटी, ओबीसी,अल्पसंख्यक समाज की संगठन मजबूती व राजनीतिक भागीदारी पर भी चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी परिसंघ के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर रविदास ने दिया है।

## एमवीआई ने चलाया वाहन जांच अभियान

**पाकुड़ (ससे):**मोटरयान निरीक्षक सुदीप कुजूर के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान शहरी क्षेत्र में चलाया गया एवं यातायात नियमो की अनदेखी करने वालों से जुर्माना राशि की वसूली की गयी।एमवीआई के साथ सडक सुरक्षा कोषांग के कर्मीयों ने मोटरसायकिल कार चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट ,शीटबेल्ट, इंश्योरेंस के अभाव में दर्जनो वाहनों को जप्त करते हुए जुर्माना वसूला गया।

# रंगदारी मांगने के आरोप में 3 गिरफ्तार

**देवघर (ससे):** देवघर के कॉस्टर टाउन बैद्यनाथ धाम स्टेशन के समीप कुछ युवकों के द्वारा हथियार दिखाकर रंगदारी मांगे जाने के मामला को लेकर देवघर पुलिस ने छापेमारी की और तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनके पास से एक देशी पिस्तौल ६ जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया है । देवघर एसडीपीओ ऋत्विक श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि गुप्त सूचना के आधार पर कास्टर टाउन अमर धाम बैद्यनाथ धाम स्टेशन के समीप कुछ युवकों के द्वारा पिस्तौल दिखाकर व्यवसाय ठेकेदार दुकानदार कारोबारी से रंगदारी की मांग की जा रही है ।

सूचना के आलोक में गठित टीम के द्वारा छापेमारी की गई जिसमें बउआ सिंह , धर्मेंद्र सिंह और मुन्ना सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है इनके पास से एक देशी पिस्तौल ६ जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं । इन सभी पर पूर्व में भी कई धाराओं में कई थाना में मामला दर्ज है । पुलिस पूरे मामले के लेकर और छानबीन कर रही है।

## विदेशी शराब जब्त

**पाकुड़ (ससे):** पाकुड़ अंतर्गत हिरनपुर थानाक्षेत्र के डांगापाड़ा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब ज़ब्त किया है। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि ज़ब्त शराब की बाजार मूल्य लगभग ३० हजार होगी ।

# दुकानों के बाहर लगाएं मतदाता जागरूकता पोस्टर: नोडल पदाधिकारी



**बोकारो (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभास दत्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार, कंचन कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

मौके पर अपने संबोधन में नोडल पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव २०२४ को लेकर तिथियां घोषित हो गई है। बोकारो जिले में आगामी २५ मई २०२४ को मतदान होना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसमें आप सबों की भी सहभागिता जरूरी है। कहा कि जिले में लगभग ७०० दवा विक्रेता है, सभी अपने दुकानों पर मतदान दिवस एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर चस्पा करेंगे।

साथ ही, अपने यहां आने वाले आमजनों को अपने मतदान केंद्र पर आगामी २५ मई २०२४ को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। दुकानों में चिकित्सकों और दुकान से जारी होने वाले पर्चा/रशिद में वोट करेगा बोकारो २५ मई २०२४ से संबंधित मुहर मारेंगे। कहा कि सबों के सहयोग से कोई नहीं छूटे... के लक्ष्य को हम पूरा करेंगे। मौके पर उपस्थित प्रभारी पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने रविवार को मतदाता जागरूकता को लेकर पत्थरकट्टा चौक से प्रस्तावित वाकथान को सफल बनाने का अपील किया। उन्होंने सभी दवा दुकानों से स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का अपील किया।

# कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन शुरू



**गिरिडीह (ससे):** कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार से नामांकन शुरू हो गई है नामांकन के प्रथम दिन निर्दलीय एक प्रत्याशी आशीष कुमार ने अपना नामांकन कराया है उक्त बातों की जानकारी गिरिडीह उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने प्रेस कॉर्फ्रेंस आयोजित कर दी है पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री लकडा ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है ३ अप्रैल तक नामांकन की प्रक्रिया होगी जबकि ४ अप्रैल को स्कूटनी होगा जबकि २० मई को मतदान होगा उपायुक्त ने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने को लेकर जिला प्रशासन पूर्ण तैयारी कर रखी है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान की प्रतिशत बढे इसके लिए लगातार प्रचार प्रचार किया जा रहा है।

उन्होंने लोगों से अपील किया है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में निश्चित तौर पर मतदान करें श्री लकड़ा ने कहा कि आम चुनाव के साथ-साथ गाडेय उप विधानसभा चुनाव को लेकर भी आज से नामांकन की प्रक्रिया सो गई है ३ में तक इसके लिए भी नामांकन करने की अंतिम तिथि है २० में को भी इस उपचुनाव के लिए मतदान किया जाना है पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि आम चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है शांतिप्रिय माहौल में चुनाव संपन्न हो इसके लिए पुलिस दृढ़ संकल्पित है श्री शर्मा ने कहा कि चुनाव को देखते हुए पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है करोड़ों रुपए भी जप्त कर चुकी है इसके साथ में लाखों रुपए के शराब जप्त किया जा चुका है इसके साथ उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर संवेदन एवं अति संवेदनशील बूथो पर पुलिस की विशेष नजर होगी श्री शर्मा ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर पर्याप्त बल मौजूद हैं अतिरिक्त कंपनियां के लिए पत्राचार किया जा चुका है उन्होंने आम लोगों से अपील किया है कि आम चुनाव में मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### दूसरे चरण की 13 राज्यों---

बाद चुनाव शुरू हुआ्। एक समूह मतदान करना चाहता था तो एक दूसरा समूह चुनाव का बहिष्कार कर रहा था, इसी वजह से दोनों पक्षों में हंगामा हो गया और उन्होंने ईवीएम नष्ट कर दिया और पथराव भी किया। मध्यप्रदेश की ६ सीटों पर शाम ६ बजे तक ५८.३५ प्रतिशत मतदान हुआ्। इस बार २०१९ की तुलना में करीब १० प्रतिशत मतदान कम हुआ है। मध्यप्रदेश की इन ६ सीटों पर २०१९ में मतदान प्रतिशत ६७.६४ प्रतिशत था। चुनाव आयोग के अनुसार शाम ६ बजे तक की ओवर ऑल वोटिंग ५८.३५ प्रतिशत रही। सबसे ज्यादा होशंगाबाद ६७.८६ प्रतिशत मतदान हुआ्। सबसे कम रीवा में मात्र ४८.६७ प्रतिशत वोटिंग हुई्। टीकमगढ़ में ५९.७९ प्रतिशत, दमोह में ५६.१८ प्रतिशत, खजुराहो में ५६.४४ प्रतिशत, सतना में ६१.७७ प्रतिशत वोटिंग हुई्। विधानसभा वार बात की जाए तो नर्मदापुरम (होशंगाबाद) के पिपरिया में सबसे ज्यादा ७३.३४ प्रतिशत वोटिंग हुई्। वहीं रीवा के त्यौंथर में सबसे कम ४५.५२ प्रतिशत वोटिंग हुई्।

राज्यवार मतदान प्रतिशत- असम ७०.६८, बिहार ५४.१७, छत्तीसगढ़ ७२.५१, जम्मू कश्मीर ६७.२२, कर्नाटक ६४.५१, केरल ६५.०४, मध्य प्रदेश ५८.३५, महाराष्ट्र ५३.७१, मणिपुर ७७.१८, राजस्थान ५९.९७, त्रिपुरा ७७.९७, यूपी ५३.१२, पश्चिम बंगाल ७१.८४।

### हम पैसा भेजते हैं----

हम कहते हैं कि इसके लिए हम फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाएंगे, लेकिन टीएमसी के लोग कहते हैं कि हमें कट मिलना चाहिए्। मोदी ने कहा कि मां, माटी और मानुष के नाम पर आई टीएमसी सरकार ने महिलाओं का सबसे ज्यादा नुकसान किया है। हमने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तीन तलाक खत्म किया तो टीएमसी सरकार उसके खिलाफ रही। इसके अलावा संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को बचाती रही और ये चाहते हैं कि बंगाल में वंदे भारत ट्रेनें भी ठप हो जाएं्। पीएम मोदी ने नागरिकता संशोधित कानून (सीएए) को लेकर कहा कि हिंदू, बौद्ध, सिख और ईसाई का यदि किसी देश में उत्पीड़न होता है तो वे कहां जाएंगे। ऐसे पीड़ित लोगों को हम नागरिकता दे रहे हैं्। इससे ममता सरकार को क्या परेशानी है। पीएम मोदी ने एक बार फिर राहुल गांधी के संसाधनों के पुनर्वितरण वाले बयान पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे कहते हैं कि हमारे पास एक्सरे है, जिससे पता लगाएंगे कि किसके पास क्या है और उसे ले लेंगे। टीएमसी वाले भी राहुल गांधी के इस मंसूबे में साथ दे रहे हैं्। इसलिए बंगाल के लोगों आप सोचना है। मोदी की गारंटी मोदी जो कहता है वह करता भी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम-वीवीपैट से---

हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिटों को भी सील कर सुरक्षित किया जाए्। कोर्ट ने निर्देश दिया कि उम्मीदवारों के पास परिणामों की घोषणा के बाद टेक्निकल की एक टीम द्वारा ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर प्रोग्राम की जांच कराने का विकल्प होगा, जिसे चुनाव की घोषणा के ७ दिनों के भीतर किया जा सकेगा।

४५ दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा

वोटिंग पर्चियों की गिनती पर कोर्ट ने कहा, सिंबल लोडिंग यूनिट्स के पूरा होने पर कंटेनर में सील कर दिया जाएगा। इस पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर होंगे और नतीजे घोषित होने के बाद ४५ दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। यानी नतीजे घोषित होने के ४५ दिन तक ईवीएम का डेटा और रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा। नतीजे में दूसरे और तीसरे नंबर पर आए उम्मीदवार चाहें तो परिणाम आने के सात दिन के भीतर दोबारा जांच की मांग कर सकते हैं्। ऐसी स्थिति में इंजीनियरों की एक टीम द्वारा माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच की जाएगी।

वेरिफिकेशन के लिए देना होगा खर्चा

जस्टिस खन्ना ने कहा कि वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को खुद ही उठाना पड़ेगा। यदि ईवीएम में गड़बड़ी पाई जाती है तो खर्च वापस कर दिया जाएगा। जस्टिस दत्ता का कहना था कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना ठीक नहीं है। लोकतंत्र, सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखने के बारे में है। विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं्।

### अब घर बैठे बुक कर सकेंगे--

के लिए अनारक्षित टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकता था। अब यह प्रतिबंध हटा दिया गया है। जिसके चलते जनरल टिकट और प्लेटफार्म टिकट आप अपने मोबाइल ऐप से घर बैठे ही बुक कर सकते हैं्।

**किसी भी स्टेशन से किसी भी स्टेशन के लिए टिकट बुकिंग संभव**

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मोबाइल ऐप की सुविधा यात्रियों को प्रदान की गई थी। इसमें टिकट बुकिंग के लिए स्टेशन परिसर से एक निश्चित दूरी का प्रतिबंध लगाया गया था। जिसे अब खत्म कर दिया गया है और अब यात्री घर बैठे किसी भी स्टेशन से किसी भी स्टेशन के लिए अनारक्षित टिकट या प्लेटफार्म टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से ले सकते हैं्। उन्होंने आगे बताया कि पिछले काफी समय से अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल द्वारा इंटरनेट कनेक्शन वाले स्मार्ट फोन (एनड्राइड या विंडो आधारित) के जरिए अनारक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा से रेल यात्री अनारक्षित टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में लगने से बच सकते हैं और वे अपने मोबाइल से आसानी से जनरल यानी अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं्।

### सोपोर में दो आतंकी---

ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई्। गुरुवार को रात अंधेरा होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें दो आतंकी मारे गए्। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है। वहां लश्कर के डिवीजनल कमांडर उस्मान और लश्कर के संगठन टीआरएफ के कमांडर बासित डार के फंसे होने की जानकारी थी।

# भाजपा से कालीचरण और निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक ने किया नामांकन





**चतरा (ससे):** चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उन्होने प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं को जानकारी दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार शुक्रवार से नामांकन शुरू हुआ है जो ०३ मई २०२४ तक ११:०० बजे से ०३:०० बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे।

वहीं उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से समाहरणालय के १०० मीटर के दायरे में दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। नामांकन के दौरान उम्मीदवार के साथ चार लोग को ही निर्वाची पदाधिकारी कक्ष में आने की अनुमति है।

उन्होने बताया कि शुक्रवार को १२ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन फॉर्म लिए गए है। शुक्रवार को नामांकन के पहले दिन कुल ०२ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से कालीचरण सिंह, पिता बैजनाथ सिहं वहीं निर्दलीय से अभिषेक कुमार सिंह, पिता राकेश कुमार सिंह ने अपना-अपना नामांकन दाखित किया।

उन्होने कहा जो उम्मीदवार चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव लड़ना चाहते है वो उम्मीदवार ११:०० बजे से ०३:०० बजे तक नोमिनेशन फाईल कर सकते है।

दिनांक-२७ अप्रैल एवं २८ अप्रैल एनआईए एक्ट के तहत अवकाश होने के कारण नॉमिनेशन फाईल नहीं किया जाएगा। दिनांक ०४ मई को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी एवं दिनांक-०६ मई को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते है।

वहीं २० मई २०२४ को मतदान दिवस है एवं ०४ जून २०२४ को वोटों की गिनती की जाएगी। ०४-चतरा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या-१६८५४६२ है जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक चतरा विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा, सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटी, एक की मौत



**डालटनगंज (ससे):** पलामू जिले के पंडवा थाना क्षेत्र के लोहड़ा हाई स्कूल के समीप शुक्रवार को डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच ९८ पर मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि ९ जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया जो आंशिक रूप से जख्मी थे, उनका मौके पर ही इलाज किया गया। घटना के बाद मजदूर के परिजन उग्र हो गए और मुआवजा की मांग को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि सारे मजदूर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए काम कर रहे थे और मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के चियांकी के एक साइड पर काम करने जा रहे थे। सभी मजदूर वहां तीन माह से काम कर रहे थे। हर रोज की तरह शुक्रवार को सुबह १० बजे हाजिरी बनाकर चियांकी साइड पर जा रहे थे, तभी इस तरह की घटना घट गयी।

जानकारी के अनुसार एमआरएमसीएच में इलाज कराने आए मजदूर ने बताया कि पंडवा स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया कंपनी कार्यालय में हाजिरी बनाने के बाद साइड पर जाने के लिए निकले थे। इसी क्रम में अचानक अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गयी। पिकअप का इंश्योरेंस फेल बताया गया है। ड्राइवर मुन्ना कुमार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक का पुत्र गौतम कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर मजदूर के परिजन इलाज कराने एवं हाल चाल जानने के लिए एमआरएमसीएच में पहुंचे। उनके रोने विलखने से माहौल गमगीन हो गया। मृत मजदूर की पहचान पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव निवासी कोमल महतो (५५वर्ष) के रूप में हुई है। संजय महतो (४०वर्ष), मुरली महतो (५०वर्ष), उमेश राम (४५वर्ष) को गंभीर चोटें आई है, जबकि राजेश कुमार (३५वर्ष), जितेन्द्र कुमार, मुखर्जी, डोमन साव, राहुल कुमार, मुन्ना कुमार, वीरेन्द्र साव को मामूली चोट आई है।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए भाजपा को वोट दें: बाबूलाल मरांडी



**गिरिडीह (ससे):** कोडरमा संसदीय क्षेत्र में नाम नामांकन दाखिल करने के साथ ही शुक्रवार से चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। गिरिडीह जिले के लेदा में भाजपा ने एक चुनावी सभा का आयोजन कर २० मई को भारी संख्या में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और गांडेय उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए भाजपा को वोट दे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के १० वर्षों के किए विकास कामों के आधार पर वोट मांगने आए हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि २० मई को एक एक वोट भाजपा को देकर नरेंद्र मोदी को पीएम बनाए।

# बार एसोसिएशन चुनाव से दो हटे , नाम लिया वापस

**सरायकेला-खरसावां (ससे):** सरायकेला-खरसावां जिला बार एसोसिएशन की ७ मई को होने वाले चुनाव को लेकर शुक्रवार को नाम वापसी की तिथि निर्धारित थी, जिसमें दो उम्मीदवारों द्वारा के द्वारा नाम वापसी की गई है।शुक्रवार को उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता सूरज पूर्ति एवं जॉइंट सेक्रेटरी एडमिनिस्ट्रेटिव पद के उम्मीदवार अधिवक्ता छत्रपति महतो ने अपना नाम वापस ले लिया है।इसी के साथ उपाध्यक्ष पद के लिए अब दो उम्मीदवार मैदान में बचे हैं ,जबकि जॉइंट सेक्रेटरी एडमिनिस्ट्रेटिव पद पर तीन उम्मीदवार चुनाव में भाग ले रहे हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया के पश्चात अब ७ मई को होने वाले चुनाव के लिए सभी उम्मीदवार प्रचार -प्रसार भी शुरू कर दी है।चीफ इलेक्शन ऑफिसर सह वरिय अधिवक्ता अजीत कुमार दास ने बताया कि अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष जनरल सेक्रेटरी, जॉइंट सेक्रेटरी (प्रशासनिक),जॉइंट सेक्रेटरी (लाइब्रेरी) ,कोषाध्यक्ष एवं असिस्टेंट कोषाध्यक्ष एक-एक पद चुनाव होना है। इसके अलावे पांच कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव भी मतदान के जरिए होना है। उन्होंने कहा कि शांति एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है। आगामी ७ मई को सुबह ७:३० बजे से अपराह्न १२:३० बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है ।मतदान उपरांत उसी दिन अपराह्न २:०० बजे से मतगणना प्रारंभ की जाएगी तथा शाम ५:०० बजे तक विजय उम्मीदवारों का नाम घोषणा कर दिया जाएगा।

# पति ने लगाई फांसी तो पत्नी ने चाकू से गला काटकर की आत्महत्या

**दानापुर (एजेंसी):** इंद्रपुरी में एक दंपति ने आत्महत्या कर ली है. आत्महत्या करने का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है. बता दें कि पति ने आत्महत्या करने से पहले पत्नी के हाथ की नस काट दी थी और उसका खून घर में मौजूद शंकर भगवान की तस्वीर पर चढ़ा दिया. उसके बाद पति पप्पू राय फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया.बता दें कि ६ साल की बच्ची ने जब देर रात यह नजारा देखा तो दंग रह गई. उसने अपने परिजनों को फोन किया और परिजनों ने पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी. घटना की जानकारी सुन पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया.

इस दौरान पप्पू राय का एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है जिसमें अपने दोस्त पिंटू कुमार के नाम सुसाइड नोट लिखते हुए पप्पू राय ने कहा है कि दोस्त हम दोनों का शव मिलने के बाद अंतिम संस्कार कर देना और बच्ची को किसी अनाथालय में पहुंचा देना. हमारे परिवार को इसके बारे में नहीं बताना.

परिजनों ने बताया कि पप्पू राय की दूसरी शादी पूजा से हुई थी. ८ माह पहले इनकम टैक्स कॉलोनी से किराए के मकान में दशरथा इंद्रपुरी आया था और यही रह रहा था. तब से पति-पत्नी में विवाद भी चल रहा था. रात में पप्पू राय की पहली पत्नी से गायब उसकी बेटी के सारे कपड़े घर के बाहर फेंक दिया था. जिसे सुबह परिजनों ने देखकर पुलिस को बताया और उस आईडी कार्ड बरामद किया. फिलहाल पूरे मामले की तफ्तीश पुलिस कर रही है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर इसमें पूरा मामला क्या है.

# झुमरा की तलहटी में अर्धसैनिक बलों का नक्सलियों से हुआ सामना

**बोकारो (ससे):** बोकारो अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र झुमरा की तलहटी में अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर जिला पुलिस ने संयुक्त सर्च अभियान चलाया। पुलिस का नक्सलियों के साथ आमना सामना भी हुआ। नक्सली फायर करते हुए जंगल का लाभ लेकर भागने में सफल हो गया। एसडीपीओ बेरमो वशिष्ठ नारायण सिंह ने मीडिया को बताया है कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमांडर वीरसेन उर्फ चंचल की अपने साथियों के साथ झूमरा में भ्रमणशील होने की सूचना पर सर्च अभियान चलाया गया था। नक्सली तो भागने में सफल हो गए लेकिन पुलिस ने मौके से एक बंदूक बरामद किया है। साथ ही टेंट और खाना बनाने की सामग्री मिली जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान अभी भी जारी है।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत , पति गंभीर

**सरायकेला-खरसावां (ससे):** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत एनएच-३३ भादुडीह के पास शुक्रवार सुबह भीषण सड़क दुर्घटना में महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि मोटरसाइकिल चला रहा महिला का पति भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।चांडिल के हारुडीह गांव निवासी तारापदो महतो अपनी पत्नी मल्लिका महतो के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर चांडिल से जमशेदपुर जा रहे थे, इस बीच भादुडीह में अज्ञात तेज रफ्तार वाहन से जोरदार टक्कर हो गई, जहां अज्ञात वाहन ने पति- पत्नी को कुचल फ़रार हो गया, इस दुर्घटना में पत्नी की मौके पर मौत हो गई ,जबकि पति डॉक्टर तारापदो महतो गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं, घटना के बाद चांडिल पुलिस मौके पर पहुंची और महिला केशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं पुलिस आगे पड़ताल में जुड़ गई है।

# 420 बोतल अवैध शराब ज़ब्त

**देवघर (ससे):** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देवघर पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी की जा रही है । इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर देवघर के बैद्यनाथ धाम स्टेशन रोड आर मित्रा स्कूल के पीछे एक घर से कुल ४२० बोतल शराब की खेप को पुलिस ने ज़ब्त किया है । देवघर एसडीपीओ ऋत्विक श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी की गुप्त सूचना मिली थी कि आर मित्रा स्कूल के पीछे अनीता घोष के घर में भारी मात्रा में शराब को रख के अधिक मुनाफा कमाने के नियत से अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है ।

उसको लेकर गठित टीम के द्वारा छापेमारी की गई जिसमें १४१ बोतल बियर की बॉटल, विभिन्न ब्रांड के ३७५ का २१६ बोतल शराब, विभिन्न ब्रांड के १८० एमएल का ६३ बोतल शराब को पुलिस ने ज़ब्त किया है। उसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। हालांकि छापेमारी के दौरान किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी लेकिन अनीता घोष के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज किया है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# शादी में मिले गहने चोरी, दुल्हन का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

**पटना (ईएमएस):** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक घर से शादी के दूसरे दिन चोरों ने नई नवेली दुल्हन ने गिफ्ट में मिले २५ लाख रुपये की चोरी कर ली। शादी में मिले गहने चोरी होने के बाद से दुल्हन का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि दुल्हन दो दिन पहले ही ससुराल आई थी। दुल्हन के मायके वालों ने शादी में जेवर, गोदरेज समेत कई कीमती सामान दिया था।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की पहचान करने में जुट गई है। चोरी की यह घटना जिले कांटी थाना क्षेत्र के सदादतपुर मोहल्ले में हुई। डेयरी में कार्यरत अशरफ इमाम और शिक्षिका रेहाना खातून का मकान सदातपुर मोहल्ला में है। वह मूल रूप से शिवहर के कोट्ठा के रहने वाले हैं। इनके बेटे आमिर फैजी की शादी २२ अप्रैल को कांटी थाना के बहुआरा पंचायत विशुनपुर महानंद गांव में हुई थी।

लड़की के पिता का फरीदाबाद में कारोबार है उन्होंने बेटी को शादी में २५ लाख रुपये के गहने व अन्य कीमती सामान दिया था। शादी के बाद आमिर फैजी का पूरा परिवार २३ अप्रैल को शिवहर स्थित पैतृक गांव चले गए। २४ अप्रैल की सुबह परिवार वापस घर लौटा तो ताला टूटा मिला। कमरे और दो अलमारी व पेटी और बक्से के ताले टूटे पड़े थे। उनके अंदर रखा कीमती सामान भी गायब था और कुछ घर का सामान फर्श पर बिखरा था। तुरंत ही उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। शादी में मिले गहने चोरी होने के बाद से दुल्हन का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल टॉवर लोकेशन के आधार पर चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है। इस मामले पर कांटी थाना प्रभारी ने बताया कि एक घर से लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। इसकी गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस दावा कर रही है कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# एक घर में लगी आग 41 घरों तक पहुंची,1 महिला और भैंस की मौत

**गोंडा (ईएमएस):** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ख्वाजाजोत चकिया में गुरुवार शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे ४१ लोगों की घर-गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग की चपेट में आकर एक महिला झुलस गई। उसे एक निजी अस्पताल भेजा गया है। जबकि एक भैंस की जलने से मौत हो गई। ग्राम ख्वाजाजोत चकिया में बृहस्पतिवार शाम अचानक आग की लपटें उठने लगीं। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में पूरे गांव को चपेट में ले लिया। किशोरी की एक भैंस जलकर मर गई। भैंस को बचाने के प्रयास में किशोरी की पत्नी झुलस गई। धानेपुर इंस्पेक्टर वेद प्रकाश शुक्ल पुलिस बल के साथ पहुंचे। गोंडा व मनकापुर से दमकल बुलाई गई। अग्निशमनकर्मियों के साथ ही ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए।

वजीरगंज (गोंडा)। क्षेत्र के चंदापुर पूरेलक्ष्मन में बृहस्पतिवार को अज्ञात कारणों से लगी आग से बरसाती उर्फ गुरु मौर्य की ८५ हजार नकदी समेत गृहस्थी जलकर राख हो गयी। पीड़ित ने बताया कि चार क्विंटल चावल, सात क्विंटल गेहूं, कपड़े व बर्तन आदि सामान जल गया। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। सुंदरलाल, पन्नालाल, मुन्नालाल, सोहनलाल, पित्तीय राम, मंसाराम, आसाराम, देवी प्रसाद, विनोद कुमार, भगवती प्रसाद, पारस राम, रक्षा राम, बालक राम, घनश्याम, राम लक्ष्मण, राम बच्चन, बजरंगी, सुदर्शन, नानमून, रामदीन, दयाराम, सहज राम, बधाई राम, राम कृपाल, धर्मेंद्र, सुंदरलाल, हरिराम, तुलाराम, सियाराम, राघव राम, अर्जुन, मेला राम, राजेंद्र प्रसाद, प्रदीप, विजय कुमार, संदीप, शैलेंद्र, प्रसाद, अजय कुमार, संजय, पवन सहित ४१ लोगों के फूस के मकान व पूरी गृहस्थी आग की भेंट चढ़ गई।

# भाजपा के मनीष जायसवाल और झापा उम्मीदवार राजकुमार करेंगे नॉमिनेशन 1 को

**हजारीबाग (ससे):** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र शुक्रवार से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल के सी विंग कमरा संख्या ३०२ निर्वाचन कार्यालय से मिलना शुरू हो चुका है। एक मई को एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल नामांकन करेंगे। झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार भी एक मई को ही अपना नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल ने अपना नामांकन दाखिल करने की तारीख अब तक तय नहीं किया है।

निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि २६ अप्रैल से अभ्यर्थी (२७ एवं २८ अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। ३ मई (अंतिम तिथि) तक प्रपत्र भरकर निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है । वहीं आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित पांच लोग अधिकतम को ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति रहेगी। निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय से १०० मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

# गांधी ने कसा तंज, कहा पीएम मोदी 24 घंटे भटका रहे ध्यान

**बंगलूरू (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों में कांग्रेस और राहुल गांधी पर लगातार जुबानी हमले कर रहे हैं। सियासी बयानबाजी का दौर जारी है। ताजा घटनाक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में आयोजित चुनावी रैली में पीएम मोदी पर जमकर बरसे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जल्द ही ऐसा होने की संभावना है कि पीएम मोदी सार्वजनिक रूप से राजनीतिक रैली के दौरान आंसू बहाते दिखें। बकौल राहुल गांधी पीएम मोदी २४ घंटे जनता का ध्यान भटकाने के प्रयास करने में लगे हुए हैं। राहुल ने कहा के पीएम मोदी ने पिछले १० साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ २०-२५ लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना ७० करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में १ प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जो ४० प्रतिशत धन कंट्रोल करते हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे।

कांग्रेस सत्ता में लौटी तो खत्म होगी अग्निवीर योजना

राहुल ने युवाओं से वादा किया कि अग्निवीर योजना को भी खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अग्निवीर योजना में १८ से २१ साल के युवाओं को तीन साल तक सेना में काम करने का मौका दिया जा रहा है। इस तरह से पीएम मोदी ने युवाओं से सेना की नौकरी छीनी है, जो कि भारतीय सेना और सैनिकों का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस वजह से इस योजना का खत्म होना जरूरी है।

राहुल गांधी ने लोगों पर जबरन जीएसटी थोपने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पांच अलग-अलग प्रकार के कर लगाए, जो जनता पर बहुत भारी पड़ रहे हैं।

# उपायुक्त ने चुनाव कार्यक्रमों की दी जानकारी

**रामगढ़ (ससे):** रामगढ़ समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने संवाददाता सम्मेलन का आयोजन कर स्वच्छ निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने सहित मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि रामगढ़ हजारीबाग लोकसभा चुनाव का हिस्सा है और इसका चुनाव २० मई को निर्धारित है और ३ मई तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। ४ मई को स्क्रूटनी है और ६ मई को तीन बजे तक नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। हजारीबाग लोकसभा चुनाव के सिलसिले में रामगढ़ में भी २० मई को सुबह ७ बजे से ५ बजे शाम तक वोटिंग होगी।

# युवक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

**लोहरदगा (ससे):** लोहरदगा अंतर्गत बगड़ू थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारीस बिन जमां के दिशा निर्देश पर छापामारी करते हुए थाना क्षेत्र के निरहू गांव से एक युवक के पास से अवैध देशी कट्टा बरामद किया। साथ ही युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। युवक की पहचान बवनड़िहा गांव निवासी ३२ वर्षीय किशोर तिर्की पिता स्वर्गीय सुरेश तिर्की के रूप में हुई है। अपने ससुराल निरहू में था जानकारी के अनुसार बगड़ू थाना प्रभारी वारिस हुसैन को एक युवक अपने पास देशी कट्टा लेकर घूमने की सूचना मिली थी।

# औवेसी ने अंसारी को बताया शहीद,अतीक की मौत पर उठाए सवाल

**वाराणसी (ईएमएस):** वाराणसी में पहली बार तीसरे मोर्चे के रूप में बनी पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित और मुस्लिम की जनसभा शहर के बुनकर कॉलोनी मैदान में हुई। जनसभा को संबोधित कर एआईएमआईएम प्रमुख असुद्दीन ओवैसी ने बीजेपी के साथ विपक्ष के नेताओं पर भी जोरदार प्रहार किया। ओवैसी ने मुख्तार अंसारी को शहीद तक का दर्जा दे दिया। इतना ही नहीं उन्होंने भरे मंच से अतीक अहमद की हत्या पर भी सवाल खड़े किए।

अपने भाषण की शुरूआत में औवेसी ने कहा कि यह बनारस मोदी का नहीं उस्ताद बिस्मिल्लाह और तुलसीदास और गंगा जमुनी तहजीब का है। ओवैसी ने कहा कि पीडीएम इंसाफ के लिए बनाया गया है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में पिछड़े समाज के लिए एक विकल्प के लिए बनाया गया है। हम ५० साल से वोट देने वाले बने, लेकिन अब हम वोट लेने वाले बनने वाले हैं। संघ, बीजेपी, समाजवादी पार्टी या अन्य पार्टियां सिर्फ जुबान से इंसाफ की बात करती हैं, लेकिन जमीन पर अमली जामा पहनाने का काम नहीं करती।

ओवैसी ने अखिलेश यादव पर निशाना साधकर कहा कि जो (मुसलमान) सपा के लिए जान दे रहा है, उसी के पैर में गोलियां (एनकाउंटर) मारी जा रही हैं। हमें (मुसलमानों) ही जेल में जहर दिया जा रहा है। हमारे ही घर को बुलडोजर से तोड़ा जा रहा है। पूर्व सांसद (अतीक) जो १० सुरक्षाकर्मियों के साथ चल रहा है, उस कोई भी नजदीक से जाकर गोली मार देता है। लेकिन इन सबपर अखिलेश की जुबान से आवाज नहीं निकलती।

सपा चाहती है कि आप भैया के लिए जान कुर्बान करो और दरी बिछाओ। एक वक्त ऐसा आएगा जब अखिलेश खुद दरी बिछाएंगे और आपके लिए जान भी देने को तैयार होंगे। ओवैसी ने कहा, मुख्तार का नाम लेकर कह रहा हूं मैं किसी के बाप से डरने वाला नहीं हूं। अंसारी एक इंसान था, ज्यूडिशल कस्टडी में था, अंसारी को जहर देकर मार दिया।

# यौन शोषण केस में आरोपी ब्रजभूषण की याचिका खारिज

**गोंडा (ईएमएस):** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी। बृजभूषण ने यौन उत्पीन के आरोपों की दोबारा जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट अब ७ मई को आरोप तय करेगी। बृजभूषण ने दावा किया था कि घटना के दिन, ७ सितंबर २०२२ को वह दिल्ली में नहीं थे, इसलिए इन आरोपों की दोबारा जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाने वाली पहलवानों की सीडीआर (कॉल डिटेल रिपोर्ट) की कॉपी भी मांगी है।

# विस्तारा की फ्लाइट में आई खराबी, मुंबई से पहुंची तकनीकी टीम

**पटना (ईएमएस):** पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके ७१७ दिल्ली से पटना आने के बाद खराब हो गई।
जांच के दौरान ये जानकारी मिली की इसके इंजन में कुछ तकनीकी खराबी है। इसके बाद इससे यात्रा करने वाले यात्रियों को इसकी सूचना दी गई है। यह फ्लाइट सुबह ९ बजे के आस पास पटना एयरपोर्ट पर पहुंची थी और ११ बजे फिर से पटना से दिल्ली जाना था। विमान में आई खराबी को ठीक करने के लिए मुंबई से इंजीनियर्स को बुलाया गया है। कंपनी की तरफ से इस फ्लाइट से जाने वाले यात्रियों को अलग फ्लाइट की व्यवस्था की गई है।

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,बोकारो
## (जिला भू-अर्जन कार्यालय)
**Email Id :-landacquisition.bokaro@gmail.com**

**-:: आम सूचना ::-**

एतद् द्वारा सूचित किया जा रहा है कि भारतमाला परियोजना, फेज-2, वाराणसी से कोलकाता एक्सप्रेस वे के निर्माण एवं चौडीरकण हेतु बोकारो जिला अन्तर्गत गोमिया/पेटरवार/ कसमार एवं जरीडीह अंचल के विभिन्न मौजा में अर्जनाधीन भूमि के प्रभावित रैयत को यथाशीघ्र मुआवजा भुगतान हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उपरोक्त अंचल के प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय के सभाकक्ष में कैम्प कोर्ट का आयोजन कर अर्जनाधीन मौजा के विवादित मामलों का On the Spot स्वत्व/राजस्व कागजाज प्राप्त कर सुनवाई की गयी। सुनवाई उपरान्त निम्नलिखित मामले जिनमें पंचाटी का अंश/ आपसी बंटवारा/ स्वत्व /दखल-कब्जा संबंधी विवाद होने के कारण स्वत्व निर्धारण के लिए मान्नीय सब जज II, वरीय कोटि, सिविल कोर्ट के न्यायालय में भेजने हेतु अनुसंशित है। जिसकी सूची निम्नवत: है:-

| क्र0 | अंचल | मौजा | एवार्ड | रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पेटरवार | एटके | 5 | चमुआ रजवार वो शीतवा रजवार वगै0। |
| 2 | पेटरवार | एटके | 6 | भीखू मांझी वो चुडु मांझी वो वासूदेव मूर्मू वो महादेव मांझी वगैरह। सुन्दवा देवी पति स्व० खेदन महतो। |
| 3 | पेटरवार | एटके | 9 | मकुन्द महथा वो लखीनारायण वो जयदेव पिता जगदीश महथा, बुचेश्वर वो राधेश्याम पिता वनमाली महथा, हेमु महथा पिता टिलू महथा। |
| 4 | पेटरवार | एटके | 10 | विक्रम मुण्डा, बलराम मुण्डा, अजय मुण्डा पिता स्व0 गोविन्द मुण्डा। चन्दन मुण्डा पिता स्व0 दुर्गा मुण्डा। संजय मुण्डा, मोटू मुण्डा, छोटू मुण्डा पिता स्व0 विनोद मुण्डा। जमुना मुण्डा, गंगा मुण्डा, नरेश मुण्डा पिता स्व0 भरत मुण्डा। |
| 5 | पेटरवार | एटके | 14 | शुभम ठाकुर पिता कारू ठाकुर, मनोज कुमार शर्मा, भुषण ठाकुर पिता चमन ठाकुर। |
| 6 | पेटरवार | एटके | 20 | चेता ठाकुर, छोटे ठाकुर पिता रघुनन्दन हजाम, गंगा ठाकुर, लुटन ठाकुर, साधु ठाकुर पिता गनेश हजाम, धनेश्वर ठाकुर पिता चुटर हजाम। |
| 7 | पेटरवार | एटके | 23 | मकुन्द महथा वो लखीनारायण वो जयदेव पिता जगदीश महथा , बुचेश्वर वो राधेश्याम पिता वनमाली महथा , हेमु महथा पिता टिलू महथा । |
| 8 | पेटरवार | एटके | 24 | मकुन्द महथा वो लखीनारायण वो जयदेव पिता जगदीश महथा , बुचेश्वर वो राधेश्याम पिता वनमाली महथा , हेमु महथा पिता टिलू महथा । |
| 9 | पेटरवार | एटके | 29 | रमेश ठाकुर, सुरश ठाकुर पिता बंशी हजाम, राजेश ठाकुर, कुनेश्वर ठाकुर, संजय ठाकुर पिता मोहन हजाम, अर्जुन हजाम, सरयू हजाम पिता हेमलाल हजाम, मुकुंद हजाम, प्यारेलाल हजाम, छोटेलाल हजाम, नकुल हजाम, तीजू हजाम, नारायण हजाम पिता रामदास हजाम। धीरज ठाकुर पिता शिवली हजाम, रामचंद्र हजाम, मदन हजाम, फूटन हजाम पिता लटलू हजाम, मुकेश ठाकुर, आनंद ठाकुर पिता फुटन हजाम, विकाश ठाकुर, विगन ठाकुर उर्फ रवि ठाकुर पिता लक्ष्मी ठाकुर। |
| 10 | पेटरवार | एटके | 30 | रमेश ठाकुर, सुरश ठाकुर पिता बंशी हजाम, राजेश ठाकुर, कुनेश्वर ठाकुर, संजय ठाकुर पिता मोहन हजाम, अर्जुन हजाम, सरयू हजाम पिता हेमलाल हजाम, मुकुंद हजाम, प्यारेलाल हजाम, छोटेलाल हजाम, नकुल हजाम, तीजू हजाम, नारायण हजाम पिता रामदास हजाम। धीरज ठाकुर पिता शिवली हजाम, रामचंद्र हजाम, मदन हजाम, फूटन हजाम पिता लटलू हजाम, मुकेश ठाकुर, आनंद ठाकुर पिता फुटन हजाम, विकाश ठाकुर, विगन ठाकुर उर्फ रवि ठाकुर पिता लक्ष्मी ठाकुर। |
| 11 | पेटरवार | एटके | 31 | रमेश शर्मा वो सुरेश ठाकुर पिता बंशी ठाकुर । राजेश ठाकुर, कुनेश्वर ठाकुर संजय ठाकुर पिता मोहन ठाकुर। महेश कुमार शर्मा वो धनेश कुमार पिता अर्जुन राम शर्मा वो नंदकिशोर ठाकुर पिता हेमलाल हजाम। सुधीर शर्मा पिता मुकुंद शर्मा वो रंजय शर्मा वो धनञ्जय शर्मा पिता नकुल ठाकुर वो तेजू ठाकुर वो नारायण ठाकुर पिता रामदास हजाम। |
| 12 | पेटरवार | एटके | 32 | रमेश शर्मा वो सुरेश ठाकुर पिता बंशी ठाकुर । राजेश ठाकुर, कुनेश्वर ठाकुर संजय ठाकुर पिता मोहन ठाकुर। महेश कुमार शर्मा वो धनेश कुमार पिता अर्जुन राम शर्मा वो नंदकिशोर ठाकुर पिता हेमलाल हजाम। सुधीर शर्मा पिता मुकुंद शर्मा वो रंजय शर्मा वो धनञ्जय शर्मा पिता नकुल ठाकुर वो तेजू ठाकुर वो नारायण ठाकुर पिता रामदास हजाम। |
| 13 | पेटरवार | एटके | 34 | रमेश ठाकुर, सुरश ठाकुर पिता बंशी हजाम, राजेश ठाकुर, कुनेश्वर ठाकुर, संजय ठाकुर पिता मोहन हजाम, अर्जुन हजाम, सरयू हजाम पिता हेमलाल हजाम, मुकुंद हजाम, प्यारेलाल हजाम, छोटेलाल हजाम, नकुल हजाम, तीजू हजाम, नारायण हजाम पिता रामदास हजाम। धीरज ठाकुर पिता शिवली हजाम, रामचंद्र हजाम, मदन हजाम, फूटन हजाम पिता लटलू हजाम, मुकेश ठाकुर, आनंद ठाकुर पिता फुटन हजाम, विकाश ठाकुर, विगन ठाकुर उर्फ रवि ठाकुर पिता लक्ष्मी ठाकुर। |
| 14 | जरीडीह | अराजू | 13 | हजरत अंसारी वो हैदर अंसारी वो सरफराज अंसारी पिता मुस्तकीम अंसारी, मुस्तकीम अंसारी वो मुस्तफा अंसारी वो अताबुल अंसारी वो हुसैन अंसारी पिता मुजु मियां |
| 15 | जरीडीह | अराजू | 101 | इसराईल अंसारी पिता उसमान अंसारी, धीरेन्द्र नाथ महतो पिता श्री बाउरी महतो, शेख शोनु पिता शेख लखी, गुलजार अंसारी पिता शेर मोहम्मद, उस्मान अंसारी वो लुकमान अंसारी पिता ताजु मियां, आलनुनु अंसारी, राजु मियां वगैरह। |
| 16 | कसमार | रांगामाटी | 1 | निरंजन ठाकूर वगै0 पिता रामजीवन ठाकूर । देवकीनन्दन महतो वगै0 पिता तनू महतो विजय कृष्ण चटर्जी वगैरह पिता कालीदास ठाकुर, सरीत कुमार चटर्जी वगैरह, दूर्गादास ठाकुर वगैरह। |
| 17 | कसमार | रांगामाटी | 3 | दिलिप चटर्जी वो प्रदीप चटर्जी वगै0 पिता स्व0 पंचानन ठाकूर । |
| 18 | कसमार | रांगामाटी | 5 | दिलिप चटर्जी वो प्रदीप चटर्जी वगै0 पिता स्व0 पंचानन ठाकूर , सुदेव ठाकुर वो अशोक ठाकुर वगै0 पिता स्व0 मुकुन्द ठाकुर , विपिन ठाकुर वगै0 पिता स्व0 रामजीवन ठाकुर । रूसीला देवी पति स्व0 चन्दर महतो । बिन्दली देवी पति स्व0 लखीराम महतो । |
| 19 | कसमार | रांगामाटी | 6 | आनन्द महतो वगै0 पिता अहलू महतो , मलेश्वर महतो वो प्रभाकर महतो पिता खीम महतो , लखन लाल महतो वगै0 पिता अनिल महतो । पानो देवी वो झानो देवी वो भानु देवी वो ललकी देवी वगै0 पिता दीनु सिंह । |
| 20 | कसमार | रांगामाटी | 7 | आनन्द महतो पिता अहलू महतो , मलेश्वर महतो वो प्रभाकर महतो वगै0 पिता खीम महतो , लखन लाल महतो वगै0 पिता अनिल महतो । पानो देवी वो झानो देवी वो भानु देवी वो ललकी देवी वगै0 पिता दीनु सिंह । |
| 21 | कसमार | रांगामाटी | 13 | लालू महतो पिता बाबू महतो । भोला महतो वो वोडलू महतो वो बुधु महतो वो धनेश्वर महतो वगै0 पिता स्व0 लालू महतो । रामचन्द्र ठाकुर वगैरह। |
| 22 | कसमार | रांगामाटी | 31 | भूखल कोइरी वगै0 पिता शिबू कोइरी, तुलसी महतो वगैरह पिता स्व0 विशु महतो, नरेश कुमार वगैरह पिता राजू कुमार, संतोष महतो वगैरह रामचन्द्र महतो, दयानन्द महतो वगैरह, राम अयोध्या महतो वगैरह, रोहित महतो वगैरह, शंभू महतो वगैरह, ताराचंद महतो वगै0 पिता शिवदयाल महतो। |
| 23 | कसमार | रांगामाटी | 51 | सहबली मियां वो तेजमूल मियां वगै0 पिता कुर्बान मियां । पिरअली मियां वो जहरली मियां वो मियांजान मियां वो रहमान मियां वो सहवाज मियां । मुख्तार अंसारी वगै0 पिता रहमान मियां। |
| 24 | गोमिया | तिरला | 7 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 25 | गोमिया | तिरला | 9 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 26 | गोमिया | तिरला | 13 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 27 | गोमिया | तिरला | 14 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 28 | गोमिया | तिरला | 15 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 29 | गोमिया | तिरला | 16 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 30 | गोमिया | तिरला | 17 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 31 | गोमिया | तिरला | 18 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 32 | गोमिया | तिरला | 19 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 33 | गोमिया | तिरला | 20 | चुडकु मांझी वो उहदार मांझी वो सिताराम मांझी पिता बड़का मांझी, बाहा मांझी वो स्व0 चरकु मांझी वो शनिचरवा मांझी पिता सिपाही मांझी वो मंगरा मांझी वगैरह पिता सिताराम मांझी, कुलेश्वर टुडु पिता स्व0 चरकु मांझी। |
| 34 | पेटरवार | चरगी | 17 | अशोक कु0 महतो, आलोक कु0 महतो, अनुप कु0 महतो पिता स्व0 निरंजन महतो, प्रदीप कु0 बनवार पिता स्व0 शिवचरण महतो, रामपदारथ महतो पिता स्व0 घनश्याम महतो, रवीन्द्र कु0 महतो, आनन्द कु0 महतो, सुभाषचंद्र महतो, प्रभात महतो, पंकज कुमार महतो, आर्शीवाद महतो पिता स्व0 चन्द्रनाथ महतो, गोबर्धन महतो पिता स्व0 हरीचरण महतो, साधूचरण महतो पिता स्व0 निवारण महतो, शशीभूषण कु0 महतो, सुशील कु0 महतो पिता स्व0 कपिलेश्वर महतो, बिन्देश्वर महतो पिता स्व0 मौजी महतो, धीरेन्द्र महतो पिता स्व0 जलेश्वर महतो, दीपक कु0 महतो, विक्की कु0 पिता स्व0 अनिल कु0 महतो, सुनील कुमार महतो पिता रामेश्वर महतो, राकेश कु0, राजेश कु0, बब्लु महतो पिता स्व0 महेश्वर महतो, अरूण कु0 महतो, पवन कुमार महतो पिता स्व0 कामेश्वर महतो, जितेन्द्र कु0 महतो, अमृत कु0 महतो पिता स्व0 ठाकुरदास महतो, गुजर महतो पिता स्व0 विषेश्वर महतो, नागेश्वर महतो पिता स्व0 मोहन महतो, इन्द्रनाथ महतो, परमेश्वर महतो पिता स्व0 बुधू महतो, संजय कुमार मेहता, सुमित रंजन पिता स्व0 धनेश्वर महतो, कैलाश महतो, जयनन्दन महतो पिता स्व0 कंगलू महतो, रितेश कु0, भरत कुमार महतो पिता स्व0 जगदीश महतो, रविकुमार महतो पिता स्व0 मनोज महतो, किशोर कुमार महतो पिता स्व0 गनेश महतो, दीपेन महतो पिता स्व0 गोखुल महतो, विनय कु0 मेहता, वीरेन्द्र महतो पिता स्व0 रामचरण महतो, उषारानी मेहता पति स्व0 दुर्गाचरण मेहता, माला मेहता पति स्व0 विकास मेहता, ओमप्रकाश मेहता, हितेश कु0 बनवार पिता स्व0 करमूराम महतो, धर्मनाथ मेहता। |

ह0/-
जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,बोकारो

PR 324123 Land Reforms(24-25).D

# लोस चुनाव:यूपी की आठ सीटों पर औसतन 53 फीसदी मतदान



**लखनऊ (ईएमएस):** यूपी में दूसरे चरण के लोकसभा की आठ सीटों पर शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण हुआ। इस दौरान कई बूथों से ईवीएम खराब होने, मतदाता सूची में नाम नहीं होने तथा मतदान करने से रोकने की भी शिकायतें आयीं। वहीं कुछ स्थानों से मतदान के बहिष्कार करने की भी सूचना है। लोकसभा की आठ सीटों के लिए औसतन ५३ प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार अभी तक अलीगढ में ५५ फीसदी, अमरोहा में ६२ प्रतिशत, बागपत में ५३ प्रतिशत, बुलंदशहर में ५५ फीसदी गौतम बुद्ध नगर में ५२ प्रतिशत, गाजियाबाद में ४९ प्रतिशत, मथुरा में ४८ प्रतिशत और मेरठ में ५६ प्रतिशत हुआ है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीट पर मतदान जारी है। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ और मथुरा सीटों पर मतदान हो रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बताया कि द्वितीय चरण के आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव मैदान में ९१ प्रत्याशी हैं, जिनमें ८१ पुरुष तथा १० महिला प्रत्याशी हैं। रिनवा ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद (२९ लाख, ४५ हजार ४८७) में तथा सबसे कम मतदाता बागपत (१६ लाख ५३ हजार १४६) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कुल १,६७,७७,१९८ मतदाता हैं। इसमें ९०,२६,०५१ पुरुष मतदाता, ७७,५०,३५६ महिला मतदाता व ७९१ थर्ड जेंडर हैं। उन्होंने बताया कि अमरोहा से १२ प्रत्याशी, मेरठ से आठ, बागपत से सात, गाजियाबाद से १४, गौतमबुद्धनगर के लिए १५ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बुलंदशहर (अजा) के लिए ६ प्रत्याशी हैं। अलीगढ से १४ और मथुरा से १५ प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं। इन आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत ४० विधानसभा सीटें आती हैं, जो अमरोहा, हापुड़, मरेठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ एवं मथुरा जिले में स्थित हैं।

दूसरे चरण में पश्चिमी और ब्रज क्षेत्र की कुल आठ सीटों पर मतदान हुआ। ये चरण बीजेपी के लिहाज से बेहद अहम है, क्योंकि बीजेपी ने २०१९ लोकसभा चुनाव में ८ में से ७ सीट पर जीत दर्ज की थी। जबकि अमरोहा सीट पर बीएसपी के खाते में गई थी। लेकिन इस बार मुकाबला कांटे का होना जा रहा है। अधिकतर सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जबकि कई सीट पर एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार की सीधी लड़ाई इण्डिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार से है। २०१९ लोकसभा चुनाव में अमरोहा सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर बीजेपी उम्मीदवारों ने कमल खिलाया था। मेरठ से बीजेपी के राजेन्द्र अग्रवाल, बागपत से सत्यपाल सिंह और गाजियाबाद से जनरल वीके सिंह ने जीत हासिल की थी। जबकि गौतमबुद्धनगर सीट से बीजेपी के डॉ. महेश शर्मा, बुलंदशहर सीट से बीजेपी के भोला सिंह, अलीगढ सीट से सतीश कुमार गौतम और मथुरा सीट से हेमा मालिनी ने जीत दर्ज की थी। जबकि अमरोहा सीट से बसपा के टिकट पर कुंवर दानिश अली ने चुनाव जीता था।

२०१९ के बाद अबकी बार इस चरण के समीकरण बदल गए हैं। पिछले चुनाव में जिन कुंवर दानिश अली ने २०१९ में बसपा के टिकट पर चुनाव जीता था, उन्हें इस बार कांग्रेस ने अमरोहा सीट से उम्मीदवार बनाया दिया है। पिछले चुनाव में बसपा और सपा में गठबंधन था। इस वजह से यूपी में बसपा ने १० और सपा ने पांच सीटें जीत ली थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। बसपा अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है और सपा-कांग्रेस इण्डिया गठबंधन में साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी के साथ आरएलडी आ चुकी है। जिसकी वजह से बीजेपी की ताकत बढ़ी मानी जा रही है। इस चरण में सपा और कांग्रेस ४-४ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जबकि बीजेपी सात और आरएलडी एक (बागपत) सीट पर चुनाव लड़ रही है।

# आतिशबाजी से लगी आग, सिलेंडर विस्फोट 6 की मौत

**दरभंगा (ईएमएस):** बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से ६ परिजनों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को यहां बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी। शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की जिससे शामियाना में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया।

इस दौरान आग के फैलने से वहां रखा सिलेंडर विस्फोट कर गया। साथ ही लपटों के रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक तक पहुंचने से आग ने भयानक रूप ले लिया एवं उनके परिवार के ६ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रामचंद्र पासवान का पुत्र, पुत्रवधु, उनके २ बच्चे, पुत्री और बेटी शामिल हैं। श्री रोशन ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की टीम को आग पर काबू पाने में करीब ४ घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर अधिकारियों को भेजा गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया गया है।

# डमी ईवीएम के साथ पप्पू यादव के 4 समर्थक गिरफ्तार

**पूर्णिया(ईएमएस):** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर पूर्णिया लोक सभा अंतर्गत प्रचार प्रसार थम गया था। मतदान से १२ घंटे पहले सियासी हंगामा मच गया है, जहां निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के चार कार्यकर्ताओं को पुलिस ने डमी ईवीएम एवं थार गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टी सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने की है। पुलिस का कहना है कि आज दिन में भी पूर्णिया लोक सभा अंतर्गत कोढ़ा विधान सभा क्षेत्र में बिना अनुमति के ही पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ घूम रहे थे।
साथ ही पप्पू यादव जिस गाड़ी से कोढ़ा में घूमते पाए गए, उन्हें चलाने की अनुमति भी नहीं दी गई थी। पप्पू यादव प्रशासन की अनुमति के बिना अपने समर्थकों के साथ चार गाड़ियों से भ्रमण करते पाए गए थे।

जिसके बाद कटिहार डीएसपी अभिजीत सिंह ने पप्पू यादव के गाड़ी को जब्त कर कोढ़ा थाना में मामला दर्ज कराया। वहीं पप्पू यादव ने डीएसपी अभिजीत सिंह पर अपने पावर का दुरुपयोग और बदतमीजी करने का आरोप लगाया था। सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि देर रात्रि में निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कुछ समर्थक थार गाड़ी के साथ घूम-घूम कर प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने वाहन जांच के दौरान रात्रि में प्रचार करते हुए चार समर्थकों को डमी ईवीएम के साथ गिरफ्तार किया गया है। साथ ही थाड़ गाड़ी को पुलिस ने जब्त किया है। मामला सहायक खजाँची थाना क्षेत्र का मामला है।

# सम्राट चौधरी ने सभी सीटों पर एनडीए की जीत होने का दावा किया है

**पटना (एर्जेसी):** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को बिहार की ५ सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं. इनमें भागलपुर, बांका, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया शामिल हैं.
दूसरे चरण में मतदान के बीच भी सियासी बयानबाजी जारी है. इसी कड़ी में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी सीटों पर एनडीए की जीत होने का दावा किया है. सम्राट चौधरी ने कहा कि सभी सीटों पर एनडीए की जीत. बीजेपी नेता ने इस दौरान राजद अध्यक्ष लालू यादव और उनके परिवार पर भी निशाना साधा. सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव और उनका परिवार पिछले १० साल से एक ही प्रोपेगेंडा फैला रहे हैं, लेकिन १० साल से संविधान



नहीं बदला है.

डिप्टी सीएम ने कहा कि मोदी जी १० साल रह चुके हैं. जनता उनको जान चुकी है. बीजेपी नेता ने कहा कि मोदी जी ने कहा है कि संविधान निर्माता बाबा साहब भी अब आकर संविधान नहीं बदल सकते हैं. सम्राट ने कहा कि लालू यादव और उनके परिवार के लोग गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं. सम्राट चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र का पर्व है सभी लोगों से आग्रह है कि एक-एक वोट भारत के निर्माण और भारत को श्रेष्ठ बनने के लिए दें. भारत को श्रेष्ठ बनने के लिए वोट करें.

पूर्णिया को लेकर उन्होंने कहा कि पूर्णिया में कोई मुकाबला नहीं है. एक भी सीट पर लड़ाई में नहीं है और सारे सीट छ्ऊ जीत रहा है. डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का बिहार में स्वागत है. आज झच् एक बार फिर से बिहार आ रहे हैं. पीएम की जनसभा के लिए पूरा बिहार तैयार है. पिछले दो चुनाव में भी मोदी जी को बिहार की जनता जिताने का काम किया और इस बार भी जिताने का काम करेगी. सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव को ट्विटर वाला बच्चा बताया.

# दागी उम्मीदवारों में पप्पू यादव के आसपास कोई नहीं, दूसरे नंबर पर राजद

**पटना (एर्जेसी):** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की जनता अपना फैसला एतच् में दर्ज कर चुकी है. तो वहीं दूसरे चरण में शुक्रवार को वोटिंग जारी है. इसके बाद ५ अन्य चरणों में वोट डाले जाएंगे.
सभी सातों चरण में मतदान संपन्न होने के बाद ४ जून को मतगणना होगी. इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने बिहार में लोकसभा चुनाव २०२४ का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों का पूरा ब्यौरा दिया है. एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार की सभी ४० सीटों पर कुल १४१ उम्मीदवार मैदान में हैं.

एडीआर की रिपोर्ट में बताया है कि कुल १४१ उम्मीदवारों में से ३७ कैंडिडेट पर आपराधिक मामले दर्ज हैं. बिहार के दागी उम्मीदवारों में बाहुबली नेता पप्पू यादव के आसपास दूसरा कोई नेता नहीं टिकता. पूर्व सांसद ने हलफनामे में ४१ क्रिमिनल केसेस का जिक्र किया है.

बता दें कि पप्पू यादव महागठबंधन से बगावत करके पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. उन्होंने चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में अपनी पार्टी का विलय किया था. ५६ साल के पप्पू यादव ग्रेजुएट हैं और उनके पास १० करोड़ रुपये की संपत्ति है.

पप्पू यादव के बाद दागी नेताओं में दूसरे नंबर पर राजद के अभय कुमार सिन्हा उर्फ अभय कुशवाहा से हैं. अभय कुशवाहा पर १६ क्रिमिनल केस दर्ज हैं. इसके बाद लोजपा (रामविलास) के राजेश वर्मा पर १२ क्रिमिनल केस दर्ज हैं. राष्ट्रीय समाज पक्ष के प्रत्याशी शाहबुजम्मा पर ७ क्रिमिनल केस लगे हुए हैं.

हम के संरक्षक और पूर्व सीएम जीतनराम मांझी का नाम भी दागी नेताओं में शामिल हैं. मांझी पर ६ क्रिमिनल केस दर्ज हैं. इसके अलावा भाजपा के प्रदीप कुमार सिंह पर ४, राजद के श्रवण कुमार के खिलाफ ६ और विकासशील इंसान पार्टी के सुमन कुमार पर ६ केस दर्ज हैं.

# भागलपुर व हावड़ा के बीच चलेगी वंदे मेट्रो ट्रेन, समय सारिणी जारी

**भागलपुर (ईएमएस):** वंदे मेट्रो ट्रेन भागलपुर और हावड़ा के बीच चलेगी। आठ कोच वाली यह ट्रेन हर हफ्ते छह दिन भागलपुर और हावड़ा के बीच चलेगी। यह बुधवार को भागलपुर से और मंगलवार को हावड़ा से नहीं चलेगी। वंदे मेट्रो के संचालन की समय सारिणी आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है।

ट्रेन भागलपुर से सुबह ६:१५ बजे चलेगी और यह ७:२८ बजे साहिबगंज और ८:१५ बजे बड़हरवा स्टेशन पर पहुंचेगी। दो मिनट के संक्षिप्त ठहराव के बाद यह ट्रेन बड़हरवा से रवाना होगी। अजीमगंज, कटवा, नौदीपधाम होते हुए दोपहर २:२५ बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन हावड़ा से दोपहर १:३० बजे चलेगी और भागलपुर में रात ९:५५ बजे पहुंचेगी। कुल ४३९.५७ किलोमीटर की दूरी ७:३० घंटे में तय करेगी। इस ट्रेन में स्लीपर की व्यवस्था नहीं होगी लेकिन इसमें चेयर कार कोच होगा। पूर्वी रेलवे मुख्यालय से रेलवे बोर्ड को परिचालन रिपोर्ट भेज दी गई है। इसके अलावा ३ वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें जमालपुर से मालदा, भागलपुर-हावड़ा और



भागलपुर-देवघर के बीच चलने वाली हैं। मालदा रेल मंडल के भीतर रेलवे ट्रैक की स्थिति बहुत अच्छी बताई जा रही है। मालदा-साहिबगंज-भागलपुर-किउल रेल खंड पर ट्रेनों की अधिकतम गति ११०-१३० किलोमीटर प्रति घंटा है। मालदा रेलवे डिवीजन के कई स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है। वंदे भारत ट्रेन की तिथि की घोषणा लोकसभा चुनाव के बाद होगी। बतायी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने और नई सरकार बनने के बाद वंदे भारत ट्रेन के परिचालन की तिथि की घोषणा की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वंदे भारत ट्रेन साहिबगंज-भागलपुर-जमालपुर-किउल रेल मार्ग पर चलेगी। वंदे भारत के अलावा भागलपुर-हावड़ा मार्ग पर २ और वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें चलाई जानी हैं। इसको लेकर रेलवे बोर्ड से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

# झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



रांची (ससे): झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन कांग्रेस भवन रांची में किया गया। मिलन समारोह में झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने माला पहनाकर महेश्वर साहू और उनके समर्थकों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर और देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए महेश्वर साहू जी ने अपने लोगों के साथ कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण की है।

देश के वर्तमान हालात मे अच्छे भविष्य के लिए राहुल जी एक उम्मीद की किरण के रूप में देशवासियों को नजर आ रहे हैं। महेश्वर साहू लगातार अपने समाज की बातों को उठते रहे हैं और अपने समाज के हित के लिए मांगों को मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। राहुल गांधी ने भी पूरे देश की जनता के सामने कांग्रेस का स्पष्ट नजरिया मेनिफेस्टो के माध्यम से भी रख दिया है की जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, जब से कांग्रेस ने जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी,जातिगत जनगणना, पांच न्याय २५ गारंटी को जनता के सामने पुरे रोड मैप के साथ पेश किया है तब से भाजपा की आंखों से नींद उड़ गई है और वह चुनाव को किसी अन्य दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन जनता अपने मूल समस्याओं को ध्यान में रखकर ही पूरे देश में मतदान कर रही है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भाजपा के नफरत की माहौल से निपटना जनता जान गई है, सांप्रदायिकता की जी सीढ़ी पर चढ़कर भाजपा बहुमत लाने का प्रयास कर रही है उसमें वह सफल नहीं होगी। जनता उनके पूरे १० वर्षों के कार्यकाल का एक्स-रे कर रही है और उसी के अनुरूप इन्हें सबक सिखाने का काम भी चुनाव के दो चरणों में जनता कर चुकी है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, महेश्वर साहु, मोहन साव, भुनेश्वर साव, डॉ एहसान अहमद सिद्दीकी, मुकेश लाल सिन्दुरिया, सुमन जायसवाल, प्रकाश मंडल, मिथलेश जायसवाल, गणपति साहु, आलोक मंडल, रामदयाल पाडेय, मिथुन कोयरी, राहुल कुमार साहु, बनवारी साव, शकील अख्तर मस्सन, राजेश साव, सुखदेव साव, बासुदेव साव, मोहन साव, ओम प्रकाश साव, भरत केशरी, विजय केशरी, दीपक प्रसाद, अमित साहु, नंद किशोर ठाकुर, रंजन प्रसाद, संजय प्रसाद, अजित कुमार, मो सलीम, विचंल कुमार, निखिल तिवारी मौजूद थे।

# स्क्रूटनी के बाद कुल 47 उम्मीदवार चुनावी मैदान में, तीन सीटों पर नामांकन शुरू, चतरा में दो और कोडरमा में एक नामांकन



रांची (ससे): लोकसभा चुनाव के चौथे और झारखंड के पहले चरण के चुनाव के तहत शुक्रवार को हुई स्क्रूटनी के बाद चार लोकसभा सीटों के लिए कुल ४७ उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हुए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए अब १४, लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए १५, पलामू लोकसभा सीट के लिए ११ और खूंटी लोकसभा सीट के लिए ७ प्रत्याशियों का नामांकन सही पाया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड में दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को चतरा में दो और कोडरमा में एक प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। जबकि हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया। वही गाडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भी शुक्रवार को नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया है। गाडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए तीन लाख १५ हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

# केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो : उपायुक्त

रांची (ससे): जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल बलों के आवासन स्थलों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चल रहे कार्यों की समीक्षा संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव उपस्थित थे।

**जिला के सभी प्रखंडो के किए कार्यो की क्रमवार समीक्षा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला में मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर आवासन को लेकर पेयजल/शौचालय/बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निमित्त लोकसभा चुनाव २०२४ शांति पूर्ण मतदान कराने को लेकर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर बनाए जा रहें बेस कैंप में सारी सुविधा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों से क्रमवार समीक्षा करते हुए ससमय सारा कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।

**सारी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मतदान बूथों एवं क्लस्टर में पेयजल/शौचालय/बिजली आदि की सुनिश्चितता को लेकर सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित हो तथा मतदान केंद्रों में साफ-सफाई पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने, विद्यालयों में न्यूनतम मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया।

**केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कहा की चुनाव के समय जो भी फ़ोर्स यहाँ रुके उनके लिए बूथों पर जरुरी सभी आवश्यक सेवा सुनिश्चित रूप से होना चाहिए। ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या बूथों पर रहने के दौरान ना हो। इसलिए सभी सम्बंधित अधिकारी यह पहले से ये देख ले की बूथों पर सभी आवश्यक सेवा ससमय उपलब्ध रहें एवं साथ ही पुलिस पार्टी, पोलिंग पार्टी के लिए भी सारी तैयारी होनी चाहिए। इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए।

**मतदान बूथों का साफ-सफाई अच्छी तरह से करने के निर्देश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान केंद्र का सफाई होना बहुत जरुरी है,चुनाव से पहले साफ-सफाई विशेष रूप से हो जानी चाहिए। मतदान के दौरान मतदान केंद्र और आस-पास गंदगी कही नही हो इसपर सभी ध्यान देंगे।

**आवासन स्थल पर समन्वय के लिए कर्मी की नियुक्ति**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर बनाए जा रहें क्लस्टरों पर एक समन्वय के लिए कर्मी की नियुक्ति किया जाए ताकि ये सभी सम्बंधित अधिकारी से समन्वय करके सारी व्यवस्था ठीक रख सकें, ताकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर उन्हें कोई परेशानी उत्पन्न ना हो।

# मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए विशेष कैंप लगाया गया।

रांची (ससे): मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम दर्ज कराने के लिए शुक्रवार को रांची के मोराबादी मैदान में सुबह छ बजे से नौ बजे तक विशेष कैंप लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपना नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया एवं जिन मतदाताओं का मतदाता सूची में कुछ त्रुटियां रह गई है उसे भी सुधार करने के लिए बडी संख्या में लोग वहां पंहुचे। रांची सदर के कार्यकारी दंडाधिकारी मोहम्मद जफर असनाथ ने बताया कि जो छूटे हुए मतदाता है उनका फॉर्म सिक्स भरवा कर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है ताकि वे वोट से वंचित न रह जाए। जिला प्रशासन की ओर से लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है क्योंकि रांची में मतदान प्रतिशत कम रहा है। उन्होंने कहा कि लोग अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदान करें। मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है उसका आनंद भी ले। वहीं मतदाताओं ने कहा कि यह जिला निर्वाचन आयोग द्वारा अच्छी पहल है।

# सरकार बताए कि लैंड जेहादियों से हेमंत सोरेन का क्या रिश्ता है : प्रतुल नाथ शाहदेव



रांची (ससे): भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर हरमू में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में लव जिहाद की घटनाएं अनेक हुई लेकिन लैंड जिहाद की घटनाएं भी बढ़ चढ़कर हुई है। अभी जो एजेंसी इस पर जांच कर रही है उनसे आग्रह है कि जो सुरक्षाकर्मी सीसीटीवी की निगरानी करते थे उनसे भी गहन पूछताछ हो। उनके कार्यकाल में लैंड जिहाद के आरोपियों का मुख्यमंत्री आवास पर जमावड़ा होता था। यह बात उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सरकारी एवं गैर सरकारी जमीन को लूटने का काम हुआ है। इसमें एक विशेष समूह शामिल है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में जमीन ही नहीं लुटने का काम हुआ है बल्कि रोजगार लूटने का भी काम हुआ है। लेकिन अभी तक सरकार खामोश है।

सरकार बताए कि लैंड जेहादियों से हेमंत सोरेन का क्या रिश्ता है। अब इस मामले में नया नाम अंतु तिर्की का भी आया है। उनके डायरी से झामुमो के कई बड़े नेता का मनी ट्रांजैक्शन का मामला सामने आया है। हमारा सरकार से प्रश्न है कि लव जेहादियों पर तो नकेल नहीं कस सके तो लैंड जेहादीयों पर नकेल कब कसेंगे।

# फर्जी नंबर लगाकर चल रहा शख्स पकड़ाया, मामले में 3 गिरफ्तार

रांची (ससे): राजधानी रांची में सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मोराबादी टीओपी के पास से गाड़ी में फर्जी नंबर लगाकर चल रहे एक व्यक्ति संजय सिंह को पुलिस ने पकड़ा है। जब पूछताछ की गई तो दो अन्य व्यक्ति रातू थाना क्षेत्र के विशाल स्वासी और सुखदेव नगर थाना क्षेत्र मधुकम निवासी विक्की साव की गिरफ्तारी की गई। इस पूरे मामले की जानकारी राजधानी रांची में संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से सिटी एसपी ने दी। सीटी एसपी बताया कि वाहन चोरी कर घटना को अंजाम देने वाले ३ अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। सिटी एसपी ने बताया कि उनकी निशानदेही पर और अन्य की गिरफ्तारी इस मामले में हो सकती है।

# रांची प्रेस क्लब में कार्यशाला का आयोजन

रांची (ससे): राजधानी रांची के प्रेस क्लब में चुनाव सुधार से जुड़ी राष्ट्रीय संस्था एडीआर नेशनल इलेक्शन वॉच, जिला स्वीप सेल और रांची प्रेस क्लब के तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चुनाव जागरूकता में मीडिया एवं सिविल सोसाइटी की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान नागरिकों को सशक्त बनाने वाले विभिन्न मोबाइल ऐप का प्रदर्शन भी किया गया साथ ही निबंध प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं उनके बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# मतदान करना हैं, इसलिए नारायण मूर्ति की अस्पताल से छुट्टी करवा ली : सुधा मूर्ति

नई दिल्ली (ईएमएस): देश में दूसरे चरण के मतदान के बीच, कर्नाटक में १४ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शुरू होने के बाद से अनुमानित २२.३४ प्रतिशत मतदान हुआ। शुक्रवार सुबह ७ बजे मतदान शुरू होने के बाद से मतदान केंद्रों पर लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और सुबह की सैर करने वालों की लंबी कतारें दिखाई दी। राज्यों की कई प्रमुख हस्तियां भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतार में शामिल हुई।

आईटी उद्योग के दिग्गज नारायण मूर्ति, उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति, क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़, पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा और बॉलीवुड अभिनेता प्रकाश राज सहित अन्य लोगों ने अपनी जिम्मेदारी के अधिकार का प्रयोग किया। वोट डालने के बाद लेखिका, परोपकारी और राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति ने लोगों से अपने घरों से बाहर निकलने और बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें हर पांच साल में एक बार वोट देने का अधिकार मिलता है। हमें इस अधिकार का इस्तेमाल जिम्मेदारी से और बहुत सोच-समझकर करना होगा। राज्यसभा सदस्य ने मतादान श्रेष्ठ दान कहते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को बाहर आना चाहिए और मतदान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ७७ वर्षीय इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति खराब स्वास्थ्य के बावजूद वोट देने आए। सुधा मूर्ति ने कहा कि नारायण मूर्ति अस्वस्थ थे और वह अस्पताल में थे। हमने उन्हें छुट्टी दे दी और मतदान के बाद हम उन्हें घर ले जा रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में याचिका, नोटा पर वोटिंग ज्यादा तो रद्द हो चुनाव

नई दिल्ली (ईएमएस): सुप्रीम कोर्ट ने नोटा से जुड़ी एक याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिका शिव खेड़ा ने लगाई, जिसमें आयोग को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि यदि नोटा (नन ऑफ द अबव) को किसी कैंडिडेट से ज्यादा वोट मिलते हैं, तो उस सीट पर हुए चुनाव को रद्द कर दिया जाए।

## चार गांजा तस्कर गिरफ्तार, 43.60 किलोग्राम गांजा बरामद

रांची (ससे): रांची में ४३.६० किलोग्राम गांजा के साथ चार लोगो की गिरफ्तारी हुई है। राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर अंतर राज्य गिरोह से संबंध रखने वाली दो महिलाएं और दो पुरुष समेत कुल चार की गिरफ्तारी की हुई है। इस बात की जानकारी सिटी एसपी के द्वारा संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से दी गई। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि राजधानी रांची के कांटा टोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से बनारस ले जाने के क्रम में ४३.६० किलोग्राम गांजा के साथ चार लोगो की गिरफ्तारी हुई है। गहन पूछताछ के क्रम में पता चला है कि गिरफ्तार लोग ओडिशा से गांजा की तस्करी करते है।

# जोधपुर में पांच पीढ़ियों के 70 लोग एक साथ गए मतदान करने



जोधपुर (ईएमएस): जोधपुर में पांच पीढ़ियों के ७० लोग एक साथ सजधज कर वोट करने पहुंचे। इसी परिवार ने तय किया था कि लोकतंत्र के पर्व को उत्साह के साथ मनाना है। वे लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि वो वोट जरूर करें। भारत का नाम विश्व में सबसे सशक्त लोकतंत्र के रूप में पहचाना जाए। सजधज कर वोट करने पहुंचे पुरुषों ने राजस्थानी साफा पहन रखा था तो वहीं महिलाओं ने चूंदड़ी की लाल साड़ी पहनी थी। इस परिवार में फर्स्ट वोटर (जो पहली बार मतदान कर रहे हैं) भी थे और साथ ही बच्चे भी थे, जो आने वाले समय में वोटर बनेंगे। इसी परिवार के एक सदस्य ने बताया कि हमने सोच लिया था कि राजस्थान की संस्कृति का प्रतीक साफा पहनेंगे और महिलाएं चूंदड़ी की साड़ी पहनेंगी। हमारे परिवार में कुछ लोग पहली बार वोट कर रहे हैं। हम लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि वो वोट जरूर करें। भारत का नाम विश्व में सबसे सशक्त लोकतंत्र के रूप में पहचाना जाए। बता दें कि राजस्थान की जोधपुर सीट पर बीजेपी की ओर से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस ने राजपूत समाज से ही करण सिंह को मैदान में उतारा है। २०१४ और २०१९ में भी इस सीट से गजेंद्र सिंह शेखावत ही जीते थे, इसलिए इस बार भी बीजेपी ने उन्हें ही उम्मीदवार घोषित किया है।

# प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के राज्यस्तरीय अनुश्रवण का दिखने लगा असर



रांची (ससे): राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देशनुसार राज्यभर में सरकारी स्कूलों के अनुश्रवण के लिए गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा स्कूलों के लगातार औचक निरीक्षण का राज्य के शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों में कार्य के प्रति संवेदनशीलता तो दिख ही रही है, साथ ही स्कूल में साफ़ सफाई और शैक्षणिक गुणवत्ता भी बढ़ी है। पहले जो शिक्षक कक्षाओं के संचालन में लापरवाही बरतते थे, अब वे भी समय पर कक्षा का संचालन कर रहे है। राज्य शिक्षा परियोजना के द्वारा विगत एक माह में कई स्कूलों के प्राचार्यो, शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनहीनता और लापरवाही बरतने के मामले में कार्रवाई की गयी है।

**क्रियाशील हुए लैब, सड़ रही थी किताबे**

अनुश्रवण के दौरान राज्य शिक्षा परियोजना के कई पदाधिकारी सुदूर इलाको में जाकर स्कूलों का अनुश्रवण कर रहे है। लापरवाही बरतने वालो के विरुद्ध एक्शन भी लिया जा रहा है । निरीक्षण का असर है कि कुछ स्कूलों में सालो से विज्ञान प्रयोगशालाएं और लाइब्रेरी नहीं खुली थी, अब वहां भी बच्चे प्रयोगशालाओं और लाइब्रेरी का लाभ ले रहे है। अनुभवी शिक्षक इन बच्चो को व्यवहारिक ज्ञान दे रहे है। कई स्कूलों में बंद पड़े स्मार्ट क्लास भी शुरू कर दिए गए है।

**सुस्त थी टोला टैगिंग, फिर हुई शुरू**

स्कूलों में ड्राप आउट रोकने के लिए और नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षकों को विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर अभिभावकों से संवाद करना होता है। इसे टोला टैगिंग कहा जाता है। समय समय पर इस प्रक्रिया को किया जाना अनिवार्य है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। अनुश्रवण से पहले विद्यालयों द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी। अब प्रत्येक विद्यालय द्वारा जिम्मेदारी पंजी बनाकर शिक्षकों को बारी बारी से टोला टैगिंग की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। शिक्षक कक्षाओं के संचालन के बाद एक घंटा अपने पोषक क्षेत्रों में जाकर अभिभावकों से संवाद कर रहे है।

**स्कूलों को झाड़ियों से मिली मुक्ति, पुरानी एवं जर्जर इमारतों के मरम्मत का कार्य शुरू**

राज्य अनुश्रवण के दौरान अनुश्रवण पदाधिकारियों ने पाया कि कई सरकारी विद्यालयों के भवन जर्जर है और स्कूल परिसर में झाड़ियों और कचरो का अंबार है। अनुश्रवण के दौरान झाड़ियों और कचरो को साफ़ कर स्कूल भवन की मरम्मति का निर्देश दिया गया। जिसके बाद आज कई स्कूल झाड़ियों और जर्जर हालात से मुक्त हो गए है। स्कूलों में अब झाड़ियों की जगह क्यारियों ने ले ली है।

**वॉल पेंटिंग्स ने बढ़ाई स्कूलों की सुंदरता**

अनुश्रवण पदाधिकारियों ने स्कूलों को खाली पड़े दीवारों में ज्ञानवर्धक संदेशो एवं चित्रकलाओं से वॉल पेंटिंग करने की सलाह दी, जिसके बाद कई विद्यालयों की दीवारे अब पहले से ज्यादा सुंदर व आकर्षक दिख रही है। दीवारों में ज्ञानवर्धक संदेश चित्रों के माध्यम से पेंट किये गए है। जो ना केवल सुंदरता बल्कि बच्चो के ज्ञान को भी बढ़ा रहे है।

**बच्चो की बढ़ी उपस्थिति**

अनुश्रवण के दौरान कई स्कूलों के विरुद्ध कम उपस्थिति के मामले में कार्रवाई की गयी। जिसके बाद स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए बच्चो की कम उपस्थिति के प्रति संवेदनशील हुए। शिक्षकों के लगातार प्रयास से अब स्कूलों में पहले से अधिक उपस्थिति देखने को मिल रही है। बच्चे अब पढ़ाई में पहले से ज्यादा रूचि लेने लगे है।

**कार्रवाई करना उद्देश्य नहीं है, संवेदनशीलता बढ़ाना उद्देश्य है**

प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अनुश्रवण के लिए गयी राज्यस्तरीय अनुश्रवण पदाधिकारियों से राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने साफ़ कहा है कि विभाग का उद्देश्य किसी के विरुद्ध कार्रवाई करना या शिक्षकों में भय पैदा नहीं है। अनुश्रवण का उद्देश्य ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देना है, जो राज्य कि शिक्षा व्यवस्था में बदलाव ला सके। हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ सके। लापरवाह पदाधिकारियों, शिक्षकों और प्राचार्यो को स्कूल के शैक्षणिक वातावरण के प्रति संवेदनशील बना सके। उन्होंने अनुश्रवण से पहले समीक्षा बैठक में भी अधिकारियों से अनुश्रवण के दौरान विनम्र स्वभाव रखने कि सलाह दी थी।

**आगे भी चलेगा अभियान, सोशल मीडिया पर दर्ज करे शिकायत**

राज्यस्तरीय अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा स्कूलों के निरीक्षण के बाद आये बदलावों को देखते हुए राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा लगातार इस तरह के अनुश्रवण अभियान चालये जाते रहेंगे। अगर आम लोगो को किसी भी स्कूल में लापरवाही या अनुशासनहीनता की शिकायत करनी हो तो वे राज्य शिक्षा परियोजना के आधिकारिक ट्विटर हैंडल क्षशलिक्षहरीज्ञहरपव को अपनी शिकायत टैग कर सकते है। लापरवाह स्कूलों के विरुद्ध उक्त शिकायतों पर कार्रवाई की जायेगी।

# संपादकीय | जलवायु परिवर्तनः महंगाई बढ़ने की आशंका

जलवायु परिवर्तन का असर अब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर नजर आने लगा है। खासकर कृषि क्षेत्र इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम का मिजाज बदलने से फसलें चौपट हो रही हैं, जिसका सीधा असर खाद्यान्न की कीमतों पर पड़ रहा है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने भी माना है कि प्रतिकूल मौसम की वजह से महंगाई बढ़ सकती है।यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। वह महंगाई को चार फीसद के नीचे रखना चाहता है। इसलिए मार्च में जब खुदरा महंगाई 4.9 फीसद दर्ज हुई तो कुछ उत्साह देखा गया था। तब रिजर्व बैंक ने दावा किया था कि वह जल्दी ही महंगाई पर काबू पा लेगा। मगर अब मौसम का रुख देखते हुए उसे लगने लगा है कि यह काम आसान नहीं होगा।

अभी जब गेहूं की फसल कट कर खलिहान में पहुंची है, तो देश के अनेक इलाकों में मूसलाधार बारिश ने उसे भिगो दिया। बहुत सारा अनाज गोदाम में पहुंचने से पहले ही भीग गया। इस तरह बहुत सारा अनाज सड़ कर बर्बाद हो जाएगा। यह अब जैसे हर वर्ष का सिलसिला हो गया है। बेमौसम बारिश हजारों टन अनाज बर्बाद कर डालती है।



खुदरा महंगाई में सबसे अधिक चिंता खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों को लेकर है। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले अनाज और सब्जियों की कीमतें सामान्य आयवर्ग की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। इसकी एक वजह ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी भी है, जिससे ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है। अभी जिस तरह की वैश्विक स्थितियां हैं उसमें आपूर्ति शृंखला गड़बड़ होने से कच्चे तेल की कीमतें अनिश्चित बनी हुई हैं।इससे भी रिजर्व बैंक की महंगाई को लेकर चिंता बनी हुई है। पहले रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते दुनिया भर में मुश्किलें पैदा हुई थीं, अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष में ईरान के कूद पड़ने और उस पर अमेरिका की सख्त व्यापारिक पाबंदियों से संकट और गहरा हो गया है। भारत चूंकि कच्चे तेल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है, ऐसी स्थिति में उसे तेल की कीमतें नीचे ला पाना कठिन होगा। मगर मौसम की मार से पार पाने का कोई रास्ता किसी के पास नजर नहीं आता। सर्दी, गर्मी, बरसात की अवधि असंतुलित हो गई है। एक ही वक्त में कहीं तेज बारिश और बाढ़ की वजह से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कहीं सूखे की वजह से। सर्दी की अवधि सिकुड़ने के चलते खासकर गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है। गर्मी का मौसम जल्दी शुरू हो जाने से गेहूं का उत्पादन कम हो रहा है। हमारे कृषि क्षेत्र का बड़ा हिस्सा आज भी मानसून पर निर्भर है। बहुत सारे इलाकों में सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। जिस वर्ष उन इलाकों में बारिश कम होती है या नहीं होती, उस वर्ष वहां उत्पादन खासा नीचे चला जाता है। अभी तक का आकलन है कि मौसम का मिजाज गड़बड़ होने से सकल घरेलू उत्पाद में करीब डेढ़ फीसद तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जैसी कि जलवायु परिवर्तन की वजह से विभिन्न क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ने की आशंकाएं जताई जा रही हैं, कृषि क्षेत्र उनमें सबसे अधिक प्रभावित होगा। ऐसे में महंगाई पर काबू पाना रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बेरोजगारी बढ़ने और प्रतिव्यक्ति आय कम होने से महंगाई की मार ज्यादा गहरी पड़ रही है। इससे निपटने के लिए रिजर्व बैंक को वैकल्पिक व्यवस्था बनानी पड़ेगी।

## सोशल मीडिया से...



कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो रहे हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा गोली-गलौज करते आए हैं।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

कांग्रेस में दम है तो वो खुद 500 पार का नारा लगाए। हम अपने दम पर कह रहे हैं कि अबकी बार 400 पार। कांग्रेस को इस पर आपत्ति है। पूरे देश ने संकल्प लिया है, अबकी बार 400 पार। ये कहते हैं 400 का आंकड़ा क्यों लाए। हमने 2014 में भी कहा था और कर के दिखाया। जब हमने 2019 में कहा 300 पार कहा तो वह करके दिखाया।

**डॉ. मोहन यादव**, सीएम मप्र





देश में बदलाव का माहौल है। वही वादे और आश्वासन से लोग ऊब गए हैं। पहले चरण के चुनाव के बाद भाजपा के नेताओं के भाषण में बौखलाहट और गुस्सा दिखाई दे रहा है। भाजपा नेताओं को 'म-म' शब्द का खेल करने का बहुत शौक है। ये बात करते हैं मुसलमान-हिंदू की, मंदिर-मस्जिद की, मंगलसूत्र की।

**सचिन पायलट**, कांग्रेस नेता

केरल के सीएम जेल जाने से बचने के लिए भाजपा के साथ समझौता कर चुके हैं। तमाम घोटालों में नाम सामने आने के बाद भी नरेंद्र मोदी सरकार विजयन के खिलाफ ऐक्शन नहीं ले रही है।

**प्रियंका गांधी वाड्रा**, कांग्रेस नेता



## आज का कार्टून




# दक्षिण में भाजपा की उम्मीदें मोदी मैजिक के भरोसे

**प्रधानमंत्री मोदी ने जब 17वीं लोकसभा में अपने अंतिम संबोधन में भाजपा के लिए 370 सीटें और एनडीए के लिए चार सौ सीटों का जिक्र किया तो प्रधानमेंत्री को इस बात का एहसास था कि उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए वह तीन सौ सत्तर सीटों का जो टारगेट सेट कर रहे है वह दक्षिण के राज्यों के समर्थन के बिना संभव नहीं है। दक्षिण से आने वाले राज्यो में शामिल कर्नाटक से 28, आंध्र पदेश से 25, तेलंगाना से 17, तमिलनाडु से 39, केरल से 20 और एक सीट वाले पुडुचेरी में कुल मिलाकर लोकसभा की 130 सीटें आती है। 2019 में भारतीय जनता पार्टी इन 130 सीटों में से 29 सीटें ही जीत पाई थी। उसमें भी 25 सीटें अकेले कर्नाटक और चार सीटें तेलंगाना से मिली थी। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और पुडुच्चेरी मिलाकर 85 लोकसभा सीटों मे से बीजेपी को एक भी सीट नहीं मिली थी।**

**समीर चौगांवकर**

भाजपा उत्तर भारत में अपने प्रदर्शन के शीर्ष पर है और अपने आंकड़ों को बढ़ाने के लिए इस बार भाजपा दक्षिण में अपने प्रदर्शन पर निर्भर है। इसलिए भाजपा ने दक्षिण की 130 सीटों में से 50 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भाजपा की रणनीति लंबे समय से दक्षिण को फतह करने की रही है, परंतु दक्षिण की हिन्दुत्व विरोधी राजनीतिक संस्कृति में पले बढ़े मतदाताओं के बीच उसकी यह इच्छा मोटे तौर पर अधूरी ही रहती आई है।

भाजपा को उम्मीद है कि मोदी की लोकप्रियता, भाजपा संगठन और संघ के लगातार जमीनी स्तर पर काम के दम पर दक्षिण में भाजपा के लिए वोटों की फसल लहलहा सकती है। इसकी वजह 2019 के चुनाव में वोटों की हिस्सेदारी के ब्यौरे में है। बीजेपी को कर्नाटक में 51.38, तेलंगाना में 19.45, केरल 12.93,तमिलनाडु 3.66, आंध्र प्रदेश 0.96 प्रतिशत वोट मिले थे। इसलिए पार्टी ने अभी की योजना में ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की है, जिन्हें इस बार जीता जा सके।

कर्नाटक में भाजपा मजबूत है और विधानसभा चुनाव कांग्रेस से हारने के बाद भी भाजपा को भरोसा है कि वह कर्नाटक में अपने पिछले प्रदर्शन के आस-पास रह सकती है। 2019 में भाजपा ने राज्य की 28 सीटों में से 26 सीटें (एक सीट सहयोगी निर्दलीय को मिलाकर) जीत ली थी। हालांकि इस बार कर्नाटक में भाजपा की राह इतनी आसान नहीं है। बीते दस महीनों में कांग्रेस ने कर्नाटक में जनकल्याण गारंटियों पर 33 हजार करोड़ रूपये खर्च कर दिए हैं और कांग्रेस इन योजनाओं से लाभार्थी हुए 4.5 करोड़ लोगों से समर्थन की उम्मीद कर रही है जबकि भाजपा मोदी मैजिक और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर निर्भर है।

वहीं तेलंगाना में इस लोकसभा चुनाव में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। राज्य की 17 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा। 2023 में विधानसभा जीत से उत्साहित कांग्रेस सियासी समर में बीआरएस को पटखनी देने के लिए पूरा जोर लगा रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी बीआरएस प्रमुख चंद्रशेखर राव पर भ्रष्टाचार करने और परिवार को आर्थिक लाभ देने का आरोप लगा रहे हैं।

कांग्रेस इस राज्य से 2019 में जीती 3 सीटों से बढ़कर 10 से ज्यादा सीटें जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है, वहीं भाजपा एक दशक में विकास को आगे बढाने वाले दूरदर्शी नेता के तौर पर पीएम मोदी के चेहरे को आगे कर मोदी की गारंटी और केन्द्र की योजनाओं को भुनाने की पूरी कोशिश कर रही है।

भाजपा 2019 की चार सीटों के मुकाबले इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ कई चुनौतियों से भी जूझ रही है, जिसमें प्रतिद्वंदियों के मुकाबले स्थानीय स्तर का कोई प्रभावी एजेंडा न होना शामिल है। दूसरे दलों से आए नेताओं को सहजता के साथ स्वीकारने में राज्य नेतृत्व की विफलता, पार्टी दिग्गजों के बीच मनमुटाव, नए नेताओं की खूबियों को भुनाने में दूरदर्शिता का अभाव और हिंदुत्व विचारधारा का खास प्रभाव न होना भाजपा के लिए बड़ी चुनौतियों में शुमार है। तेलंगाना में भाजपा एक जीवंत संगठनात्मक ढांचा तैयार करने में भी नाकाम रही है। ओबीसी वोटों पर निर्भर भाजपा की नजर



हैदराबाद के आसपास की सीटों के अलावा उत्तरी तेलंगाना की सीटों पर है।

लेकिन भाजपा को सबसे ज्यादा उम्मीद तमिलनाडु से है। अन्नामलाई के भरोसे भाजपा ने एआईडीएमके से गठबंधन तोड़ा और तमिलनाडु में पहली बार अपना गठबंधन बनाने और उसकी अगुवाई करने का दम दिखाया। तमिलनाडु में भाजपा अपने दम पर 19 सीटों पर मैदान में उतरी है और सहयोगी दलों को 20 सीटें दी है। चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने तमिलनाडु में 10 से अधिक यात्राएं और 13 से ज्यादा रैलियों को संबोधित किया। बहरहाल तमिलनाडु में मतदान हो चुका है और भाजपा वहां तीन सीट जीतने की उम्मीद कर रही है।

तमिलनाडु के बाद भाजपा ने अपनी ताकत केरल मे भी झोंकी है, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। केरल भाजपा के लिए एक ऐसा भूभाग है जहां हिन्दुत्व स्थानीय शब्दावली में दाखिल हो चुका है। तभी तो 2009 में 6 फीसद के मुकाबले भाजपा का वोट शेयर 2019 में दहाई अंकों तक पहुंच गया। भाजपा इस छोटे से राज्य में अपना खाता खोलने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। 2019 में अपनी प्रचंड जीत के बाद भाजपा मुख्यालय पहुंचे मोदी ने केरल को लेकर कहा था कि छोटे से राज्य में छोटी सी गैर मौजूदगी भी खलती है। उन्होंने उस समय कहा था कि 2024 में हम केरल में नारियल फोड़ेंगे।

राहुल गांधी के वायनाड़ से दूसरी बार मैदान में होने के बाद कांग्रेस इस बार भी केरल में मजबूत है। 2019 में कांग्रेस के नेतृत्व में यूडीएफ ने 20 में से 15 सीटें जीती थी। इस बार भी कांग्रेस को पिछला प्रदर्शन दोहराने की चुनौती के साथ भाजपा को खाता खोलने से रोकना भी है। भाजपा हर हाल में कांग्रेस के दबदबे वाले राज्य में इंट्री चाहती है इसलिए उम्मीदवारों का चयन भी सोच समझकर किया गया है और हाई प्रोफाइल नेताओं को मैदान में उतारा गया है।

शशि थरूर के सामने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को उतारा है। त्रिशुर में फिल्म स्टार से नेता बने सुरेश गोपी कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। भाजपा ने केरल की लड़ाई में एक वैचारिक मोड़ ला दिया है। भाजपा को अभी तक केरल में एक भी लोकसभा सीट नहीं मिली है लेकिन भाजपा इस बार तिरुवनंतपुरम, त्रिशुर और पत्तनमत्तिट्टा को हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। केरल में भाजपा ईसाईयों को साथ लेकर बहु फसली जमीन तैयार करना चाहती है। केरल में भगवा असर बढ़ रहा है। 2019 में भाजपा के उम्मीदवारों ने 2 से 3 लाख तक वोट प्राप्त किए थे। इस बार भाजपा को उम्मीद है कि खाता खुलेगा ही।

दक्षिण के तीसरे राज्य आंध्र प्रदेश में भाजपा टीडीपी के साथ मिलकर अपना खाता खोलने की उम्मीद कर रही है। चुनाव की घोषणा से पहले ही आंध्र के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जगन मोहन राज्य के चार अंचलों में चार विशाल सिद्धम (तैयारी) रैलियां कर चुके थे। इसकी शुरूआत विशाखापट्टनम से 27 मार्च को हुई थी। उसके बाद 21 दिवसीय मेमंत सिद्धम (पूरी तरह से तैयार) बस यात्रा से प्रदेश को नाप चुके हैं।

दूसरी तरफ टीडीपी प्रमुख पूरे राज्य में प्रजा गलम (जनता की आवाज) यात्रा से समर्थन मांग रहे हैं। नायडू को उम्मीद है कि मोदी की लोकप्रियता और भाजपा संगठन और पवन कल्याण का साथ उन्हें अतिरिक्त ताकत मुहैया कराएगा। आंध्र प्रदेश में टीडीपी 17 सीटों पर, भाजपा 6 सीटों पर और पवन कल्याण की जनसेना दो सीटों पर लड़ रही है। विधानसभा चुनाव की बात करें तो 175 सीटों में से टीडीपी 144 सीटों पर, जनसेना 21 सीटों पर और भाजपा 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

टीडीपी ने कांग्रेस और वाईएसआर कांग्रेस छोड़कर आए नेताओं को भी जमकर टिकट दिया है। जगन ने बस यात्रा %मा भविष्य तू% अभियान चलाया, जिसका असर हुआ है। आंध्र प्रदेश के दक्षिण में जगन का जादू बरकरार है लेकिन मध्य में चंद्रबाबू नायडू मजबूत नजर आते हैं। विशाखापटटनम, पूर्वी और पश्चिमी गोदावरी, गुंटूर, प्रकाशम जिलों मे चंद्रबाबू नायडू की साइकिल का परचम लहरा रहा है। जबकि उत्तरी और दक्षिणी छोर पर जगन के चुनाव चिन्ह पंखे के फैन नजर आ रहे हैं। भाजपा आंध्र प्रदेश में भी एक लोकसभा सीट पर जीत की उम्मीद कर रही है। मोदी को पूरी दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बता रही भाजपा को इस बात का दर्द है कि दक्षिण के राज्य मोदी को स्वीकार नहीं कर सके हैं। इसलिए भाजपा मोदी के दम पर दक्षिण में दाखिल होने की कोशिश कर रही है। दक्षिण के लोग धर्मपरायण होते हुए भी उन्होंने धर्म को राजनीति से ज्यादातर अलग ही रखा। दक्षिण के सियासी लैंडस्कैप को बदलने की भाजपा की इच्छा विचारधारा और रणक्षेत्र की जरूरतों से प्रेरित है। एक दशक से भारत में शासन कर रही राष्ट्रीय पार्टी के लिए दक्षिण में मौजूद न होना सचमुच बैचेनी पैदा करता है। इस बार वह उस बेचैनी को मिटाना चाहती है।

# खेल से बच्चों का होता है शारीरिक और मानसिक विकास

**यह एक सामान्य तथ्य है कि बच्चे देश और दुनिया की संभावना हैं। भविष्य में चंद्रमा की तरह चमक बिखेरने वाले बचपन को पल्लवित करने की हसरत मनुष्य में प्रारंभ से ही रही है। बचपन सोच-विचार और कल्पना की दीवार पार कर बच्चों के हुनर को जानने और समझने का अवसर है। यह भावुकता, संवेदनशीलता और कल्पनाशीलता का सुखद गुलदस्ता है। बच्चों का मन मोह लेने वाला मंजर गढ़ना मुश्किल काम है, क्योंकि उनके मनोविज्ञान को समझना हर समय एक चुनौती रहती है और यह आसान नहीं है। बच्चों को सोचने-विचारने और सुनने का अवसर घर से अधिक विद्यालय में मिलता है।**

**विश्वनाथ झा**

विद्यालय में पढ़ने के साथ-साथ खेलने-कूदने, मस्ती करने, एक दूसरे पर शब्दों के बाण चलाने से बच्चों को आनंद तो मिलता ही है, उन्हें प्रशिक्षण भी मिलता है। यह जरूरी है कि बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास साथ-साथ होता रहे। एक समय बच्चों को ज्ञान देने के साथ-साथ विज्ञान और व्यावहारिक ज्ञान जंगलों में बने गुरुकुल में गुरु दिया करते थे। गुरुकुल का स्थान आज के दौर में जब विद्यालयों ने ले लिया तो वहां मौजूद खेल का मैदान सबसे बड़ा मानसिक संतुलन बनाने की जगह है।

याद रखने की जरूरत है कि ओलंपिक खेलों तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों की भी शुरुआत कभी प्राथमिक स्कूलों के छोटे या बड़े खेल के मैदान से ही हुई होती है। कुछ समय पहले केरल में खेल के मैदानों को लेकर एक नई शुरुआत हुई है। वहां के माननीय उच्च न्यायालय ने बच्चों की मानसिकता को देखते हुए एक बेहद अहम निर्णय सुनाया कि अगर किसी विद्यालय के पास खेल का मैदान नहीं है तो उसकी मान्यता रोक देनी चाहिए।

दरअसल, इस फैसले से इसका महत्त्व स्थापित होता है कि प्रत्येक स्कूल के साथ खेल मैदान होना जरूरी है। यह बात सही भी है कि शिक्षा को केवल कक्षा तक सीमित रखना उचित



नहीं है, बच्चों के भीतर कौशल और कल्पनाशीलता तभी विकसित होगी, जब वह खेल के मैदान में सीखने के वातावरण का हिस्सा बनेंगे। बच्चों के भविष्य के लिए खेल और खेल जैसी गतिविधियां उनके पाठ्यक्रम का हिस्सा रही हैं। पर बदलते परिवेश में रट्टा मारने के चलन ने सब कुछ बिगाड़ कर रख दिया। स्कूल के माध्यम से खेल के मैदान बच्चों में जीवन का कौशल आत्मसम्मान के साथ-साथ आत्मविश्वास पैदा करते है। बच्चों में निरंतर बढ़ रहे भय और तनाव, संकोच जैसे मनोविकारों को दूर करने का स्थान खेल के मैदान ही हो सकते हैं। ये मैदान बच्चे और विद्यालय के प्राण हैं।

मगर जमीनी हकीकत यह है कि बड़ी तादाद में स्कूलों में खेल मैदान तो क्या, बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे में इस निर्णय का स्वागत करते हुए गंभीरतापूर्वक समीक्षा होनी चाहिए और इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए। यहां यह भी महत्त्वपूर्ण है कि यह निर्णय केवल निजी विद्यालयों तक सीमित नहीं है। बच्चे किसी की संपत्ति नहीं हैं। वे देश की संपत्ति हैं, चाहे वे सरकारी स्कूल में पढ़ें या फिर निजी स्कूलों में।

खेल के मैदान और अन्य सुविधाएं दोनों जगह बराबर मिलनी चाहिए। तभी उनके बचपन को बचाया जा सकता है। देश भर में हर जगह उगे निजी विद्यालयों को छोटी-सी इमारत में संचालित कर लिया जाता है। कई जगह सरकारी विद्यालय भी ऐसे दिख जाते हैं। इस पर किसी भी प्रकार का अंकुश नहीं होता। निजी विद्यालयों पर अंकुश लगाकर उनकी मान्यताओं को रद्द किया जा सकता है, लेकिन नियम बच्चों के भविष्य का है जो सबके लिए एक समान होने चाहिए। बच्चा चाहे कहीं भी शिक्षा ग्रहण करे, उसे आवश्यक सुविधाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। अन्यथा स्कूली शिक्षा का उद्देश्य अधूरा रह जा सकता है।

खेल के मैदान की सुविधा सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग का नैतिक दायित्व है। अगर स्कूलों में पर्याप्त खेल मैदान नहीं हैं तो उस सरकारी या गैरसरकारी स्कूल में किसी भी तरह यह सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। भले स्कूल के स्थान को बदल दिया जाए। यह उल्लेखनीय है कि शिक्षा पर गठित सभी आयोगों ने कक्षाओं में शिक्षण और सीखने के समांतर खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के प्रभावी आयोजन के लिए अनुशंसाएं की हैं।

इतना सब कुछ होते हुए भी आजादी के सात दशक बाद ऐसा निर्णय न्यायालय को लेना पड़ रहा है। यह शासन की नीतिगत कसौटियों और प्राथमिकताओं को एक तरह का आईना है। देश और राज्य की सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा कि किसी भी स्थिति में विद्यालयों में खेल मैदान, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य बुनियादी साधन सुविधाओं के साथ-साथ पाठ्यक्रम निर्धारित होना चाहिए। केवल रट कर याद करने के चलन और इसके परिणाम को देखकर विद्यालयों की गुणवत्ता का निर्णय नहीं किया जा सकता।

ऐसे में ज्यादा अंक तो आ जाएंगे, लेकिन बच्चों का मानसिक संतुलन कैसे सुनिश्चित होगा। इसलिए यह जरूरी है कि स्कूलों में न केवल उचित खेल मैदान और अन्य अपेक्षित भौतिक सुविधाएं हों, बल्कि पूर्णकालिक प्रशिक्षित योग्य शारीरिक शिक्षक भी पदस्थापित हों। हालांकि कई जगहों पर यह व्यवस्था होती है जो बच्चों के भविष्य के लिहाज से बेहतर है।

अध्ययनों में यह सिद्ध हुआ है कि जिन स्कूलों में शारीरिक शिक्षक रहे हैं, वहां अनुशासनहीनता की घटनाएं कम हुई हैं। इसमें अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि जिन विद्यालयों में खेल मैदान नहीं हैं, वहां इस सुविधा के लिए वे जागरूकता पैदा करें और सरकार के पास प्रस्ताव भेजें। बच्चों के जीवन और भविष्य से जुड़े इस विषय पर सरकार और समाज को सामूहिक रूप से मंथन करने की जरूरत है।



# घर में मकड़ी के जाले करते हैं जीवन का बड़ा नुकसान


**मकड़ी का घर में होना अलग-अलग क्षेत्रों में शुभ और अशुभ दोनों माना जाता है। सामान्यतः वास्तु कहता है कि घर में मकड़ी जाले दरिद्रता के सूचक हैं, इन्हें तत्काल साफ करना चाहिए। मकड़ी एक जहरीला जीव है जिसका घर में होना बीमारियों की वजह बन सकता है। वास्तु अनुसार मकड़ी के जाले होने से घर में 5 तरह के दोष आते हैं।**

## 5 तरह के दोष

- इससे घर की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होती है।
- इससे घर के मुखिया की प्रगति रूक जाती है।
- इससे घर में प्रेम और रिश्तों में दूरी आ जाती है।
- इससे धार्मिक कार्यों का लाभ और पुण्य नहीं मिलता है। क्योंकि भगवान स्वच्छता में रहना पसंद करते हैं।
- घर में नकारात्मकता, अवसाद और निराशा आने लगती है। मकड़ी का जाला जीवन में उलझनों के बढ़ने का संकेत होता है।

## मकड़ी के शुभ फल

- जिस पर मकड़ी गिर जाए उसे नए कपड़े मिलते हैं।
- मकड़ी मौसम का संदेश देती है।
- मकड़ी अकारण काटती या नुकसान नहीं पंहुचाती जब तक कि उसे छेड़ा न जाए अतः कुछ स्थानों पर इसे किसानों का साथी माना जाता है। यह चींटी खत्म कर देती है।
- अगर आप जाल बुनते हुए मकड़ी देखते हैं तो यह संकेत हैं कि आपको जल्दी कामयाबी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति बेहतर होगी प्रशंसा प्राप्त कर सकते हैं।
- मकड़ी अगर सपने में भी जाल बुनते दिखे तो यह भी शुभ फलदायक होता है।
- ऊपर चढ़ती मकड़ी तरक्की का संदेश देती है।



# जल की महिमा से आपूरित हैं हमारे व्रत त्योहार

**भारतीय परंपरा में कोई भी ऐसा धार्मिक कार्य नहीं होगा जिसमें जल कलश स्थापित न किया जाता हो। इसी से जल की महत्ता सिद्ध होती है। नदियों को हमारे यहां मां का दर्जा दिया गया है। पुराणों में देवी देवता से लेकर राजा-महाराजा ऋषि मुनि द्वारा सुंदर सरोवर, जलाशय, जल प्रांतर, झरने, कुंए, बावड़ी आदि लोक हित में बनवाने का जिक्र मिलता है। हमारे कई व्रत त्योहार तो जल की महिमा से आपूरित है। मंत्र-श्लोक में भी जल का महत्व मिल जाता है।**

अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तये।
देवा भवत वाजिनः।
ऋग्वेद (१.२३.१९)
अर्थात- हे देवों! तुम अपनी उन्नति के लिए जलों के भीतर जो अमृत व औषधि है,उनको जान कर जल के प्रयोग से ज्ञानी बनो।

इस तरह हमारे सांस्कृतिक पर्व अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। जरूरत है हमें उनके रहस्यों को समझने की उनके संदेशों को पढ़ पाने की योग्यता विकसित करने की.

आत्मप्रदानं सौम्यत्वमभ्दयश्चैवोपजीवनम।
वेदव्यास (महाभारत, सभापर्व ७८.१९)
अर्थात- परहितार्थ आत्मदान, सौम्यत्वं तथा दूसरों को जीवनदान की शिक्षा जल से लेनी चाहिए।

हमारे यहां हर मौसम में हर पर्व जल के महत्व को प्रतिपादित करता है, जल का गुणगान करता है। जल को बचाने का संदेश भी देता है।

आपः सर्वस्य भेषजीः
ऋग्वेद (१०/१३७/६)
अर्थात-जल सब रोगों की एकमात्र दवा है। वैज्ञानिक भी इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि मनुष्य शरीर में यदि जल की कमी आ जाए तो जीवन खतरे में पड़ जाता है। वर्तमान युग में जब जल की कमी की गंभीर चुनौतियां सारा संसार स्वीकार कर रहा है, जल को एक पेय के स्थान पर तत्व के रूप में पहचानना दार्शनिक धरातल पर जरूरी है।

यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः।
उशतीरिव मातरः।।
- यजुर्वेद (३६.१५)
अर्थात - जैसे मां अपनी संतान को दूध पिलाती है, वैसे ही हे जल! जो तुम्हारा कल्याणतम रस है उसे हमें प्रदान करें।



हमारे पुरखे जल, जलदान, जल के लिए प्याऊ खुलवाने का संदेश देते हैं। यहां तक कि पितरों को भी जल अर्पण करने की परंपरा है। तुलसी, पीपल और सूर्य को जल चढ़ाना अब धार्मिक के साथ वैज्ञानिक रूप से भी प्रामाणिक माना जाने लगा है।

- वैशाख मास में आने वाली एकादशी को प्याऊ खुलवाने से करोड़ों महायज्ञ का फल मिलता है.
- अक्षय तृतीया पर्व में जल कलश दान का विशेष महत्व है। मिट्टी के पात्र में जल भर कर दान का जिक्र पुराणों में मिलता है। इस दिन जल दान से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है.
- निर्जला एकादशी व्रत पंचतत्व के एक प्रमुख तत्व जल की महत्ता को निर्धारित करता है। इस व्रत में जल कलश का विधिवत पूजन किया जाता है। निर्जला व्रत में व्रती जल के बिना समय बिताता है। जल उपलब्ध होते हुए भी उसे ग्रहण न करने का संकल्प लेने और समयावधि के पश्चात जल ग्रहण करने से जल की उपयोगिता पता चलती है। व्रत करने वाला जल तत्व की महत्ता समझने लगता है।
- भगवान शिव की मूर्ति व शिवलिंग पर जल चढ़ाने का महत्व भी समुद्र मंथन की कथा से जुड़ा हुआ है। अग्नि के समान विष पीने के बाद शिव का कंठ एकदम नीला पड़ गया था। विष की ऊष्णता को शांत कर भगवान भोले को शीतलता प्रदान करने के लिए समस्त देवी-देवताओं ने उन्हें जल-अर्पण किया। इसलिए शिव पूजा में जल का विशेष महत्व माना है।

## शिव स्वयं जल हैं

शिवपुराण में कहा गया है कि भगवान शिव स्वयं जल हैं।

संजीवनं समस्तस्य जगतः सलिलात्मकम
भव इत्युच्यते रूपं भवस्य परमात्मनः
अर्थात जो जल समस्त जगत के प्राणियों में जीवन का संचार करता है वह जल स्वयं उस परमात्मा शिव का रूप है। इसीलिए जल का अपव्यय नहीं वरन उसका महत्व समझकर उसकी पूजा करना चाहिए।

- गंगा सप्तमी पर्व मां गंगा का पुनर्जन्म भी माना जाता है अतः इसे गंगा जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। जिस दिन ये धरती पर अवतरित हुई उस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। मोक्षदायिनी गंगा में स्नान करने से सरे पाप और दुःख कट जाते हैं पर अब कलयुग में गंगा भी पाप से दूषित होने लगी है। ऐसे में जल का महत्त्व और उसकी शुद्धता का जिम्मा और बढ़ जाता है।
- भगवान नृसिंह को वैष्णव संप्रदाय के लोग संकट के समय रक्षा करने वाले देवता के रूप में पूजते हैं। चूंकि ये क्रोधावतार हैं इसलिए इन्हें जल के सामान शीतल वस्तुओं का अर्पण किया जाता है। प्रतिस्पर्धा, अनजान शत्रुओं से बचने के लिए इन पर बर्फ मिला या उतना ठंडा जल चढ़ाया जा सकता है।
- वैशाख पूर्णिमा पर दान और पवित्र नदी या सरोवर में स्नान करने का भी विशेष महत्व होता है।
- वट सावित्री व्रत में बरगद वृक्ष चारों ओर घूमकर सौभाग्यवती स्त्रियां रक्षा सूत्र बांधकर पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। विधि विधान से पूजन पश्चात वटवृक्ष/बड़ के के वृक्ष की जड़ों में पानी देती हैं। धरती पर इनकी जड़ें अपनी पकड़ से पानी को संचित रखती हैं व माटी को बांध के रखती हैं। कटने नहीं देती ऐसे ही पति -पत्नी का रिश्ता जन्मों तक कायम रहता है।
- इन पर्वों को मानाने के साथ हम प्रार्थना करें कि-

शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये।
शं योरभि स्रवन्तु नः।
अथर्ववेद (१.६.१)
सामवेद (३३)



# मनीप्लांट लगाने के नियम क्या कहता है वास्तु

**जनमानस में ऐसी मान्यता है कि घर में मनी प्लांट लगाने पर सुख-समृद्धि में होने के साथ धन का आगमन बढ़ता है। इसी के चलते लोग अपने घरों में यह पौधा लगाते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार मनी प्लांट का पौधा घर में उचित दिशा में नहीं लगाया गया है तो आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।**

- वास्तु शास्त्रियों का मानना है कि मनी प्लांट के पौधे के घर में लगाने के लिए आग्नेय दिशा सबसे उचित दिशा है। इस दिशा में यह पौधा लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का भी लाभ मिलता है।
- मनी प्लांट को आग्नेय यानी दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाने का कारण यह है कि इस दिशा के देवता गणेश जी हैं जबकि प्रतिनिधि शुक्र हैं।
- गणेश जी अमंगल का नाश करने वाले हैं जबकि शुक्र सुख-समृद्धि लाने वाले। यही नहीं, बल्कि बेल और लता का कारण शुक्र ग्रह को माना गया है। इसलिए मनी प्लांट को आग्नेय दिशा में लगाना उचित माना गया है।
- मनी प्लांट को कभी भी ईशान यानी उत्तर-पूर्व दिशा में नहीं लगाना चाहिए।
- यह दिशा इसके लिए सबसे नकारात्मक मानी गई है, क्योंकि ईशान दिशा का प्रतिनिधि देवगुरु बृहस्पति माना गया है और शुक्र तथा बृहस्पति में शत्रुवत संबंध होता है। इसलिए शुक्र से संबंधित यह पौधा ईशान दिशा में होने पर नुकसान होता है। हालांकि इस दिशा में तुलसी का पौधा लगाया जा सकता है।
- कहा जाता है मनी प्लांट की जमीन छूती पत्तियों से सुख-समृद्धि में रुकावट आती है और यह सफलता में भी बाधक है। यदि ऐसा हो तो उसे किसी का सहारा देखकर ऊपर की ओर चढ़ाएं।
- मनी प्लांट की पत्तियां अगर सूखने लगें तो उसे तुरंत ही हटा दें।

गलत दिशा में लगा मनी प्लांट आपको आर्थिक नुकसान भी पहुंचा सकता है यानी आपको धन हानि, नुकसान का सामना भी करना पड़ सकता है।

# गंगाजी को 'जाह्नवी' क्यों कहते हैं

**धार्मिक शास्त्रों के अनुसार गंगा के विषय में एक प्रचलित कथा है। इसके अनुसार एक बार गंगा जी तीव्र गति से बह रही थी। उस समय जह्नु भगवान के ध्यान में लीन थे। उस समय गंगा जी भी अपनी गति से बह रही थी। उस समय जह्नु ऋषि के कमंडल और अन्य सामान भी वहीं पर रखा था।**

जिस समय गंगा जी जह्नु ऋषि के पास से गुजरी तो वह उनका कमंडल और अन्य सामान भी अपने साथ बहा ले गई। जब जह्नु ऋषि की आंख खुली तो अपना सामान न देख वे क्रोधित हो गए। उनका क्रोध इतना गहरा था कि अपने गुस्से में वे पूरी गंगा को पी गए, जिसके बाद भगीरथ ऋषि ने जह्नु ऋषि से आग्रह किया कि वे गंगा को मुक्त कर दें। जह्नु ऋषि ने भगीरथ ऋषि का आग्रह स्वीकार किया और गंगाजी को अपने कान से बाहर निकाला। जिस समय यह घटना घटी थी, उस समय वैशाख पक्ष की सप्तमी तिथि थी। इस दिन को गंगा का दूसरा जन्म माना और कहा भी जाता है। अतः जह्नु की कन्या होने की कारण ही गंगाजी को 'जाह्नवी' कहते हैं।





कई लोग हनुमान चालीसा नियमित पढ़ते हैं और कई लोग मंगलवार या शनिवार को ही हनुमान चालीसा पढ़ते हैं। लेकिन बहुत कम लोग यह जानते हैं कि हनुमान चालीसा पढ़ने का सही तरीका क्या है। आओ जानते हैं कि किस तरह पढ़ना चाहिए हनुमान चालीसा की हमें मिले उत्तम फल। हनुमान चालीसा पाठ के नियम

# हनुमान चालीसा पढ़ने का सही तरीका

### आह्वान
हनुमान चालीसा का पाठ करने के पहले कई लोग उनका और श्रीरामजी का आह्वान करके पाठ नहीं करते हैं।

### समय
हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए समय निर्धारित करना चाहिए। कई लोग जब उनका मन करता है तब उसका पाठ करते हैं और जब मन करता है तब नहीं। यह गलती कई लोग करते हैं।

### स्थान
हनुमान चालीसा एक पवित्र जगह पर बैठकर ही करना चाहिए। खासकर या तो आपके घर के पूजास्थल पर, मंदिर में, तीर्थ क्षेत्र में या पहले से नियुक्त साफ सफाई करके पवित्र की गई जगह पर। हर कहीं या सड़क पर इसका पाठ नहीं होता।

### भक्त बनें
कई लोग हनुमान चालीसा का पाठ तब करते हैं जबकि उनके उपर कोई संकट आता है। कहते हैं कि दुःख में सुमिरन सब करे सुख में करै न कोय। जो सुख में सुमिरन करें तो दुःख काहे को होऊ।

### दोहे
कई लोग पाठ तो करते हैं लेकिन उसके दोहे नहीं पढ़ते हैं जो हनुमान चालीसा का ही अंग है।

### चालीसा दिन तक पाठ
100 बार हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। सौ बार नहीं कर सको तो 11 बार करो। 11 बार न हो तो 9 बार करो। 9 बार नहीं कर सको तो 7 बार करो। 7 बार न कर सको तो 5 बार करो और 5 बार न कर सको तो 3 बार करो और 3 बार भी नहीं कर सकते हो तो 1 बार प्रतिदिन करो चालीसा और कम से कम 40 दिन तक करने के बाद उन्हें लंगोट जरूर भेंट करें।

### अर्पण
हनुमान चालीसा का पाठ करने के पहले उनके चित्र या मूर्ति को पवित्र जल से पवित्र करके उन्हें तुलसी की माला या जनेऊ पहनाकर भक्ति भाव से उनकी पसंद का भोग अर्पण करके कई लोग हनुमान चालीसा नहीं पढ़ते हैं।

### मध्यम स्वर
कई लोग हनुमान चालीसा का पाठ ऊंचे स्वर में अशुद्ध उच्चारण के साथ करते हैं या एकदम नीचे स्वर में इसका पाठ करते हैं। यह गलती सभी करते हैं।

### पवित्रता
हनुमान चालीसा के पाठ के दौरान ब्रह्मचर्य, पवित्रता, शुद्धता, साफ सफाई का ध्यान कई लोग नही रखते हैं। महिलाएं यदि हनुमान चालीसा का पाठ कर रही हैं तो उन्हें इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि वे उन्हें टच न करें। कई लोग यह गलती करते हैं।

### खुद के नाम का उच्चारण
यह भी मान्यता है कि जहां पर लिखा है कि 'तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय मंह डेरा।' यहां तुलसीदास की जगह आपको आपके नाम का उच्चारण करना चाहिए। कई लोग यह गलती करते हैं इसीलिए उन्हें लाभ प्राप्त नहीं होता है।

### दीपक
हनुमान चालीसा के पाठ के पहले दीप प्रज्वलित जरूर करना चाहिए। दीपक में जो बाती लगाई जा रही है वह भी लाल सूत (धागे) की होनी चाहिए। किसी भी स्थल पर पूजा करने के पूर्व दीप जरूर प्रज्वलित करें। हनुमान पूजा के दौरान जो दीपक जला रहे हों उसमें चमेली का तेल या शुद्ध घी होना चाहिए।

### वस्त्र
हनुमानजी चालीका पाठ के दौरान सिर्फ एक वस्त्र पहनकर ही चालीसा का पाठ करें या उनकी पूजा करें।

### आसन
हनुमान मूर्ति या चित्र को लकड़ी के पाठ पर लाल कपड़ा बिछाकर स्थापित करें और खुद कुश के आसन पर बैठकर ही चालीसा का पाठ करें या पूजा करें।

### पाठ आवृत्ति
100 बार हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। सौ बार नहीं कर सको तो 11 बार करो। 11 बार न हो तो 9 बार करो। 9 बार नहीं कर सको तो 7 बार करो। 7 बार न कर सको तो 5 बार करो और 5 बार न कर सको तो 3 बार करो और 3 बार भी नहीं कर सकते हो तो 1 बार प्रतिदिन करो। हनुमान चालीसा का पाठ करते वक्त यदि आप इन बातों का ध्यान रखते हैं तो आपको हनुमान जी की कृपा जरूर प्राप्त होती है।



कॅरियर गाइडेंस देश व दुनिया में आज हेल्थ सेक्टर का जितना विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आगे चलकर काबिल फिजियोथैरेपी की मांग और बढ़ेगी। फिजियोथैरेपी विज्ञान की ऐसी विधा है जिसके अंतर्गत शारीरिक व्यायाम के जरिए व्यक्ति के रोगों व व्याधियों का उपचार किया जाता है।


# फिजियोथैरेपी

## वक्त की मांग

फिजियोथैरेपिस्ट का काम रोगियों में किसी बीमारी, चोट, अक्षमता या बढ़ती उम्र की वजह से उपजी शारीरिक व्याधियों का उपचार करना है। आज लोग बीमारी के उपचार के लिए समग्र नजरिया अपनाने लगे हैं। इसकी वजह से दुनिया भर में फिजियोथैरेपिस्ट्स की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है।

### काम का दायरा

फिजियोथैरेपिस्ट्स अस्पतालों, विकलांगों की लिए बने पुनर्वास केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए बने स्कूलों, स्वास्थ्य संगठनों के



अलावा डिफेंस मेडिकल प्रतिष्ठानों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी अपनी सेवाएं देते है। इंजुरी व फ्रैक्चर्स, जोड़ों के दर्द, खिंचाव, मोच, स्ट्रोक्स के उपचार में काबिल फिजियोथैरेपिस्ट की सेवाएं कारगर साबित होती हैं।

### बढ़ती मांग

आज जिस तरह के अत्याधुनिक अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र व क्लीनिक्स खुल रहे हैं और हेल्थ सेक्टर का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि फिजियोथैरेपिस्ट की मांग आगे चलकर और बढ़ेगा। कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुद को फिट रखने व फिटनेस संबंधी सुझाव लेने के लिए फुलटाइम पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की सेवाएं लेते हैं। विदेशों में और खासकर अमेरिका कनाडा व आस्ट्रेलिया जैसे देशों में पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की जबदस्त मांग है।

### योग्यता

फिजियोथैरेपी में कोई डिग्री अथवा डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए अभ्यर्थी को फिजिक्स, केमिस्ट्री या बायोलॉजी के साथ 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अस्पताल व क्लीनिक्स अमूमन ऐसे लोगों को रोजगार देते हैं, जिनके पास फिजियोथैरेपी में बैचलर डिग्री (बीपीटी) हो। बीपीटी करने के बाद छात्र यदि चाहें तो अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं।
फिजियोथैरेपी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने से लेकर दो साल तक हो सकती है। डिग्री स्तर अवधि



तीन से चार साल तक होती है। प्रतिष्ठित संस्थान कॉमन टेस्ट सीईटी के जरिए बीपीटी में छात्रों की दाखिला देते है।

### व्यक्तिगत योग्यता

फिजियोथैरेपिस्ट्स बनने के चाह रखने वाले अभ्यर्थियों में लंबे समय तक खड़े रहकर काम करने की क्षमता होनी चाहिए। काबिल फिजियोथैरेपिस्ट वहीं है जो मरीज की जरूरत को अच्छी तरह समझ सके, उसके प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए। सफल फिजियोथैरेपिस्ट बनने के लिए व्यक्ति में इन खूबियों के अलावा मानवीय संरचना का सम्पूर्ण ज्ञान होना भी अति आवश्यक है।

### पारिश्रमिक

इस क्षेत्र से जुड़े कोई फ्रेश ग्रेजुएट किसी हॉस्पिटल या क्लीनिक में टेनी फिजियोथैरपिस्ट के तौर पर 8,000 से 12,000 रूपए वेतन पाने की उम्मीद कर सकता है। हालांकि प्रतिष्ठित अस्पतालों में आपको और भी अच्छा वेतन मिल सकता है। अनुभव हासिल करने के बाद आपके वेतन में खासा इजाफा हो सकता है। अनुभवी फिजियोथैरपिस्ट चाहे तो निजी क्लीनिक खोल कमाई कर सकते हैं।

# डायटीशियन

## कॅरियर का बेहतर विकल्प

आहार जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम जो आहार लेते है उसका शरीर में पाचन किया जाता है। प्रकृति ने विभिन्न खाद्य-पदार्थों को भोजन का रूप दिया है जिसे कच्चा या पका कर हम उपयोग करते हैं ऐसे पदार्थ हमारे पाचक अंगों द्वारा पचा लिए जाते हैं, जिनसे ऊतकों का निर्माण एवं पोषण होता है। चलने, फिरने दौडने या अन्य शारीरिक कार्य करते रहने से शरीर के भीतर के ऊतक टूटते-फूटते एवं घिसते रहते है। भोजन द्वारा हमारे शरीर की संरचना तथा मरम्मत के लिए विभिन्न पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिनसे हमें शक्ति मिलती हैऔर हमारे शीरीरिक के विभिन्न अंग अपना कार्य सुचारू रूप से करते रहते हैं।सन्तुलित आहार और सही आहार हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है लिहाजा हमारी शारीरिक जरूरतों के अनुसार कितने पोषक तत्वों की जरूरत होती हैं और कौन से खाद्य-पदार्थ से सेहत को नुकसान पंहुच सकते है, इसका जवाब डायटीशियन ही बता सकता है। जीवनशैली में आ रहे बदलावों और उसके दुष्णपरिणाम के चलते डायटीशियन एक बेहतर केरियर ऑप्शन के रूप में उभरा है। यह कोर्स अपनाकर आप अपना ही नहीं दूसरो की सेहत का भी ख्याल रख सकते है। एक डायटीशियन के रूप में आप नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग, बीमार, अभिनेताओं और खिलाडियों तक की डाइट का चार्ट बना सकते हैं। डायटीशियन लोगों को सलाह देता है, कि उसे स्वस्थ रहने के लिए किस तरह का भोजन करना चाहिए। डायटीशियन का कार्य जितना आसान दिखाई देता है वास्तव में वह उतना आसान नहीं हैं, क्योंकि रोगियों के लिए व्यक्तिगत आहार योजना बनाते हुए विभिन्न क्लीनिकल घटकों को ध्यान में रखना होता है। साथ ही रोगियों की जीवनशैली, खान-पान की आदतों पर भी विचार करना होता है।पोरेट स्तर पर डायटीशियन की मांग बढ रही है और पांच सितारा होटलों में भी डायटीशियनों की सेवाएं ली जा रही हैं।



# कराटे- दुश्मन को बिना किसी हथियार से हराने की तकनीक

कराटे निहत्थे लडने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है। जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है।

कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं। इन सभी भागों को कड़ी मेहनत और प्रैक्टिस से कठोर बनाया जाता है। एक कराटे एक्सपर्ट कई इंच मोटी लकड़ी को अपने हाथ या पैर से तोड़ सकता है। सही टाइमिंग, कुशलता तथा जज्बा तो इसके लिए जरूरी है ही साथ ही जरूरी होती है शारीरिक कठोरता।

कराटे के खेल में वार को शरीर के संपर्क में आने से एक इंच पहले ही रोक लिया जाता है। कराटे में मैच सिर्फ 3 मिनट के होते हैं। एक खेल के तौर पर इसमें कुशलता का स्तर परखने के लिए दोनों में नकली लड़ाई और औपचारिक परीक्षण दोनों का आयोजन किया जाता है। यदि प्रतियोगी अच्छे से वार न कर पाए तो जज अपना फैसला मूवमैंट्स और डिफेंस तकनीक के आधार पर सुना सकते हैं।जजों द्वारा खिलाडियों के प्रदर्शन को वैसे ही रेटिंग दी



जाती है, जैसे जिम्नास्टिक में होता है। कराटे एशिया में विकसित हुआ जिसे कई शताब्दियां लग गई और 17वीं शताब्दी के दशक में जाकर यह कला के रूप में व्यवस्थित होने लगा। 1920 के दशक में यह जापान में बहुत प्रसिद्ध हुआ। आज पूरे विश्व में कई स्कूल कराटे की ट्रेंनिंग देते हैं। 1970 में कराटे वर्ल्ड चैम्पियनशिप टाइटल की स्थापना की गई थी।

प्राचीन चीन से शुरू और जापान में प्रसिद्ध हुआ युद्ध कौशल (मार्शल आर्ट) कराटे आज पूरे विश्व में अत्यधिक लोकप्रिय है। कराटे खेल भी, कला भी कराटे निहत्थे लडने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है।

जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है। कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं।



**स्वरोजगार**

# कागज़ उद्योग

देश में सामाजिक-आर्थिक विकास की दृष्टि से कागज़ उद्योग देश का सबसे पुराना और अति महत्वपूर्ण उद्योग है। इस उद्योग का अनुमानित आकार 25000 करोड़ रुपये ( 5.95 बिलियन डॉलर) है। विश्व के कागज और कागज बोर्ड उत्पाद में इसका हिस्सा लगभग 1.6 प्रतिशत है। इस उद्योग से 1.20 लाख लागों को प्रत्यक्ष रूप से और 3.40 लाख लोगों को परेक्ष रूप से रोजगार मिला हे। अधिकतर पेपर मिल पिछले लम्बे अर्से से कार्य कर रहे हैं और इस प्रकार वर्तमान समय में इनमें पुरानी से लेकर अति आधुनिक तकनीक वाली दोनों प्रकार की प्रौद्योगिकियाँ इस्तेमाल हो रही हैं।
पिछले पाँच वर्षों से कागज़ की खपत लगभग 6 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ रही है। कागज़ उद्योग को कागज के उत्पादन की किस्म के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है; जैसे क्रीमवोव, मैपलिथो, कोपलर, कोटेड पेपर, इंडिस्ट्रयल पेपर और स्पेस्लिटी पेपर। इंडिस्ट्रयल पेपर अधिक मात्रा में इस्तेमाल होता है, जो कि कुल खपत का लगभग 60 प्रतिशत है। अभी तक कागज उद्योग की वृद्धि सकल घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि के बराबर रही है और पिछले कुछ वर्षों के दौरान इसमें औसतन 6-7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्तर पर भारत में कागज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है ओर यह उत्सावर्धक स्थिति को दर्शाता है। आर्थिक संवृद्धि के साथ कागज की खपत में भी अत्याधिक उछाल आने की संभावनाएँ हैं और यह 2015-16 तक 13.95 मिलियन टन तक पहुँच सकता है। भावी अनुमान यह हे कि कागज की खपत में सकल घरेलू उत्पाद के गुणांकों में वृद्धि होगी और इस प्रकार प्रति व्यक्ति 1 किलाग्राम खपत की वृद्धि से उसकी मांग में 1 मिलियन टन की वृद्धि होगी। उद्योग के अनुमानानुसार वर्ष 2012-13 तक कागज़ उत्पादन 8.4 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ा है, जबकि कागज की खपत 9 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ी है। कम खर्च व लागत में कागज उद्योग स्वरोजगार का बेहतर जरिया बन सकता है।




# पैरा-मैडीकल कोर्सेज में संवारें कॅरिअर

यदि आपकी बारहवीं परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नही हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।

मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजैक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है।

इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी , एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑप्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एवं ऑथोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरिपी एंड ऑकुपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज़) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी., एम.एससी., बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

संस्थान

- पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल एजुकेशन एंड रिसर्च, सैक्टर-11,चंडीगढ़-1600012
- पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल साइंसेज, रोहतक-124001, हरियाणा।
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110007

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान के काबुल-जलालाबाद राजमार्ग पर सुरुबी जिले में एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार रात को हुई। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि यह दुर्घटना काबुल की राजधानी को पूर्वी प्रांतों से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई, जब एक यात्री वाहन सड़क से उतर गया और पहाड़ से टकरा गया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायलों का अब स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। अफ़ग़ानिस्तान में सड़क की खराब स्थिति, लापरवाही से गाड़ी चलाना, कठिन इलाके, ओवरलोडिंग, ओवरटेकिंग और तेज गति के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम बात है।

### पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने पिछले साल देश में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को खारिज कर दिया। पाकिस्तान का कहना है कि सिर्फ राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार देर रात एक बयान में कहा, यह बेहद चिंता का विषय है कि विश्व भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन के सबसे जरूरी हॉटस्पॉट को नजरअंदाज करती है या कम महत्व देती है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि रिपोर्ट गलत जानकारी पर आधारित है और जमीनी हकीकत से पूरी तरह परे है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस साल की रिपोर्ट एक बार फिर निष्पक्षता की कमी और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एजेंडे के राजनीतिकरण के कारण स्पष्ट है। यह स्पष्ट रूप से दोहरे मानकों को प्रदर्शित करता है और इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार को कमजोर करता है। 22 अप्रैल को जारी अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक साल में पाकिस्तान में मानवाधिकार की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तानी सरकार नागरिक समाज कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार रक्षकों और पत्रकारों को डराती है या उनके खिलाफ प्रतिशोध चाहती है।

### अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की

**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवाद को दूर करने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने साथ ही गलतफहमी और गलत आकलनों के खतरों को लेकर चेतावनी भी दी। ब्लिंकन ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी और जन सुरक्षा मंत्री वांग शियाहोंग के साथ बातचीत के बाद राष्ट्रपति चिनफिंग से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। ब्लिंकन और वांग ने संवाद के रास्ते खुले रखने के महत्व को रेखांकित किया, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी खेद जताया कि मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में दोनों देशों के बीच गंभीर मतभेद तब उजागर हुए जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने विदेशी सहायता विधेयक पर हस्ताक्षर किए जिसमें कई प्रावधान है जो चीन अपने खिलाफ मानता है। दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। वांग ने करीब साढ़े पांच घंटे की बातचीत की शुरुआत में ब्लिंकन से कहा, ''कुल मिलाकर, चीन-अमेरिका के रिश्ते स्थिर होने लगे हैं। लेकिन साथ ही, रिश्ते में नकारात्मक कारक अभी भी बढ़ रहे हैं जिनकी वजह से संबंधों को सभी प्रकार के व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है।''

## ब्रिटेन में पहली सिख कोर्ट का शुभारंभ, घरेलू हिंसा समेत इन मामलों पर होगी सुनवाई

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में पारिवारिक और नागरिक विवादों में फंसे सिख समुदाय के लोगों लिए एक सुखद खबर है। लंदन में ब्रिटिश सिख वकीलों द्वारा एक नई अदालत की शुरुआत की गई है। सिख समुदाय के लोग एक विवाद समाधान मंच के रूप में नई अदालत को स्थापित करने के लिए एकजुट हुए।

एक न्यूज रिपोर्ट में बताया गया है कि लंदन के लिंकन इन के ओल्ड हॉल में एक समारोह में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ सिख अदालत की शुरुआत की गई। अदालत के संस्थापकों में से एक वकील बलदीप सिंह का कहना है कि इसका उद्देश्य संघर्ष और विवादों से निपटने के दौरान जरूरत के समय सिख परिवारों की सहायता करना है। बताया गया है कि नई अदालत व्यक्तिगत रूप से संचालित होगी, और इसमें लगभग 30 मजिस्ट्रेट और 15 न्यायाधीश होंगे। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश महिलाएं होंगी। अदालत में मजिस्ट्रेट का काम समझौते के लिए पक्षों के बीच मध्यस्थता करना होगा।

सिख संस्थाओं के साथ विचार-विमर्श के बाद यह तय किया गया है कि अदालत में घरेलू हिंसा, जुआ और मादक द्रव्यों के सेवन जैसे मामलों को देखा जाएगा। अगर इन मामलों में मध्यस्थता असफल होती है, तो मामले को अदालत के न्यायाधीश के सामने लाया जा सकता है। इसके बाद मध्यस्थता अधिनियम के तहत कानूनी रूप से निर्णय लिया जाएगा। बलदीप सिंह ने कहा कि जिन मुद्दों से हम निपट नहीं सकते हैं, उन्हें उचित स्थान पर निर्देशित किया जाएगा। नई अदालत के नियमों के तहत किसी मामले में दोनों पक्षों को भाग लेने के लिए सहमति देनी होगी। उन्होंने आगे कहा कि इस अदालत का उद्देश्य अंग्रेजी अदालतों पर कब्जा करना और उन्हें परेशान करना नहीं है।

# गाजा पट्टी के लोगों के लिए अमेरिका के छात्रों का छलका दर्द, इस्राइल के खिलाफ किया प्रदर्शन, 93 गिरफ्तार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब इसकी चपेट में विश्वविद्यालय भी आ गए हैं।दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने बताया कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में 93 छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।




हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि गाजा के अधिकारियों का कहना है कि सात अक्तूबर के बाद से गाजा में इस्राइल के सैन्य अभियान में अब तक उनके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों शवों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

लॉस एंजिल्स के पुलिस कप्तान केली मुनीज का कहना है कि विश्वविद्यालय एक निजी परिसर है। समूह कुछ आदेशों का उल्लंघन कर रहा था। इसलिए छात्रों को गिरफ्तार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक व्यक्ति को घातक हथियार से हमला करने के लिए भी गिरफ्तार किया गया। हालांकि, फिलहाल किसी प्रदर्शनकारी या अधिकारी के घायल होने की खबर नहीं है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएससी के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने बुधवार दोपहर को परिसर के एलुमनी पार्क में इकट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गिरफ्तारी का आदेश दिया।

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान तनाव तब बढ़ गया, जब प्रदर्शनकारियों ने अपने टेंट और सामानों को हटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय ने बुधवार शाम को परिसर बंद करवा दिया। वहीं, एलएपीडी ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। अमेरिकी संसद अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कोलंबिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए कोलंबिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मिनोचे शफीक को इस्तीफा देने के लिए कहा। उन्होंने यहूदी विरोधी भीड़ पर अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर कब्जा करने का आरोप लगाया। हालांकि, इस दौरान जॉनसन को छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। छात्रों ने उनके खिलाफ नारे लगाए और संबोधन के दौरान अपशब्द भी कहे।

## न्यूड पार्टी आयोजित कर बुरी फंसी एक्ट्रेस, कोर्ट ने लिया ऐक्शन; लगाया भारी जुर्माना



**मॉस्को, एजेंसी।** रूस की एक अदालत ने न्यूड पार्टी की मेजबानी कर चर्चा में आने वाली टीवी एंकर और एक्ट्रेस अनास्तासिया इविलेवा पर 50,000 रूबल (560 अमेरिकी डॉलर) का गुरुवार को जुर्माना लगाया। अदाकारा पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट में यूक्रेन के साथ शांति का आह्वान कर सेना को बदनाम करने के लिए जुर्माना लगाया गया। इविलेवा के खिलाफ तब जनआक्रोश फूट पड़ा था जब उन्होंने दिसंबर में एक पार्टी की मेजबानी की जिसमें मेहमानों को लगभग निर्वस्त्र अवस्था में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इविलेवा गैर-आपराधिक मामले में अदालत में पेश नहीं हुईं। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के शुरुआती दिनों में शांति और बातचीत का आह्वान करने वाले दो सोशल मीडिया पोस्ट के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया। अदालत ने उन्हें सेना को बदनाम करने वाली टिप्पणियों के संदर्भ में कानून का उल्लंघन करने का दोषी पाया, हालांकि पोस्ट के कई दिन बाद कानून पारित किया गया था। मास्को के एक नाइट क्लब में पार्टी की मेजबानी करने के बाद इविलेवा सुर्खियों में आ गई थीं। उन्होंने जो निमंत्रण पत्र भेजा था उसमें मेहमानों से ड्रेस कोड के तौर पर लगभग निर्वस्त्र अवस्था में आने को कहा गया था। एक जाने-माने रैपर भी बेहद कम कपड़ों में नजर आए थे। जन प्रतिनिधियों, ब्लॉगर और अन्य ने इस तरह के आयोजन की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए युद्ध में उलझे देश के लिए इसे अशोभनीय बताया था।

## सैन एंटोनियो पुलिस की फायरिंग में भारतीय मूल के व्यक्ति की गई जान, पकड़ने की कोशिश करते हुए चलाई गोली

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** सैन एंटोनियो में भारतीय मूल के एक 42 साल के शख्स की पुलिस की गोली लगकर मौत हो गई। दरअसल, पुलिस एक गंभीर मामले में उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थी, तभी उसने अधिकारियों के वाहन को टक्कर मार दी।

21 अप्रैल को पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर द्वारा सचिन साहू को गोली मारने के बाद घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि वह अमेरिकी नागरिक हो सकता है।

सैन एंटोनियो पुलिस विभाग ने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि 21 अप्रैल को शाम करीब साढ़े छह बजे अधिकारियों को घातक हथियार के साथ गंभीर हमले के बारे में एक रिपोर्ट के लिए सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स में एक घर भेजा गया था। जब अधिकारी पहुंचे तो वहां एक 51 साल की महिला मिली, जिसे जानबूझकर एक वाहन से टक्कर मारी गई थी। साहू पर हमले का आरोप था। वह मौके से फरार हो गया था। पीड़िता को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं, पुलिस ने साहू के लिए एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया। कई घंटे बीतने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि साहू घर लौट आया है। सूचना पर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ने की कोशिश की। हालांकि, आरोपी ने भागने की कोशिश की और अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मार दी। इस पर एक अधिकारी ने साहू को गोली मार दी, जिससे उसके मौत हो गई। एक घायल अधिकारी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं, दूसरे का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि जांच अब भी जारी है। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा कि साहू ने अपने साथ रहने वाली महिला को वाहन से कुचल दिया था। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।



## इस्राइल ने राफा पर हमले किए तेज, हमास ने फिर दिया उकसाने वाला बयान

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि इस्राइल अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। आइए जानते हैं अब तक क्या कुछ हुआ।

दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इधर, हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि भले ही इस्राइल ने हमले तेज कर दिए हो पर वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा।

## सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला ने किया अपने विज्ञापन अभियान का शुभारंभ, ओरेगन से हैं कांग्रेस दावेदार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला ने संसदीय चुनाव के लिए अपना पहला विज्ञापन अभियान का शुभारंभ गुरुवार को ओरेगन से किया। सुशीला पहले मल्टनोमा में काउंटी कमिश्नर रही हैं।

ओरेगॉन के तीसरे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में कांग्रेस (संसद) के लिए उम्मीदवार सुशीला जयपाल ने अपने विज्ञापन अभियान में अपने प्रगतिशील कामों और गर्भपात अधिकार कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवा पर प्रकाश डाला। जयपाल ने प्राइमरी मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए टेलीविजन और डिजिटल मंचों पर तीस सेकंड के दो विज्ञापन टॉक अबाउट इट और पर्सनल जारी किए।

टॉक अबाउट इट विज्ञापन में सुशीला की निजी यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि जब वह छोटी थीं तब उन्होंने कैसे गर्भपात कराने का मुश्किल भरा फैसला लिया। इस अनुभव ने उनके वकालत के काम को गहराई से प्रभावित किया, खासतौर पर महिलाओं के गर्भपात के अधिकारों का समर्थन करने में। उनके प्रयासों में दवा सहायता प्राप्त गर्भपात सेवाओं को शुरू करने के लिए एक स्थानीय क्लीनिक के साथ सहयोग करना




शामिल है, जो इसे देश में अपनी तरह का पहला क्लीनिक बनाता है।

दूसरा विज्ञापन पर्सनल उनकी आप्रवासी पृष्ठभूमि के बारे में बताता है। इसमें उन्होंने अपने माता-पिता से मिले सेवा और समानता के मूल्यों, ग्रीन न्यू डील, मेडिकेयर फॉर ऑल जैसी महत्वकांक्षी नीतियों और ठोस समाधानों पर प्रकाश डाला है।

सुशीला ने मल्टनोमा काउंडी बोर्ड के कमिश्नर पद से इस्तीफा दिया था। वह पेशे से वकील भी हैं। वह गर्भपात अधिकार, बंदूक सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर काम कर चुकी हैं। वह कई मौकों पर कह चुकी हैं कि वह कभी भी प्रचार के लिए कॉरपोरेट चंदे को स्वीकार नहीं करेंगी।

## दुनिया में भूख से तड़प रहे 28.2 करोड़ लोग, यूएन की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में खुलासा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं।



वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र ने 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 7,05,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र में खाद्य-कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने कहा, 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत के मुकाबले भूख से तड़पने वालों की यह संख्या अब तक सर्वाधिक है।


अकाल के लिए होंगे मजबूर

# अमेरिका ने भारत की तीन कंपनियों पर लगाई पाबंदी, ईरान के साथ डील करने पर ऐक्शन

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका ने एक दर्जन से ज्यादा ऐसी कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी हैं, जिन्होंने ईरान के साथ कारोबार किया था। इनमें भारत की भी तीन कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों पर आरोप है कि ईरान की ओर से यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को ड्रोन भेजे गए थे और इस डील में इनकी ओर से मदद की गई थी। अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि हमने जांच में पाया है कि इन कंपनियों ने ईरान के साथ रूस की डील में मदद की थी। अमेरिकी विभाग के अनुसार इस डील में मुख्य कंपनी सहारा थंडर थी, जिसने ईरान के ड्रोन्स को दूसरे देशों में बेचने में मदद की।

सहारा थंडर को इस डील में मदद करने का आरोप भारत की तीन कंपनियों जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर लगा है। अमेरिकी एजेंसी के अनुसार ईरानी सैन्य यूनिट सहारा थंडर एक विशाल शिपिंग नेटवर्क वाली कंपनी है। यह ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय (एमओडीएएफएल) की ओर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी), रूस, वेनेजुएला और कई देशों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री करती है।

सहारा थंडर ने कुक आइलैंड्स-ध्वजांकित जहाज सीएचईएम (आईएमओ 9240914) के लिए भारत स्थित ज़ेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाइम-चार्टर के साथ करार किया है। इसका प्रबंधन और संचालन संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेफ सीज़ शिप मैनेजमेंट एफजेडई द्वारा किया जाता है। ट्रेजरी विभाग ने कहा है,



'सहारा थंडर ने 2022 से वस्तुओं के कई जहाज भेजने के लिए सीएचईएम का उपयोग किया है। ईरान स्थित अर्सांग सेफ ट्रेडिंग कंपनी ने सीएचईएम सहित कई सहारा थंडर-संबंधित जहाज परिवहन में सेवाएं प्रदान की हैं।' ट्रेजरी के अनुसार, ईरान स्थित एशिया मरीन क्राउन एजेंसी ने कई सहारा थंडर शिपमेंट में सहयोग करते हुए ईरान के बंदर अब्बास में बंदरगाह एजेंट के रूप में काम किया है। इसमें कहा गया है, 'भारत स्थित सी आर्टशिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और यूएई स्थित कंपनी ट्रांस गल्फ एजेंसी एलएलसी ने सहारा थंडर के समर्थन में जहाजों का प्रबंधन करने के लिए मिलकर काम किया है। इसके एवज में यूएई और ईरान स्थित कोरल ट्रेडिंग ईएसटी ने सहारा थंडर से ईरानी वस्तुएं खरीदी हैं।'

## कनाडा में मुफ्त खाना लेना भारतीय छात्र को पड़ा महंगा, छह दिनों तक कमरे में रहा बंद

**ओटावा, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर गलत जानकारियां अक्सर आग की तरह फैल जाती हैं और फिर उसका खामियाजा किसी न किसी को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही कुछ एक भारतीय डाटा वैज्ञानिक के साथ हुआ। उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाया है। हालांकि, बढ़ते विवाद के बीच अब पढ़ाई के लिए कनाडा गए भारतीय छात्र मेहुल प्रजापति ने सफाई दी है। उन्होंने दावा किया कि यह नस्ली हमला था। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह पिछले छह दिनों से एक कमरे में बंद थे। वह डर की वजह से बाहर नहीं निकल रहे थे।

विवाद की शुरुआत एक वीडियो से होती है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रजापति ने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाने को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में प्रजापति ने बताया था कि वह हर महीने खाने और किराने के सामान में सैकड़ों रुपये बचाते हैं। वीडियो में मेहुल ने बताया था कि वे कैसे हर महीने फूड और ग्रॉसरी में सैंकडों रुपये आसानी से बचा रहे हैं। उन्होंने वीडियो में बताया था कि ये ग्रॉसरी सभी छात्रों के लिए हैं। उन्होंने वीडियो में कहा था, यहां ज्यादातर कॉलेज और यूनिवर्सिटी में फूड बैंक होते हैं, जिन्हें ट्रस्ट, चर्च या नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चलाया जाता है।

टी20 विश्व कप के लिए भारत की संभावित टीम

# रोहित-कोहली कर सकते हैं ओपनिंग

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में हर मैच के साथ पुरुष टी20 विश्व कप चयन के लिए दावेदारों की सूची में एक नया नाम जुड़ जाता है। दूसरी ओर कुछ लोग अपने शानदार प्रदर्शन के माध्यम से अग्रणी बनने की ओर अग्रसर हैं। यह सब अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के लिए पिछले प्रदर्शन के आधार पर या आईपीएल 2024 में मौजूदा फॉर्म के आधार पर खिलाड़ियों को 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देना बड़ी समस्या बना देता है। टी20 विश्व कप के लिए टीम का ऐलान होना अभी बाकी है लेकिन किन सदस्यों को जगह मिल सकती है इस पर नजर डाल लेते हैं-



## रोहित शर्मा (कप्तान)

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस साल फरवरी में घोषणा की थी कि वह मेगा इवेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। आईपीएल 2024 के आठ मैचों में रोहित ने 162.9 की स्ट्राइक रेट के साथ 303 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 105 रन भी शामिल हैं।

## विराट कोहली

रोहित ने अफगानिस्तान श्रृंखला में जयसवाल और गिल के साथ ओपनिंग की, जबकि कोहली ने दो मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की, यह विश्व कप के लिए बदल सकता है। आईपीएल 2024 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी कोहली को रोहित के साथ सलामी बल्लेबाजी करने के लिए अपग्रेड किया जा सकता है।

## सूर्यकुमार यादव

शीर्ष क्रम के पुरुष टी20आई बल्लेबाज पिछले कुछ वर्षों में अपने अपरंपरागत स्ट्रोकप्ले और उससे लगातार रन बनाने के कारण शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। टखने की चोट और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से लौटने के बाद सूर्यकुमार दो शून्य के बावजूद अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हैं जिन्होंने पांच पारियों में 140 रन बनाए हैं।

## ऋषभ पंत

दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना में लगी विभिन्न चोटों से उबरने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से बाएं हाथ का विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में वापस आ रहा है। आईपीएल 2024 के 9 मैचों में पंत ने नौ पारियों में 48.86 के औसत और 161.32 के स्ट्राइक-रेट से 342 रन बनाए हैं। विकेटकीपर के रूप में पंत बेहद प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने 10 कैच लपके और तीन स्टंपिंग की।

## शिवम दुबे

जब से चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें आईपीएल 2022 से पहले अपने साथ जोड़ा है, तब से दुबे टी20 में बल्लेबाजी के मामले में सचमुच उलटफेर कर गए हैं। दुबे को मध्य ओवरों में स्पिन-हिटर होने की भूमिका दी गई थी, जिसमें उन्होंने अपनी लंबी पहुंच और शक्तिशाली शॉट्स की बदौलत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अपने शानदार आईपीएल 2023 के आधार पर उन्होंने भारत की टी20आई टीम में वापसी की और अफगानिस्तान श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया।आईपीएल 2024 में भी दुबे ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बटोरे, खासकर शॉर्ट गेंदों के खिलाफ जो लंबे समय से उनकी दुश्मन रही है।

## हार्दिक पांड्या

तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बल्ले और गेंद दोनों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, साथ ही आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के नेता भी हैं। लेकिन उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी दुबे को प्रभाव खिलाड़ी नियम के कारण आईपीएल 2024 में गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला। इसका मतलब है कि हार्दिक अपने कौशल के कारण 15 सदस्यीय टीम में शामिल हो जाएंगे।आईपीएल 2024 में हार्दिक उतने शानदार हिटर नहीं रहे, जितने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने 8 पारियों में केवल 151 रन बनाए और केवल सात छक्के लगाए। गेंद के साथ उन्होंने केवल 17 ओवर फेंके और 10.94 की इकॉनमी रेट से सिर्फ चार विकेट लिए।

## रिंकू सिंह

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पारी की आखिरी 5 गेंदों पर पांच छक्कों के साथ सुर्खियां बटोरीं। एक ऐसा सीजन जहां उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग कौशल दिखाया। वह साल के अंत में भारत के लिए टी20आई में पदार्पण किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए जिनमें से सात में 176.23 की उच्च स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे। हालांकि उन्हें आईपीएल 2024 में केकेआर के लिए फिनिशर बनने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं।

## रविंद्र जड़ेजा

जडेजा ने आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चार विकेट लिए हैं और बल्ले से 157 रन बनाए हैं जिसमें कई बार बल्लेबाजी करते समय फ्री होने के लिए संघर्ष करना भी शामिल है। वेस्टइंडीज में पहले खेलने और प्रारूप में एक क्लच खिलाड़ी होने का उनका अनुभव, विशेष रूप से उनकी गेंदबाजी को मदद करने वाली परिस्थितियां उन्हें विश्व कप के लिए एक योग्य खिलाड़ी बनाती हैं।

## कुलदीप यादव

आईपीएल 2022 से पहले दिल्ली कैपिटल्स द्वारा चुने जाने के बाद से बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर का इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन रहा है। तब से आईपीएल में मजबूत प्रदर्शन (छह मैचों में 12 विकेट सहित), अंतरराष्ट्रीय वापसी और 5 विकेट लेने के साथ पिछले साल अपने जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विकेट लेने वाले कुलदीप का वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप में भारत के लिए मुख्य स्पिनर बनना निश्चित है।

## जसप्रीत बुमराह

भारत को बुमराह के एक्स-फैक्टर की बहुत कमी खली, जब वह पीठ की चोट के कारण 2022 टी20 विश्व कप से चूक गए थे जिसके लिए सर्जरी की जरूरत थी। लेकिन तब से बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब 2024 टी20 विश्व कप में भारत के लिए नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आईपीएल 2024 में बुमराह आठ मैचों में 13 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

## अर्शदीप सिंह

मोहम्मद शमी अकिलिस सर्जरी से उबर रहे हैं और मोहम्मद सिराज आईपीएल 2024 में सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं, इसका मतलब है कि अर्शदीप की भूमिका उस प्रारूप में बहुत अधिक महत्वपूर्ण होगी जिसने भारतीय टीम में उनके प्रवेश को प्रशस्त किया और 2022 टी20 विश्व कप में 10 विकेट लिए। हालांकि अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ आईपीएल 2024 में भी उनका फॉर्म ऊपर-नीचे होता रहा है, लेकिन पावर-प्ले और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने का अर्शदीप का कौशल विश्व कप में भारत के लिए उपयोगी हो सकता है।

## आवेश खान

आवेश ने आईपीएल 2024 में अपनी डेथ ओवरों की गेंदबाजी में काफी सुधार दिखाया है और 9.41 की इकॉनमी रेट के साथ 8 विकेट लिए हैं, जिसमें उनकी वाइड यॉर्कर और धीमी गेंदें शामिल हैं। डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करने के अलावा, अगर भारतीय टीम सिराज का चयन नहीं करती है तो आवेश जरूरत पड़ने पर बीच के ओवरों में भी दमदार भूमिका निभा सकते हैं।

## यशस्वी जयसवाल

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज का आईपीएल 2024 में लगातार कम स्कोर रहा, लेकिन उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 गेंदों में शतक बनाकर फॉर्म में वापसी की। मिश्रण में शुबमन गिल के साथ मुख्य रूप से विविधता और आक्रामकता के कारण चयनकर्ताओं द्वारा जयसवाल को मंजूरी दी जा सकती है, हालांकि काफी हद तक कोहली-रोहित ओपनिंग कॉम्बिनेशन की मांग उठ रही है।

## अक्षर पटेल

विश्व कप टीम के लिए दावेदारी में विशेषज्ञ लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई हैं, लेकिन अक्षर मुख्य रूप से अपने हरफनमौला कौशल के कारण सबसे आगे हैं। हालांकि उन्होंने गेंद से ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं, लेकिन अक्षर कुलदीप के साथ मिलकर काम करते हुए होल्डिंग का काम करने में सक्षम हैं। बल्ले से उनका तीन पर प्रमोशन मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ क्योंकि उन्होंने 66 का आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और स्पिनरों के खिलाफ खूब बाउंड्री लगाई। इसके अलावा, वह एक बहुत ही उपयोगी क्षेत्ररक्षक भी हैं, जो चहल और बिश्नोई की तुलना में विश्व कप में पहुंचने का उनका दावा मजबूत बनाता है।

# मैंने वो हर बल्ला संभाला है जिससे मैंने शतक लगाया: रिकी पोंटिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही ।2012 में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा कि आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैंने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैंने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है। उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है। उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं और वह भी इस मौके पर मौजूद थे। गांगुली ने अपने पहले बल्ले के बारे में कहा कि मैं 13 साल का था जब पहला बल्ला खरीदा। गेंद को बल्ले से मारकर हवा में जाते देखकर मैं बहुत खुश होता था। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर चल रही है। उसने 9 में से चार मुकाबले जीते हैं। बीते दिनों दिल्ली ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। अब उनके आगामी मुकाबले मुंबई, कोलकाता, राजस्थान, बेंगलुरु और लखनऊ से होने हैं। उन्हें प्लेऑफ में जाने के लिए सभी मुकाबलों में जीतना जरूरी है।

# तीन मेडन ओवर, 0 रन और 7 विकेट, डेब्यू मैच में 17 साल की क्रिकेटर ने बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड

**इंडोनेशिया (एजेंसी)।** इंडोनेशियाई महिला टीम की क्रिकेट गेंदबाज रोहमालिया ने बाली के उदयना क्रिकेट ग्राउंड में 6 मैचों की श्रृंखला के पांचवें टी20आई मैच में मंगोलिया के खिलाफ सबसे उत्कृष्ट गेंदबाजी आंकड़े दर्ज करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 17 वर्षीय रोहमालिया ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को चौंका दिया क्योंकि उन्होंने 24 अप्रैल को अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर 7 विकेट लिए, जो टी20आई क्रिकेट इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े थे। उन्होंने अपने 3.2 ओवर के स्पैल में तीन मेडन ओवर फेंके और एक भी रन नहीं दिया।



दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर रोहमालिया की मदद से इंडोनेशिया की महिलाओं ने मंगोलिया की महिलाओं को 127 रनों से हरा दिया।किशोर सनसनी ने नीदरलैंड के फ्रेडरिक ओवरडिज्क के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2021 में ला मंगा क्लब टॉप ग्राउंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप यूरोप क्षेत्र क्वालीफायर में एक मैच के दौरान फ्रांस के खिलाफ 4-2-3-7 के आंकड़े के साथ रिकॉर्ड बनाया था। रोहमालिया ने ओवरडिज्क, अर्जेंटीना की महिला एलिसन स्टॉक्स और मलेशिया की सियाजरुल एज़ात इद्रस के बाद टी20आई में सात विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज के रूप में इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया। रोहमालिया ने टी20आई डेब्यू में सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया क्योंकि उन्होंने 2019 में मालदीव के खिलाफ नेपाल के लिए अंजलि चंद के 2.1-2-0-6 के स्पैल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

# राहुल द्रविड़ हाफ पैंट और टीशर्ट में वोट डालने के लिए लाइन में लगे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर और फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने आज बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी में अपना वोट डाला। वह कैजुअल कपड़े पहनकर पहुंचे थे, जबकि वोट डालने के लिए कतार में खड़े नजर आए। उनकी सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया और क्रिकेटर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। एक एक्स यूजर ने ऐसा ही एक वीडियो शेयर किया है। उसने लिखा- वोटिंग लाइन में द वॉल, उनका कहना है कि उन्होंने राष्ट्रहित और भारत को वैश्विक नेता बनाने के लिए मतदान किया।वीडियो में द्रविड़ नीली टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए हैं। वह अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए हाथों को क्रॉस करके खड़े हैं। कुछ घंटे पहले शेयर किए जाने के बाद से इस वीडियो को करीब लाख बार से अधिक देखा जा चुका है। इस पोस्ट पर कॉमेंट्स काफी रोचक हैं।राहुल द्रविड़ की क्लिप पर एक्स यूजर्स ने इस तरह प्रतिक्रिया दी-एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, %वह सर्वश्रेष्ठ हैं। एक अन्य ने कहा, यही असली धन है। उसके पास अपना स्थान है। तीसरे ने कहा, मैं उन्हें जानता हूं। वह बहुत विनम्र व्यक्ति हैं। चौथे ने टिप्पणी की, सादगी का साकार रूप। एक अन्य ने कॉमेंट किया- वाह, यह कमाल है ! ऐसे ऊंचे पद पर बैठे किसी व्यक्ति को वास्तविक और व्यावहारिक रूप से व्यवहार करते देखना बहुत अच्छा लगता है। सादगी वाकई सबसे बढ़िया वाइब्स का एहसास कराती है।

# हैदराबाद ने पहली बार एक सीजन में ठोके 100 से ज्यादा छक्के, नजरें विश्व रिकॉर्ड तोड़ने पर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आईपीएल 2024 सीजन में धूम मचा रखी है। बेंगलुरु के खिलाफ राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलते हुए हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जैसे ही पहला छक्का लगाया, हैदराबाद सीजन में 100 छक्के पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। खास बात यह है कि हैदराबाद अब तक किसी सीजन में 100 से ज्यादा छक्के लगा नहीं पाई थी लेकिन इस बार उन्होंने यह जादूई आंकड़ा 8वें मैच में ही हासिल कर लिया। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने 2022 सीजन में 97, 2016 सीजन में 89 तो 2018 सीजन में 88 छक्के लगाए थे। अब 8 मैचों में ही वह 108 छक्के लगा चुकी है।

## सीजन के अनुसार आईपीएल में एक टीम द्वारा सर्वाधिक छक्के

- 2008- पंजाब किंग्स - 15 मैचों में 95 छक्के
- 2009- डेक्कन चार्जर्स - 16 मैचों में 99 छक्के
- 2010- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 97 छक्के
- 2011- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 94 छक्के
- 2012- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 117 छक्के
- 2013- मुंबई इंडियंस - 19 मैचों में 117 छक्के
- 2014- पंजाब किंग्स - 17 मैचों में 127 छक्के
- 2015- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 120 छक्के
- 2016- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 142 छक्के
- 2017- मुंबई इंडियंस - 17 मैचों में 117 छक्के
- 2018- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 145 छक्के
- 2019- कोलकाता नाइट राइडर्स - 14 मैचों में 143 छक्के
- 2020- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 137 छक्के
- 2021- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 115 छक्के
- 2022- राजस्थान रॉयल्स - 17 मैचों में 137 छक्के
- 2023- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 140 छक्के
- 2024*- सनराइजर्स हैदराबाद - 8 मैचों में 108 छक्के

# दिल्ली में फिर बरसेंगे रन या गेंदबाजों के लिए कुछ होगा

## अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स में मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को आईपीएल 2024 फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर वह अंकतालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई का हाल भी कुछ ऐसा ही है। टीम को 8 मैच में 3 जीत मिली है। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर होगा।



### ऐसी होगी दिल्ली की पिच ?

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर इस सीजन दो मैच हुए हैं। दोनों ही मैचों में रनों की बरसात देखने को मिली है। एक बार फिर इस मैदान पर गेंदबाजों का बुरा हाल होना तय दिख रहा है। डे मैच होने की वजह से टॉस जीतने वाली टीम बैटिंग से सकती है क्योंकि दिल्ली की गर्मी में फील्डिंग करना आसान नहीं होगा। पहले बैटिंग करते हुए टीम को जीत हासिल करना है तो इस मैदान पर 220 से ज्यादा का स्कोर बनाना ही होगा।

### दिल्ली के मौसम का हाल

दिल्ली में भयंकर गर्मी पड़ रही है। मैच के दिन अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जाने की उम्मीद है। मैच शुरू होने के समय दोपहर में साढ़े 3 बजे तापमान 3-38 के आसपास रहने की उम्मीद है। मैच खत्म होने के समय भी यह 33 डिग्री के आसपास रहेगा। पहले फील्डिंग करने वाली टीम को चिलचिलाती धूप में मैदान पर आना पड़ेगा। विदेशी खिलाड़ियों को ज्यादा परेशानी हो सकती है।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

दिल्ली कैपिटल्स-ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश दुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

मुंबई इंडियंस-हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3-30 पर शुरू होगा।

# न्यूजीलैंड की 'सी' टीम से हारी पाकिस्तान, टी20 सीरीज में 2-1 से पिछड़ी

**लाहौर (एजेंसी)।** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान के लिए वीरवार की शाम बेहद खराब गुजरी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेल रही पाकिस्तान टीम 2-1 से पिछड़ गई है। सीरीज के चौथे मुकाबले में पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 7 विकेट पर 178 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम 174 रन ही बना सकी। पाक के लिए इमाद वसीम जब क्रीज पर थे तो आखिरी दो गेंदों पर पाकिस्तान को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी। वसीम ने 5वीं गेंद पर चौका लगा दिया लेकिन आखिरी गेंद पर एक ही रन बना पाए। इस तरह पाकिस्तान को 4 रन से हार झेलनी पड़ी। टी 20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण धुल गया था।



बहरहाल, मैच गंवाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि न्यूजीलैंड ने अच्छी शुरुआत की लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छी वापसी की, हम एक लेंथ पर टिके रहे। बल्लेबाजी करते हुए पहले छह ओवरों में हमने काफी विकेट गंवाए, फखर की पारी लाजवाब थी, दुर्भाग्य से हम लक्ष्य का पीछा नहीं कर सके। इमाद ने भी अच्छी पारी खेली। यह एक अलग सतह थी, यहां औसत स्कोर 190 है और हमने उन्हें रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया। चोटों के कारण टीम प्रभावित हुई है लेकिन हमारे लिए युवाओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारी योजना अपनी बेंच स्ट्रेंथ का परीक्षण करने की थी और हमने विभिन्न संयोजनों को आजमाया। हम हर खेल में कुछ नया और अलग प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम टी20 वर्ल्ड कप में जाने से पहले सेटल हो जाएंगे।

वहीं, न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने कहा कि जब आप युवाओं के बारे में सीखते हैं तो टीम दबाव में होती है। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में विशेष रूप से अच्छी गेंदबाजी की और हमें बराबरी के स्कोर पर रोक दिया। जिस तरह से टिम और ब्लंडेल ने शुरुआत की, उन्होंने हमें शीर्ष पर पहुंचा दिया। हम 200 से पार जाने का सोच रहे थे लेकिन हमें रोकने के लिए पाकिस्तानी गेंदबाजों को श्रेय दिया जाता है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी सकारात्मक बात है कि हम नए लोगों को अनुभव दे पा रहे हैं। हमें बैकएंड में गेंदबाजी करते हुए जेम्स नीशम के रूप में एक शानदार ऑलराउंडर मिला। विलियम ओ%रूर्के ने विशेष रूप से शानदार खेल दिखाया और डेथ ओवरों में हमारी गेंदबाजी अच्छी थी।

प्लेयर ऑफ द मैच बने विलियम ओरूर्के ने कहा कि मैंने उन्हें धीमी गेंदें फेंकते देखा और हमने भी धीमी गेंदें फेंकने पर ध्यान केंद्रित किया। नई गेंद अच्छी तरह से स्किड हो रही थी, हमने अच्छी शुरुआत की, गेंद की गति बढ़ने से बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा। हम एक साथ आते हैं और बात करते हैं कि क्या हुआ, हम हर मैच से सीखते हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**न्यूजीलैंड** - टिम रॉबिन्सन, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मार्क चैपमैन, जेम्स नीशम, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), जोश क्लार्कसन, ईश सोढ़ी, जैकब डफी, बेन सियर्स, विलियम ओ%रूर्के

**पाकिस्तान** - सईम अयूब, बाबर आजम (कप्तान), फखर जमान, उस्मान खान (विकेटकीपर), इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, इमाद वसीम, उसामा मीर, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, जमान खान